



खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 4 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 47 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 14 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




ईरान ने यूरोपीय देशों को दी कड़ी चेतावनी पेज 2



अलाना किंग, स्मृति मंधाना वनडे रैंकिंग में टॉप पर खेल टाइम्स



प्राइवेट हॉस्पिटल: खर्चा और उससे जुड़े रोगियों के अधिकार सम्पादकीय



अभी पूरी ताकत से हमला नहीं किया: ट्रम्प पेज 2

# रियाद में अमेरिकी एंबेसी पर हमला

## आग लगी, ईरान के ड्रोन हमले के बाद अमेरिकी एंबेसी बंद

रियाद, वार्ता

**ईरान द्वारा** सऊदी अरब के रियाद स्थित अमेरिकी दूतावास पर मंगलवार सुबह ड्रोन से हमला किया गया, जिसके कारण हल्की आग लगी, गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ है।

सऊदी गैजेट की रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने कहा कि शुरुआती अनुमान के मुताबिक, रियाद में अमेरिकी दूतावास को ड्रोन से लक्षित किया गया है। इस घटना में हल्की आग लगी और इमारत को मामूली नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि रियाद के साउथ में स्थित प्रिंस सुल्तान एयरबेस के पास पांच ड्रोन को मार गिराया गया। इसके अलावा दो ड्रोन के जरिये पूर्वी प्रांत में रास तनुरा ऑयल रिफाइनरी पर हमला करने की कोशिश की गई, लेकिन मार गिराए गए ड्रोन का मलबा गिरने से रिफाइनरी में हल्की आग लग गई। किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अमेरिका जल्द ही ड्रोन हमले का जवाब देगा। रियाद में अमेरिकी दूतावास ने रियाद और जेद्दा में अमेरिकी नागरिकों के लिए एक परामर्श जारी किया है कि वे दूतावास परिसर से दूर रहें और घर के अंदर ही रहें। वहीं रियाद में अमेरिकी दूतावास ने कहा है कि उसने अपने मिशन पर ड्रोन हमले के बाद सेवाएं स्थगित कर दी हैं। इस ड्रोन हमले से पूरे पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ गया है। इस बीच होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग बंद कर दिया गया है और ईरान ने चेतावनी दी है कि इस रास्ते से गुजरने की कोशिश करने वाले जहाजों को निशाना बनाया जाएगा। इस जलमार्ग से दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल गुजरता है। अमेरिकी दूतावास ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि मंगलवार को सभी नियमित और आपातकालीन अपॉइंटमेंट रद्द कर दिए गए हैं और रियाद, जेद्दा तथा धाहरान में उसके मिशन पर घर में ही सुरक्षित रहें के उपाय लागू थे। बयान में कहा गया कि दूतावास पर हमले के कारण अगली सूचना तक इन स्थानों पर जाने से बचें। हम सभी अमेरिकी-नागरिकों को व्यक्तिगत सुरक्षा योजना बनाए रखने की सलाह देते हैं।



■ ड्रोन हमले से पूरे पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ा ■ ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग बंद किया ■ कहा: जो जहाज वहां से गुजरने की कोशिश कर रहे हैं, उन पर हमला होगा

## IRGC का दावा: हमने 650 अमेरिकी सैनिक मार गिराए

**तेहरान।** पश्चिम एशिया की जमीन इन दिनों बारूद की गंध से भरी है। इजरायल और अमेरिका की ओर से ईरान पर जारी सैन्य हमलों और ईरान की जवाबी कार्रवाई का मंगलवार को चौथा दिन था। दोनों देशों की संयुक्त बमबारी तेज हो गई है और अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिया है कि यह अभियान चार-पांच हफ्ते तक चल सकता है।

पूरा क्षेत्र युद्ध जैसे हालात से गुजर रहा है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसके 'ट्रू प्रामिस 4' अभियान के पहले दो दिनों में 650 से अधिक अमेरिकी सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। आईआरजीसी के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नइनी ने कहा कि ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों में खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों और नौसैनिक संपत्तियों को निशाना बनाया गया।

## खामेनेई की हत्या पर भारत की चुप्पी से हैरानी: सोनिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर भारत सरकार की चुप्पी को लेकर सवाल उठाए हैं। दिल्ली की चुप्पी हैरान करने वाली है, यह तटस्थता (न्यूट्रल) नहीं, बल्कि जिम्मेदारी से पीछे हटना है। मंगलवार को एक अखबार में प्रकाशित आर्टिकल में उन्होंने लिखा कि 1 मार्च को ईरान ने पुष्टि की कि उसके सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की एक दिन पहले अमेरिका और इजरायल के टारगेटेड अटैक में हत्या कर दी गई। जब दो देशों की डिप्लोमैट लेवल की बातचीत चल रही हो, तब एक मौजूदा राष्ट्राध्यक्ष की हत्या अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में गंभीर दरार को दिखाती है।

### 14वां रोज़ा

## जन्नत के दरवाज़े पर सब्र की दस्तक है रोज़ा

माशाअल्लाह! माहे-मुबारक रमज़ान का कारवां अब चौदहवें रोज़े तक आ पहुंचा है। रोज़ेदार के लिए वैसे तो हर रोज़ा खुशियों का खजाना है। मगफिरत के इस अशरे में चौदहवां रोज़ा जन्नत के दरवाज़े पर सब्र की दस्तक है। अमूमन 'मझला रोज़ा' भी शुमार किया जाता है। इस की अपनी फजीलत और अज़्मत है। शरई जिसमें हर किसी की बुराई, बदगुमानी, बेईमानी, बेहयाई, ईमान का निशान और इंसानियत की पहचान है। चौदहवें रोज़े तक आते-आते रोज़ेदार सब्र का आदी हो जाता है। इसलिए रोज़ा रोज़ेदार के लिए जन्नत का फरियादी हो जाता है। हदीस की रोशनी में भी रोज़ा जन्नत के दरवाजे पर सब्र की दस्तक है।

### रंगोत्सव



होली/दुल्हैंडी के मौके पर सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद

एस.एन. राना - सम्पादक

## दुबई से 149 यात्रियों को लेकर दिल्ली पहुंची एयर इंडिया की उड़ान

**नई दिल्ली।** दुबई में फंसे 149 यात्रियों को लेकर एयर इंडिया का एक विमान मंगलवार सुबह दिल्ली पहुंचा। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 916डी मंगलवार की सुबह 10:58 पर दिल्ली के इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। इसमें कुल 157 लोग सवार थे।

### अवकाश सूचना

दुल्हैंडी (होली) के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 6 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

























## संक्षिप्त समाचार

### आंगलांग अदरक पहली बार पहुंची लंदन के बाजार में

**नई दिल्ली।** असम की विशिष्ट भौगलिक पहचान (जीआई) प्रमाणित कर्बी आंगलांग की अदरक का निर्यात ब्रिटेन के बाजार में शुरू हो गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि जीआई टैग वाली कर्बी आंगलांग की 1.2 टन की पहली खेप लंदन निर्यात की गई है। गोयल ने इसे देश के कृषि निर्यात के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसानों को वैश्विक बाजार से जोड़ने और वोकल फॉर लोकल को लोकल टू ग्लोबल बनाने (स्थानीय माल को देश में प्रचारित करने और उसे विश्व बजार तक पहुंचाने) के संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली एजेंसी एपीडा के सतत प्रयासों से पूर्वोत्तर भारत के उत्पादों को नई पहचान और किसानों को उनके परिश्रम का बेहतर मूल्य मिल रहा है।

### कान्हा की नगरी में होली की धूम, युवा रंगों में सराबोर

**मथुरा।** ब्रजमंडल में होली का रंगोत्सव हर्षोल्लास के साथ खेला गया। मंगलवार को चतुर्वेदी समाज का पारंपरिक डोला बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़े के साथ निकाला गया। इस दौरान लोगों ने डीजे पर डांस किया, पिछले कई दशकों से चतुर्वेदी समाज के लोग डोला निकालकर होली का आनंद लेते हैं। तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पाठक ने बताया कि होली का रंग ब्रज में अनोखा है और होली मनाने के लिए देश और विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं। मंगलवार को चतुर्वेदी समाज का पारंपरिक डोला शहर में निकाल गया। उन्होंने कहा कि चतुर्वेदी समाज के बहुत से लोग विदेश में फंसे हुए हैं, मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि युद्ध खत्म हो।

### अमेरिका-इजरायल का साथ दिया, तो माना जाएगा युद्ध की कार्रवाई

# ईरान ने यूरोपीय देशों को दी कड़ी चेतावनी

**तेहरान, वार्ता**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच ईरान ने यूरोपीय देशों को सीधी चेतावनी दी है। तेहरान ने साफ कहा है कि अगर यूरोप ने अमेरिका और इजरायल के सैन्य अभियान में किसी भी रूप में भाग लिया, तो इसे ईरान के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। यह बयान ऐसे समय आया है जब क्षेत्र में हमले और जवाबी कार्रवाई लगातार बढ़ रही है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माइल बकाई ने प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि 'डिफेंसिव एक्शन' के नाम पर भी अगर कोई देश अमेरिका-इजरायल अभियान में शामिल होता है, तो उसे आक्रामकता माना जाएगा। उन्होंने कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता और



**ईरान के नतांज परमाणु केंद्र को पहुंचा नुकसान, सैटेलाइट तस्वीरों से उपजी चिंता, आईएईए ने पुष्टि की**

सुरक्षा की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। यह प्रतिक्रिया जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे ईरान की मिसाइल और ड्रोन क्षमता को खत्म करने के लिए आवश्यक कदम उठा सकते हैं। ईरान ने इसे सीधे तौर पर युद्ध में शामिल होने की तैयारी बताया है। जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन ने स्पष्ट किया है कि वे सीधे युद्ध में शामिल नहीं हैं। हालांकि उन्होंने यह संकेत दिया है कि जरूरत पड़ने पर अमेरिका को अपने सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करने की अनुमति दी जा सकती है। यूरोपीय संघ ने सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। ब्रिटेन ने अमेरिकी बलों को अपने बेस इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है। वहीं फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने कहा है कि यदि सहयोगी देश मदद मांगते हैं, तो फ्रांस उनकी रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि फ्रांस अपने नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देगा। फ्रांस ने बताया कि प्रभावित देशों में लगभग चार लाख फ्रांसीसी नागरिक मौजूद हैं। हालात बिगड़ने पर उन्हें वाणिज्यिक और सैन्य उड़ानों के जरिए निकाला जा सकता है। इसी बीच क्षेत्र में हमलों का सिलसिला जारी है और रियाद में अमेरिकी दूतावास पर ड्रोन हमले से तनाव और बढ़ गया है। ईरान का कहना है कि वह किसी भी बाहरी दखल को स्वीकार नहीं करेगा। यूरोप की संभावित भूमिका को लेकर आने वाले दिनों में हालात और स्पष्ट हो सकते हैं।

### वैश्विक गैस बाजारों में भारी उछाल

**मस्कट।** खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा संरचनाओं पर हुए सिलसिलेवार ड्रोन हमलों के बाद वैश्विक गैस बाजारों में भारी उथल-पुथल देखी गई है। ओमान के डुक्म बंदरगाह स्थित एक तेल भंडारण सुविधा को यूएवी द्धड्रोनत्र हमले में नुकसान पहुंचा है। सरकारी समाचार एजेंसी ओमान न्यूज एजेंसी द्धओएनएत्र ने एक सुरक्षा सूत्र के हवाले से बताया कि हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और भंडारण टैंक को हुआ नुकसान नियंत्रण में है। इस बीच, कतर की सरकारी ऊर्जा कंपनी कतर एनर्जी ने ईरान पर आरोपित ड्रोन हमलों के बाद तरलीकृत प्राकृतिक गैस द्धएलएनजीत्र का उत्पादन अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया है। कंपनी ने कहा कि रास लफान इंडस्ट्रियल सिटी और मेसईद इंडस्ट्रियल सिटी स्थित उसकी परिचालन इकाइयों को निशाना बनाए जाने के बाद एलएनजी और संबद्ध उत्पादों का उत्पादन रोक दिया गया है। डच और ब्रिटिश थोक गैस कीमतों में करीब 50 प्रतिशत तक उछाल आया, जबकि एशियाई एलएनजी बेंचमार्क कीमतों में लगभग 39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

# अभी पूरी ताकत से हमला नहीं किया, हमारी सबसे बड़ी सेना

**वॉशिंगटन/तेहरान।**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिकी सुरक्षा बल ईरान को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, लेकिन सैन्य अभियान का सबसे तीव्र चरण अभी शुरू होना बाकी है।

ट्रम्प ने सीएनएन को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि कार्रवाई 'बहुत प्रभावी' है और अमेरिका अपनी सैन्य शक्ति का उपयोग कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि शुरुआती हमलों में अमेरिका ने राजनीतिक और सैन्य हस्तियां सहित 49 ईरानी नेताओं को समाप्त कर दिया है। श्री ट्रम्प ने कहा कि अगला चरण शीघ्र आने वाला है। उन्होंने इसे षबिग वेवष करार देते हुए कहा, ष्हमने अभी तक उन्हें पूरी ताकत से नहीं मारा है। बड़ी कार्रवाई अभी बाकी है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि ईरान द्वारा बहरीन, जॉर्डन, कुवैत, कतर और संयुक्त अरब अमीरात सहित अरब देशों पर मिसाइल और ड्रोन हमले 'सबसे बड़ा आश्चर्य' रहे। ट्रम्प ने संघर्ष की अवधि पर कहा कि वह इसे लंबा नहीं देखना चाहते और उनका अनुमान था कि यह लगभग चार सप्ताह तक चलेगा। इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि इजरायल के साथ समन्वय में किए गए पूर्वव्यापी हमलों का उद्देश्य ईरानी खतरे को निष्क्रिय करना

**ईरान के साथ चार हफ्ते तक चलेगा युद्ध**

और अमेरिकी बलों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। उन्होंने कहा कि अमेरिका को आशंका थी कि यदि इजरायल कार्रवाई करता तो ईरान अमेरिकी ठिकानों पर जवाबी हमला करता, इसलिए पहले प्रहार किया गया। रूबियो ने कहा कि अभियान का मुख्य ध्यान ईरान की कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता और उसकी नौसेना से उत्पन्न खतरे को समाप्त करना है। अमेरिकी सेना ने इस संघर्ष में छह अमेरिकी सैनिकों की मौत की पुष्टि की है, जबकि ईरानी रेड क्रिसेंट सोसायटी के अनुसार ईरान में 500 से अधिक लोग मारे गए हैं। अमेरिका में इस कार्रवाई पर राजनीतिक मतभेद स्पष्ट हैं। रिपब्लिकन नेताओं ने ट्रम्प के कदम का समर्थन किया है, जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता चक श्यूमर ने इसे 'चयनित युद्ध' बताते हुए प्रशासन के बयानों को अपर्याप्त करार दिया।

# पृथ्वी संरक्षण को मिलकर काम करने की जरूरत

**नई दिल्ली, वार्ता**

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने वन्यजीवों के संरक्षण को पारिस्थितिकी संतुलन के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि पृथ्वी का संरक्षण सबकी जिम्मेदारी है और इसके लिए सबको मिलकर निरंतर काम करने की जरूरत है।

यादव ने विश्व वन्यजीव दिवस पर मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में इस दिवस को पृथ्वी की अद्भुत जैव विविधता का उत्सव बताया और कहा कि वन्यजीवों का संरक्षण न केवल पारिस्थितिकी संतुलन के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह एक साझा जिम्मेदारी भी है, जिसके लिए सभी के लगातार प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी समृद्ध पारिस्थितिकी को खतरे में डालने वाले सभी खतरों के प्रति सचेत है, इसलिए



**वन्य जीवों का संरक्षण सभी की जिम्मेदारी: यादव**

वह न केवल अपने पास मौजूद संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध हैं, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली के लिए महत्वपूर्ण प्रजातियों के संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विश्व वन्यजीव दिवस हर साल तीन मार्च को वन्य जीवों और पौधों के पर्व के रुप में मनाया जाता है। इस मौके पर हर साल लोगों और ग्रह के लिए वन्यजीवों की अनूठी भूमिकाओं और योगदानों की पहचान की जाती है।

# कार्यवाही का सीधा प्रसारण हो: केजरीवाल

## 'फांसी घर' मामले में समन पर आप संयोजक की मांग

**नई दिल्ली, वार्ता**

दिल्ली विधानसभा में कथित फांसी घर मामले में जारी समान पर अरविंद केजरीवाल 6 मार्च को विधानसभा की प्रिविलेज कमेटी के सामने पेश होंगे। इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसमें समिति को पत्र लिखा है। इसमें दिल्ली के पूर्व सीएम लिखते हैं कि दिल्ली प्रदूषण से जूझ रही है, सड़कें टूटी पड़ी हैं, हर तरफ कूड़े के ढेर हैं, अस्पतालों में दवाइयां नहीं हैं।

अरविंद केजरीवाल इसी पोस्ट में आगे लिखते हैं कि दिल्ली विधानसभा ने फांसी घर पर प्रश्न पूछने के लिए मुझे बुलाया है। मैंने विशेषाधिकार समिति को पत्र लिखकर सूचित कर दिया है कि उनके समन के अनुसार मैं 6 मार्च को उपस्थित रहूंगा। पारदर्शिता को ध्यान में



रखते हुए समिति से मेरी विनती है कि कार्यवाही का सीधा प्रसारण किया जाए। अरविंद केजरीवाल ने अपने पत्र में विशेषाधिकार समिति से कहा कि असेंबली के रूल्स ऑफ प्रोसीजर एंड कंडक्ट ऑफ बिजनेस के रूल 172 और 220 के तहत जारी समन मुझे मिला है। इस नोटिस के अनुसार मैं 6 मार्च को दोपहर 3 बजे बताई गई जगह पर कमिटी ऑफ प्रिविलेज के सामने पेश होऊंगा। उन्होंने कहा कि मेरे पेश होने से मेरे कानूनी और संवैधानिक अधिकारों, उपायों, आपत्तियों और दलीलों पर कोई असर नहीं पड़ेगा, जो सभी साफ तौर पर रिजर्व हैं। ट्रांसपेरेंसी और पब्लिक अकाउंटेबिलिटी के हित में मैं रिक्वेस्ट करता हूं कि इस मामले में कमेटी की कार्यवाही को लाइव-स्ट्रीम किया जाए।

**क्या है फांसी घर विवाद?**

मामला अगस्त 2020 का है। आम आदमी पार्टी सरकार ने विधानसभा परिसर में एक स्ट्रक्चर को ब्रिटिश काल का फांसी घर बताते हुए उद्घाटन किया था। हालांकि इसे लेकर बीजेपी का कहना है कि यह फांसी घर नहीं, बल्कि पुराना टिफिन रूम था। इसे गलत तरीके से फांसी घर बताया गया और जनता को गलत जानकारी दी गई। बीजेपी ने इस मामले में आम आदमी पार्टी पर एक और गंभीर आरोप लगाया। बीजेपी ने कहा कि तब की आम आदमी पार्टी सरकार ने इसके रेनोवेशन पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया। इसकी जांच के लिए विशेषाधिकार समिति बनी है।

### उत्तर प्रदेश के 10 जिलों में जल्द पूरा होगा स्मार्ट सिटी का काम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लिए एक अच्छी बात यह है कि स्मार्ट सिटी स्कीम के तहत शुरू होने वाले 99 प्रतिशत प्रोजेक्ट्स शुरू हो गए हैं। 15 मार्च की डेडलाइन का पीछा करते हुए, शहरी विकास विभाग के किए गए नए रिव्यू में पाया गया कि शहरी निवासियों के जीवन को आसान बनाने के लिए मंजूर किए गए कुल 682 प्रोजेक्ट्स में से 677 पूरे हो गए हैं। बाकी पांच प्रोजेक्ट्स में से तीन का उद्घाटन एक हफ्ते के अंदर हो सकता है, जबकि बाकी भी 14 मार्च तक चालू हो जाएंगे। इस स्कीम में, यूपी में नगर निगमों द्वारा चलाए जाने वाले 10 शहरों को शामिल किया गया था। आगरा, अलीगढ़, बरेली, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और वाराणसी को इस स्कीम के तहत शामिल किया गया था।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 81287.19
**निफ्टी** 25178.65



**सोना** 164170
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 315000
प्रति किलो



# पॉलिसी सपोर्ट और इन्वेस्टमेंट से एग्री-इनोवेशन का हब बनेगा उप्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार का दावा है कि राज्य में 156 रजिस्टर्ड एग्री स्टार्टअप एक्टिव हैं, जो किसानों को क्रेडिट फैसिलिटी, एडवाइजरी सर्विस और डिजिटल सॉल्यूशन दे रहे हैं। योगी सरकार के इन पहलों ने खेती को ज्यादा प्रॉफिटेबल और सस्टेनेबल बनाने के लिए एक मजबूत नींव रखी है।

राज्य सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक खेती को ट्रेडिशनल फेमवर्क से आगे बढ़ाने और इसे टेक्नोलॉजी-ड्रिवन मॉडल के साथ इंटीग्रेट करने पर जोर दिया है। स्टार्टअप के जिरए, किसानों को समय पर क्रेडिट, फसल मैनेजमेंट सलाह और डायरेक्ट मार्केट लिंकेज मिल रहे हैं। इससे छोटे और मार्जिनल किसानों की ट्रेडिशनल साहूकारों पर निर्भरता कम हुई है और ट्रांसपेरेंट फाइनेंशियल सर्विस तक पहुंच पक्की हुई है। बयान में बताया गया है कि एग्रीकल्चर एक्सपर्ट्स के मुताबिक, डिजिटल

**किसानों को क्रेडिट सुविधा व डिजीटल सुविधा दे रहे हैं**

प्लेटफॉर्म बेस्ड सर्विसेज ने गांव के इलाकों में जानकारी को और आसान बना दिया है। मौसम का अनुमान, फसल चुनने में गाइडेंस और बीज और फर्टिलाइजर से जुड़ी सलाह अब मोबाइल एप्लीकेशन और कॉल सेंटर के जिरए मिल रही है। बयान के मुताबिक इससे प्रोडक्शन कॉस्ट कम करने और प्रोडक्टिविटी बढ़ाने की संभावना बढ़ गई है। राज्य सरकार का मानना है कि टेक्नोलॉजी-बेस्ड दखल से एग्रीकल्चर सेक्टर को लंबे समय तक स्टेबिलिटी मिलेगी। स्टार्टअप पॉलिसी, इन्वेस्टमेंट इंसेंटिव और स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के जिरए, सरकार युवाओं को एग्रीकल्चर एंटरप्रेन्योरशिप अपनाने के लिए बढ़ावा दे रही है। इससे गांव के इलाकों में सेल्फ- एम्प्लॉयमेंट के मौके बढ़े हैं और एग्रीकल्चर को एक मॉडर्न बिजनेस के तौर पर स्थापित करने की कोशिशें आगे बढ़ी हैं।

# सोना और चांदी के दाम में लगे पंख

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी के दाम में फिलहाल पंख लग गए है। मंगलवार के दिन भी सर्राफा बाजार खुलते ही सोने और चांदी के दामों में तेजी देखी गई है। सोने की कीमतों में फिलहाल सबसे ज्यादा उछाल देखा जा रहा है। सोना लगातार चार दिनों से महंगा हो रहा है। 24 कैरेट सोना 1,64,170 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बिका है।

कल यह कीमत 1,63,960 रुपए थी। यानि दामों में 210 रुपए का इजाफा हुआ है। 3 मार्च के दिन 1 किलो चांदी की कीमत 315000 रुपए है। चांदी के दामों में लगातार बदलाव दिख रहा है। सर्राफा बाजार में कीमत बढ़ी है। चांदी के दाम आने वाले दिनों में और बढ़ सकते हैं। सोने और चांदी कीमतों में फिलहाल दो तरह का असर दिख रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ईरान-इजराइल जंग का असर सोना और चांदी पर है। वहीं दूसरी तरफ शादियों का सीजन होने की वजह से भी सोने और चांदी कीमतों में बदलाव दिख रहा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि पिछले कुछ सेशंस में तेजी के बाद इनवेस्टर्स अब मुनाफावसूली कर रहे हैं, जिससे चांदी में नरमी देखने को मिल रही है। हालांकि जियोपॉलिटिकल टेंशन बढ़ रहा है। इससे सोने और चांदी की कीमतों को सपोर्ट मिलेगा। उधर डॉलर में मजबूती आई है, जिसका असर सोने और चांदी की कीमतों पर पड़ा है। डॉलर में मजबूती आने पर सोने और चांदी की चमक फीकी पड़ती है, जबकि डॉलर में कमजोरी आने पर कीमती मेटल्स की चमक बढ़ जाती है।

# योगी सरकार ने तोड़ा रिकॉर्ड 62.30 लाख मी. टन धान खरीदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खरीफ मार्केटिंग सीजन 2025-26 के लिए धान खरीद का प्रोसेस पूरा हो गया है। अधिकारियों का दावा है कि किसान हितैषी योगी सरकार ने खरीद टारगेट को काफी ज्यादा पार करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

अधिकारियों के अनुसार 60 लाख मीट्रिक टन के तय टारगेट के मुकाबले सरकार ने 62.30 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा। बदले में, किसानों को करीब 15,000 करोड़ का पेमेंट किया गया है। उत्तर प्रदेश में खरीद का प्रोसेस 28 फरवरी को खत्म हो गया। अधिकारियों ने बताया कि पूरे राज्य में 4,869 खरीद सेंटर के जिरए 10.53 लाख किसानों से 62.30 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया। खरीद रेट कॉमन ग्रेड के लिए 2,369 प्रति क्विटल और ग्रेड। धान के लिए 2,389 प्रति क्विटल था। किसानों को कुल 14,886.35 करोड़ का पेमेंट ट्रांसफर किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**किसानों को 133370 करोड़ का भुगतान किया गया**

के निर्देश पर, 48 घंटे के अंदर डीबीटी के जिरए सीधे किसानों के बैंक अकाउंट में पेमेंट किया गया। इस सिस्टम से बिचौलियों की भूमिका खत्म हो गई और किसानों को समय पर पेमेंट मिला। सरकार का दावा है कि कुल 12,82,892 किसानों ने अपना धान बेचने के लिए रजिस्टर किया। फूड एंड सिविल सप्लाइज डिपार्टमेंट के मुताबिक धान बेचने के लिए ओटीपी-बेस्ड सिगल रजिस्ट्रेशन सिस्टम लागू किया गया था। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के डिवीजन और हरदोई, लखीमपुर खीरी और सीतापुर जैसे जिलों में 31 जनवरी तक खरीद जारी रही। वहीं चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर, देवीपाटन, बस्ती, आजमगढ़, वाराणसी, मिर्जापुर, प्रयागराज डिवीजन के साथ-साथ लखनऊ, रायबरेली और उन्नाव जिलों में 28 फरवरी तक खरीद जारी रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# मिडिल ईस्ट में फंसे भारतीयों के लिए हेल्पलाइन नंबर

**नई दिल्ली, वार्ता**

अमेरिका- इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष का असर कई खाड़ी देशों पर पड़ रहा है। कुवैत, ओमान, सऊदी अरब, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात में हालात प्रभावित हुए हैं। इन देशों में लाखों भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं। जिनमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के कुछ सदस्य भी शामिल हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत के लगभग 96 लाख नागरिक पश्चिम एशिया में रहते हैं, जो जारी सैन्य टकराव के चलते किसी न किसी रूप में प्रभावित हुए हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कहा है कि वह इस कठिन समय में प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। जरूरतमंद लोग संबंधित देशों में भारतीय दूतावास द्वारा जारी इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा आईएमए के सदस्य सहायता के लिए

**भारतीय दूतावास के आपातकालीन संपर्क नंबर**

कुवैत- +965-65501946
ओमान- +968-98282270, 80071234 (टोल फ्री)
सऊदी अरब- 00-966-11-4884697, 00-966-542126748, 8002471234 (टोल फ्री, केवल व्हाट्सएप)
बहरीन- 00973-39418071
संयुक्त अरब अमीरात-800-46342 (टोल फ्री) +971543090571

**भारत के लगभग 96 लाख नागरिक पश्चिम एशिया में हैं**

ऑनरेरी फाइनेंस सेक्रेट्री डा. पीयूष जैन से भी संपर्क कर सकते हैं। ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर फिलहाल भारतीय नागरिकों पर भी साफ दिखने लगा है। भारत के लगभग 96 लाख नागरिक पश्चिम एशिया में रहते हैं, जो जारी सैन्य टकराव के चलते किसी न किसी रूप में प्रभावित हुए हैं। इनमें बड़ी संख्या में छात्र, यात्री और खाड़ी देशों में काम करने वाले माइग्रेंट्स शामिल हैं। मौजूदा स्थिति को देखते हुए सबसे ज्यादा छात्रों की हालत खराब है, वो हर समय दहशत में जी रहे हैं। भारत में उनके परिजन भी इसी बात से परेशान हैं। इनमें से करीब 40 लाख भारतीय यूएई में ही बसे हुए हैं। भारतीय बड़ी संख्या में सऊदी अरब, कतर, ओमान और कुवैत जैसे देशों में भी काम करते हैं। मौजूदा संकट के चलते इन देशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। हालांकि भारत सरकार इन देशों के अधिकारियों के संपर्क में है। उन्होंने भारतीयों को भरोसा दिलाया है कि हालात बेहतर होते ही उन्हें वहां से निकाल लिया जाएगा।

# अमेरिका-इजराइल की कार्रवाई गलत: उमर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर की गई सैन्य कार्रवाई को गलत ठहराया है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के शीर्ष नेता की हत्या करना उचित नहीं है। उमर अब्दुल्ला ने सवाल उठाया कि अगर अमेरिका और इजराइल की यह कार्रवाई सही मानी जाती है, तो फिर रूस द्वारा यूक्रेन के खिलाफ की गई कार्रवाई को भी सही ठहराया जाएगा? और अगर भविष्य में भारत भी इसी तरह का कदम उठाए, तो क्या उसे भी जायज कहा जाएगा?

सीएम ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय विवादों का समाधान सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि बातचीत और कूटनीति से होना चाहिए। विदेशों में पढ़ रहे छात्रों को लेकर उन्होंने बताया कि कई छात्र, जिनमें मेडिकल के विद्यार्थी भी शामिल हैं, वहां मौजूद हैं। सरकार उनके



संपर्क में है और उनकी सुरक्षा को लेकर लगातार निगरानी रखी जा रही है। सीएम ने बताया कि छात्रों के परिजनों से भी लगातार बातचीत की जा रही है। परिजनों से कहा गया है कि उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है। सरकार उनके बच्चों को लाने की पूरी कोशिश कर रही है। केंद्र सरकार को भी इस पूरे मामले से अवगत करा दिया गया है। कश्मीर में मौजूदा हालात पर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि कुछ लोग माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे लोगों को शांति बनाए रखने में सहयोग करना चाहिए, ताकि घाटी में अमन-चैन कायम रहे।

# उप्र में होलिका दहन संपन्न आज उड़ेगा अबीर-गुलाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में होलिका दहन मंगलवार सुबह तक संपन्न हो गया, जबकि रंग बुधवार को खेला जाएगा। होलिका दहन कुछ स्थानो पर सोमवार मध्य रात्रि के बाद हुआ जबकि कुछ एक जगह पर मंगलवार भोर चार बजे होली में आग लगाई गई।

चंद्रग्रहण का सूतक लगने के कारण कुछ स्थानो पर आज शाम छह बजे के बाद होलिका दहन का कार्यक्रम होगा। हालांकि रंगों की बौछार और अबीर गुलाल की मस्ती बुधवार को होगी। इस साल का पहला चंद्र ग्रहण आज लगा, इसलिए ग्रहण के कारण होली से जुड़े काम रोक दिए गए हैं। यह आंशिक चंद्र ग्रहण होगा जो भारत के कुछ हिस्सों में दिखा, ग्रहण दोपहर 3:20 बजे से शाम 6:46 बजे तक रहा, जिसका सूतक काल आज भोर छह बजकर 20 मिनट पर शुरू हो गया। ग्रहण भारत में कहीं भी दिखाई नहीं दिया, क्योंकि यह चांद निकलने से पहले समाप्त हो गया। ज्योतिषी एसएस नागपाल ने बताया कि पूर्ण चंद्र ग्रहण का अंत भारत के सुदूर पूर्वी हिस्सों में दिखाई दिया। देश के बाकी हिस्सों में, केवल आंशिक चंद्र ग्रहण का अंत दिखाई दिया। यह ग्रहण पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया, प्रशांत महासागर और अमेरिका में दिखाई देगा।

### होली पर डीजीपी राजीव कृष्ण की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डीजीपी राजीव कृष्ण ने होली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंग, उमंग और आपसी विश्वास का यह पर्व प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि होली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाला उत्सव है, जो आपसी सौहार्द और सद्भाव को मजबूत करता है। डीजीपी ने आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश पुलिस प्रदेशवासियों के सुरक्षित और शांतिपूर्ण उत्सव के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। पूरे प्रदेश में पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है, ताकि सभी लोग अपने परिवार और प्रियजनों के साथ सुरक्षित वातावरण में होली मना सकें। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि प्राकृतिक और सुरक्षित रंगों का ही उपयोग करें, किसी की इच्छा के विरुद्ध रंग न लगाएं तथा यातायात नियमों का पालन करें।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



14वां रोज़ा इफ्तार
04 मार्च बुधवार
सुन्नी...................... 06:23
शिया...................... 06:35

15वां रोज़ा सहरी
05 मार्च गुरूवार
सुन्नी...................... 05:15
शिया...................... 04:21



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# बेकाबू वाहन ने युवक को कुचला, नहीं हुई मृतक की शिनाख्त

## होली पर कम ट्रैफिक होने के बावजूद हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे राहगीर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वाहन चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी वाहन का पता लगाया जा सके।शिनाख्त न होने की स्थिति में पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मृतक के हुलिए और कपड़ों के आधार पर आसपास के थानों और गांवों में सूचना भेज दी गई है ताकि उसके परिजनों का पता लगाया जा सके और उन्हें इस दुखद हादसे की जानकारी दी जा सके।मेरठ रोड के किनारे पैदल जा रहा था, तभी पीछे से आए एक अनियंत्रित वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। मौके से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने जब सड़क पर लहूलुहान शव देखा, तो तुरंत स्थानीय




पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने वहां मौजूद भीड़ और स्थानीय लोगों की मदद से मृतक की पहचान कराने का काफी प्रयास किया, लेकिन काफी देर तक चली मशक्कत के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।



मुजफ्फरनगर: देर रात मंत्रोच्चारण के बीच होली का दहन किया गया।

# सात समुंदर पार खाड़ी देशों में फंसे लोगों के लिए परिजन बैचेन

## राम कुमार सर्राफ व कुंज बिहारी अग्रवाल के पुत्र दुबई में फंसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** ईरान और अमेरिका-इजरा. इल के बीच जारी युद्ध का असर जनपद में भी दिखाई देने लगा है खाड़ी देशो में उड़ानों पर रोक ने जिले के हजारों कामगारों का स्वदेश में ईद मनाने के सपनो पर पानी फेर दिया है। कुवैत और दुबई में जिले के हजार ऑन युवा काम करने के लिए गए हुए हैं। युद्ध के बाद वहां रहने वाले युवाओं के परिजनों के चिंताएं बढ़ गई हैं, जिले के मोरना के गांव तिस्सा और शहर के मल्हुपुरा सहित चरथावल के गांव कोटेश्वर के ढाई हजार से अधिक लोग दुबई, कुवैत और सऊदी अरब के साथ ईरान काम करने गए हुए हैं। यह लोग ज्यादातर ईद पर अपने घर और गांव में आकर त्यौहार मनाते थे, लेकिन इस बार उड़ानों पर रोक लगने के बाद ईद की खुशियों पर भी रोक लग गई है।प्रतिष्ठित व्यापारी राम कुमार सर्राफ के पुत्र संजय तथा वरिष्ठ समाजसेवी कुंज बिहारी अग्रवाल के सुपुत्र राजन जी छुट्टियां मनाने दुबई गए थे, जहां वर्तमान परिस्थितियों के कारण वे वहां फंस गए हैं।

परिवारजनों की चिंता को देखते हुए प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने राम कुमार सर्राफ के सिद्धार्थ कॉलोनी स्थित आवास पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने आवश्यक प्रशासनिक स्तर पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का भी आश्वासन दिया।



# कैबिनेट मंत्री ने मृतक शिवम के घर पहुंचकर जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** उत्तर प्रदेश सरकार कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने मंगलवार को मृतक शिवम के घर पहुंचकर शोक व्यक्त कर शोक. ाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है ।

गोरतलब है कि गुजरे सोमवार के तड़के नगर के प्रसिद्ध कपड़ा कारोबारी शिवम माहेश्वरी का हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया था . जिनकी खबर पाकर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने मंगलवार को मृतक शिवम माहेश्वरी के निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने शोक-संतप्त परिवार से मिलकर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इस गहरे सदमे मे डूबे परिवार को ढांढस बंधाते हुए उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

उन्होंने परिवारजनों को इस कठिन घड़ी में धैर्य और साहस बनाए रखने का तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। इस दौरान शोक सभा मे यूपी रत्न एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. संदीप वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय पंवार, मंडल महामंत्री विपिन गोयल, धीरसिंह गुर्जर,सचिन प्रधान धमात, राष्ट्रीय लोकदल नेता अमित गोयल, निर्दोष जैन, अमित कश्यप, शिवकुमार पाल, नदीम गौड़, डॉ. नूर हसन सहित अन्य प्रमुख लोग शामिल रहे । इस दौरान अस्वथ्य चल रहे भाजपा नेता सुशील वर्मा के निवास पर पहुंचकर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर उनके स्वाथ्य के विषय मे जानकारी कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने मंत्री जी के संवेदनशील एवं मानवीय दृष्टिकोण की सराहना की तथा उनके प्रति आभार व्यक्त किया।



# होली पर मंत्री कपिल की अनूठी पहल

## ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवानों संग मनाया रंगोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** होली के पावन पर्व पर जहां पूरा देश रंगों के उत्सव में सराबोर है, वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने एक प्रेरणादायी पहल करते हुए अपना समय उन पुलिसकर्मियों के साथ बिताया, जो आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सड़कों और प्रमुख चौराहों पर मुस्तैदी से तैनात रहे। अपनी विधानसभा क्षेत्र मुज़फ्फरनगर में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने शिव चौक, महावीर चौक सहित विभिन्न प्रमुख स्थानों का भ्रमण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं जवानों से भेंट की और उनके साथ होली की खुशियां साझा कीं।

इस अवसर पर मंत्री ने पुलिसकर्मियों को अपने हाथों से पारंपरिक गुंजिया खिलाई और मिठाई वितरित कर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उनके इस आत्मीय व्यवहार से जवानों के चेहरे खिल उठे और कुछ समय के लिए चौराहों पर उत्सव जैसा सौहार्दपूर्ण वातावरण बन गया। मंत्री कपिल देव ने कहा कि जब पूरा समाज परिवार के साथ त्योहार का आनंद लेता है, तब हमारे पुलिसकर्मी अपनी खुशियों का त्याग कर नागरिकों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में समर्पित रहते हैं।

उन्होंने पुलिस बल के साहस, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सतर्कता के कारण ही होली जैसे बड़े त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होते हैं। अंत में मंत्री कपिल देव ने समस्त प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और आपसी सौहार्द के रंग भर दे।



### होली के दिन भी पुरातन छात्र करते रहे साफ-सफाई

**मुजफ्फरनगर।** होली पर्व की छुटियों में भी पुरातन छात्र एसोसिएशन ने साफ-सफ़ाई, रंगाई-पुताई एवं पेंटिंग का कार्य रखा जारी। पुरातन छात्र एसोसिएशन द्वारा गांधी पॉलीटेक्निक में विगत दो माह से भी अधिक समय से पुरातन छात्रों के सहयोग से किये जा रहे अनुरक्षण, मरम्मत, रखरखाव के कार्यों के तहत पॉलीटेक्निक परिसर स्थित विभिन्न भवनों की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई का कार्य छुट्टियों में भी जारी रखा गया।

# चंद्रग्रहण के कारण दिनभर बंद रहे मंदिरों के कपाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में चंद्र ग्रहण के अवसर पर धार्मिक आस्था और परंपराओं का विशेष प्रभाव देखने को मिला। बुधवार को ग्रहण काल को देखते हुए शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों, जिनमें शिव चौक स्थित प्राचीन मंदिर भी शामिल है, के कपाट निर्धारित समय से पहले ही बंद कर दिए गए।

ग्रहण की समाप्ति तक मंदिरों में दर्शन पर पूर्ण रूप से रोक रही। सुबह से ही श्रद्धालुओं में ग्रहण को लेकर उत्सुकता बनी हुई थी। मंदिरों में प्रात:कालीन आरती और नियमित पूजा-अर्चना समय से पहले संपन्न कराई गई।पंडित ब्रज बिहारी अत्री के अनुसार, शास्त्रीय मान्यताओं के तहत ग्रहण प्रारंभ होने से पूर्व ही भगवान के विग्रह को विश्राम दिया गया और मंदिरों के द्वार बंद कर दिए गए। शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों जैसे हनुमान मंदिर, देवी मंदिर और विभिन्न मोहल्लों के छोटे-बड़े देवालयों में भी यही व्यवस्था लागू रही। ग्रहण के दौरान अधिकांश श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में रहकर पूजा-पाठ, मंत्र जाप और भजन-कीर्तन किए। धार्मिक मान्यता के अनुसार, अनेक लोगों ने ग्रहण काल में भोजन न करने का संकल्प लिया और जरूरतमंदों को दान-पुण्य भी किया। महिलाओं और बुजुर्गों में विशेष श्रद्धा दिखाई दी, जिन्होंने पारंपरिक नियमों का पालन करते हुए तुलसी के पास दीप प्रज्वलित कर प्रार्थना की। ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिरों में विधि-विधान से शुद्धिकरण होगा और पूजा-पाठ पुनः शुरू हो जाएगा।इसके उपरांत शाम को मंदि. रों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। प्रशासन की ओर से भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। चंद्र ग्रहण के चलते दिन भर शहर में धार्मिक माहौल और सावधानी का वातावरण देखने को मिला।

# 122 साल बाद एक दिन छोड़कर खेला रंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वर्ष 2026 में होली के त्योहार पर एक अत्यंत दुर्लभ संयोग बन रहा है, जहाँ होलिका दहन द्धछोटी होलीऋ और धुलेंडी (रंगों वाली होली) के बीच एक दिन का अंतर आने से होली मनाने वाले यह कहते सुने दिए कि उनकी याद में तो ऐसा पहली बार हो रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह संयोग 100-122 साल बाद देखने को मिला है जिसका

मुख्य कारण यह रहा कि होलि. का दहन (छोटी होली) 2 मार्च 2026 को मनाई गई , बच्चों और महिलाओं ने होलिका का पूजन किया वहीं रात्रि में होलिका दहन किया गया।

धुलेंडी (रंग वाली होली): बुधवार, 4 मार्च 2026 को खेली जाएगी। एक दिन का अंतर आने का कारण चंद्र ग्रहण का साया रहा। 3 मार्च 2026 को दोपहर में पूर्ण चंद्र ग्रहण रहा, जिसके कारण सूतक (अशुभ समय) लगा रहा।

ग्रहण और सूतक: हिंदू शास्त्रों के अनुसार, सूतक काल में पूजा-पाठ और मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं। ग्रहण 3 मार्च को शाम 06:47 बजे समाप्त हुआ। सामान्यत: होलिका दहन के तुरंत अगले दिन होली खेली जाती है, लेकिन 2026 में खगोलीय घटना (चंद्र ग्रहण) के कारण यह परंपरा एक दिन के लिए आगे खिसक गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ऐसा 122 साल बाद हुआ जब होली के दिन चंद्र ग्रहण पड़ा और एक दिन का अंतर उत्पन्न हुआ।

इस कारण होली मनाने को लेकर लोग कंफ्यूज रहे बाजारों में खेलने वाला रंग इस बार काम ही नजर आया पहले दिन दुकानदारों और दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारियों ने सोचा की होली अगले दिन खेलेंगे लेकिन अगले दिन मंगलवार को बाजार बंद रहने के कारण होली का धमाल नई मैच सका गली और मोहल्ले में भी बच्चे होली खेलते काम ही नजर आए।

# फेडरेशन भवन में होली मिलन में रंगों की फुहार

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के औद्योगिक एवं व्यापारिक जगत के प्रमुख संगठन फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के होली मिलन समारोह में रंग, उमंग और आपसी सौहार्द का अद्भुत संगम देखने को मिला।

फेडरेशन भवन में आयोजित समारोह में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल के अलावा पूर्व विधायक अशोक कंसल, व्यापार मंडल के पदा. धिकारी, शहर के वरिष्ठ चिकित्सक एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े सम्मानित नागरिक भी समारोह में शामिल हुए। फेडरेशन के अध्यक्ष नीलकमल पुरी, सचिव अभिषेक अग्रवाल, सह सचिव आशीष गर्ग, कोषाध्यक्ष आशीष बंसल, उपाध्यक्ष अवनी मित्तल सहित अनेक उद्योगपति एवं सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन करते हुए सचिव अभिषेक अग्रवाल ने चुटकुलों, शायरी और हास्य प्रसंगों से माहौल को जीवंत बनाए रखा। सदस्यों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। किसी ने मधुर गीत प्रस्तुत किए, तो किसी ने कविताओं और शेर-ओ-शायरी से समां बांधा। वहीं कुछ सदस्यों ने नृत्य और हास्य प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष नीलकमल पुरी द्वारा अतिथियों का गुलाल और पुष्पमाला से स्वागत कर किया गया। इसके बाद गुलाब की पंखुड़ियों, चंदन के तिलक और रंगों के साथ पारंपरिक एवं मर्यादित वातावरण में होली खेली गई। आयोजन में भारतीय संस्कृति की छटा स्पष्ट रूप से झलकती नजर आई।



# मुर्गी फार्म की गंदगी को लेकर विवाद में किसान पर जानलेवा हमला

■ रूडकली गांव में मुर्गी फार्म की गन्दगी को खेतों में डालने से आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** -रुड़कली गांव में स्थित मुर्गी फार्म की गंदगी को खेत मे डालने का विरोध करना किसान को भारी पड़ गया। आरोपियों ने किसान पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का अस्पताल मे उपचार किया गया। पीड़ित की शिकायत पर संज्ञान लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव रूडकली तालाब अली निवासी हिदायतउल्ला पुत्र अय्यूब ने तहरीर देकर बताया कि ककरौली थाना क्षेत्र के गांव तेवड़ा निवासी तमरेज व प्रवेज पुत्रगण कासिम ने गांव के निकट एक खेत में अवैध रूप से मुर्गी फार्म संचालित कर रखा है। आरोप है कि फार्म से निकलने वाली मल व अन्य गंदगी अक्सर उसके खेत में डाली जाती है, जिससे दुरगंध फैलती है व फसल को भी नुकसान हो रहा है।मंगलवार की सुबह वह अपने खेत में गन्ने की छिलाई करवाने गया था।

इसी दौरान उसने देखा कि आरोपियों ने फिर से मुर्गी फार्म की गंदगी उसके खेत में डाल दी है। जब उसने इसका विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार दरांती व बलकटी से हमला कर दिया। हमले में उसका एक कान कटकर अलग हो गया और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। शोर सुनकर आये ग्रामीणों ने घायल को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा में भर्ती कराया।पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी तमरेज व प्रवेज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एमपीएल-2 भवानी लायंस की दो विकेट से जीत

## होली के कारण दो दिन नहीं होंगे मैच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रीमियर लीग-2 के 16 वें लीग मुकाबले में रोमांच मुकाबले हुए। चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट स्टेडियम में चल रहे मैच में भवानी लायंस ने अपनी सधी हुई बल्लेबाजी और जुझारू खेल के दम पर क्रिस्टल बालाजी टाइटंस को 2 विकेट से मात देकर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। अंतिम ओवर तक चले इस सांस रोक देने वाले मुकाबले में विशाल सिंह चौधरी के प्रदर्शन ने मैच का पासा पलट दिया। मंगलवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी क्रिस्टल बालाजी टाइटंस ने निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 162 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज कार्तिक सिद्धू ने पिच पर टिककर बल्लेबाजी करते हुए 84 गेंदों में 57 रनों की संयमित पारी खेली। उनके अलावा दीपक राणा ने 26 और मोहम्मद अदनान ने 21 रनों का उपयोगी योगदान दिया। भवानी लायंस के गेंदबाज विशाल सिंह चौधरी ने सटीक लाइन-लेंथ से गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम के महत्वपूर्ण विकेट चटकाए और रनों की गति पर अंकुश लगाया। 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भवानी लायंस की शुरुआत अच्छी रही। प्रतीक ने तेज तर्रार 43 रन (33 गेंद) बनाकर जीत की नींव रखी। मध्यक्रम में कप्तान हितेश शर्मा ने सूझबूझ का परिचय दिया, लेकिन असली चमक विशाल सिंह के बल्ले से देखने को मिली। विशाल ने नाबाद 52 रनों की मैच जिताऊ पारी खेलकर टीम को 19.4 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 166 रनों के विजयी स्कोर तक पहुँचा दिया। क्रिस्टल बालाजी टाइटंस के गेंदबाजों ने अंत तक संघर्ष किया, लेकिन वे भवानी लायंस को लक्ष्य तक पहुँचने से नहीं रोक पाए। शानदार प्रदर्शन के लिए विशाल सिंह चौधरी को 'मैन ऑफ द मैच' के खिताब से नवाजा गया।

आयुष्मान सुविधा उपलब्ध है
माहे रमजान की दिली मुबारकबाद
डॉ० रिजवान अली
एम०बी०बी०एस० (एम०एस०)
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ० मौहसिन अली
एम०बी०बी०एस० (एम०डी०)
डॉ० मौ० शुऐब
एम०बी०बी०एस० (एम०एस०)
डॉ० जैनब इनाम
एम०बी०बी०एस० (डी०जी०ओ०)
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
दिवान हॉस्पिटल
सुजडू चुंगी, मेन रोड मुजफ्फरनगर 251001
0131-2634069-9837 3357 11

# गंगनहर में डूबने से बाल-बाल बचा युवक, राहगीरों की सूझबूझ से टली अनहोनी

**जाको राखे साइयां, मार सके ना कोय**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मंगलवार को खतौली क्षेत्र की गंगनहर में एक युवक की जान पर बन आई, लेकिन राहगीरों की तत्परता और साहस से बड़ा हादसा टल गया। लोकप्रचलित कहावत जाको राखे साइयां, मार सके ना कोय उस समय साकार होती दिखी जब नहर में बह रहे युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भैंसी गांव निवासी महेश किसी कारणवश गंगनहर में कूद गया। तेज बहाव के चलते वह खुद को संभाल नहीं पाया और डूबने लगा। घबराहट में उसने मदद के लिए शोर मचाया। उसकी आवाज सुनकर वहां से गुजर रहे लोगों ने बिना देर किए बचाव कार्य शुरू कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक पानी में डूबता-उतराता हुआ बहाव के साथ आगे बढ़ रहा था। इसी दौरान वह किनारे की झाड़ियों के समीप पहुंचा, जहां उसके हाथ एक पेड़ की टहनी लग गई। युवक ने हिम्मत जुटाकर टहनी को कसकर पकड़ लिया और खुद को संभाले रखा।

राहगीरों ने तत्काल रस्सी की व्यवस्था कर नहर में डाली और कड़ी मशक्कत के बाद युवक को बाहर खींच लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। परिजनों को भी घटना की जानकारी दी गई। प्राथमिक उपचार के बाद युवक को सकुशल घर भेज दिया गया। घटना के दौरान मौके पर अफरातफरी का माहौल रहा, लेकिन समय रहते की गई सतर्कता और सामूहिक प्रयास से एक बड़ी अनहोनी टला।

# श्री राम कॉलेज के 44 छात्र-छात्राएं कंपनी में चयनित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर में पैन इण्डिया प्रतिष्ठित कम्पनी क्यू स्पाइडर्स प्रा0 लि0, नोएडा ने राम ग्रुप ऑफ कालेजेज के इंजीनियरिंग की सभी शाखाओं एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन के विद्यार्थियों को चयन हेतु ऑनलाइन आंमत्रित किया।

कम्पनी प्रतिनिधि कु0 अभिलिप्सा टैलेंट एक्विजिशन हैड एवं ख्रति टैलेंट एक्विजिशन हैड क्यू स्पाइडर्स प्रा0 लि0, नोएडा ने सम्पूर्ण प्लेसमेंट ड्राइव को एसआरजीसी परिसर में आयोजित किया। संस्थान के निदेशक डॉ0 एस0एन0 चौहान एवं चीफ ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट कोर्डिनेटर, आशीष चौहान ने कम्पनी प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

इसके उपरान्त कम्पनी प्रतिनिधि कु0 अभिलिप्सा क्यू स्पाइडर्स प्रा0 लि0, नोएडा ने पॉवर प्वांइट प्रजेंटेशन द्वारा सभी विद्यार्थियों को कम्पनी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कम्पनी का मुख्य कार्यालय बैंगलौर में स्थित है तथा कम्पनी पिछले 15 वर्षों से सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, सॉफ्टवेयर टैस्टिंग तथा अन्य आई0टी0 सम्बन्धित कार्यों में सम्मिलित है। प्लेसमेन्ट प्रक्रिया को 2 चरणों मे विभाजित किया गया प्रथम चरण में कम्पनी प्रति. निधियों द्वारा छात्रों को कम्पनी के कार्यों के बारे में अवगत कराया तथा कम्पनी द्वारा किये जाने वाले विविध कार्य क्षेत्रों के बारे में बताते हुए छात्रों का ज्ञानवर्द्धन किया तत्पश्चात कम्पनी ने एप्टीटड्यूड टैस्ट लिया जिसमें राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के 187 छात्र/छात्राऐं सम्मिलित हुये जिनमें से 105 छात्र/छात्राऐं अंतिम चरण के लिए चयनित हुये। अंतिम चरण में 44 छात्र/छात्राएं चयनित हुये जिन्हें कम्पनी द्वारा ऑफर लैटर प्रदान किया गया। चयनित हुए छात्रों में बीटेक सीएसई से दीपांशु सैनी, गौरव कुमार, आदिल अली, पार्थ खन्ना, अभिषेक, पौरुष, अब्दुल्ला आदि रहे।

इस अवसर पर राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर के चेयरमैन डॉ0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनायें दी संस्था के चीफ ट्रैनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट कॉर्डिनेटर प्रो0 आशीष चौहान ने कंपनियों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया और उनसे भविष्य में राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज से जुड़े रहकर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट प्रक्रियाओं को मजबूत बनाने का आग्रह किया एवं सभी चयनित छात्र/छात्राओं को बधाई दी।

कम्पनी प्रतिनिधि कु0 अभिलिप्सा ने बताया कि आई0टी0 सैक्टर में इस समय अपार सम्भावनाएं हैं। सीएस में इंजीनियरिंग करने पर छात्रों के लिये विभिन्न कैरियर विकल्प हो जाते हैं जिनमें मुख्यत: सॉफ्टवेयर डेवलपर, टैस्टिंग इंजीनियर, नैटवर्किंग इंजीनियर, ए0आई0 इंजीनियर, डेटा साइंस इंजी. नियर है। अत: छात्रों को सही समय पर सही ब्रांच का चयन कर अपने कैरियर पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

प्लेसमेंट ड्राइव के समापन के उपरान्त क्यू-स्पाइडर कम्पनी के प्रति. निधियों ने राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के छात्रों की प्रतिभागिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि एसआरजीसी के छात्रों का एप्टीटड्यूट का स्तर अच्छा है तथा छात्रों की संचार कौशल भी बेहतर है। इस अवसर पर राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के संस्था के निदेशक डॉ0 एस0एन0 चौहान ने कहा कि प्लेसमैन्ट के बढ़ती चयन प्रक्रियाओं से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि इंजी. नियरिंग तथा कम्प्यूटर एप्लीकेशन के विद्यार्थी सभी प्रकार से प्रतिभा सम्पन्न हैं तथा निश्चित ही वे आगे चलकर अपने जनपद एवम् देश का नाम रोशन करेंगे।

कार्यक्रम का कुशल संचालन इं0 नितिशा त्यागी ने किया। मुख्य प्लेसमेंट अधिकारी आशीष चौहान के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मौ0 यूसुफ एवं बी0टेक0 की सभी शाखाओं एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन के सभी प्रवक्ताओं का विशेष योगदान रहा।

# पिचकारी और रंग गुलाल सहित खूब बिकी मिठाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** होली का खुशी भरा त्यौहार श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है मंगलवार को मोरना क्षेत्र में वरिष्ठ नागरिकों सहित युवाओं व बच्चों ने दुकानों पर जमकर खरीदारी की बच्चों व युवाओं ने पिचकारी व रंग खरीदे तो वरिष्ठो ने मिठाई व फल खरीदे।

मोरना भोपा क्षेत्र सहित शुकतीर्थमे होली का त्यौहार आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है मंगलवार को जहां चंद्र ग्रहण के चलते दुलेहड़ी का पर्व नहीं मनाया गया वहीं ग्रामीणों ने बाजारों में सजी दुकानों पर जमकर खरीदारी की कस्बा भोकरहेड़ी स्थित मैन बाजार में लगाई दुकानों पर बच्चों व युवाओं ने पिचकारी व रंगों की खरीदारी की तथा शाम के समय इमरती व अन्य मिठाइयों को भी जमकर खरीदा।

मोरना में जानसठ मार्ग पर स्थित सड़क किनारे दुकानों को सजाया गया जहां रंग पिचकारी सहित मिठाई की फल की खरीदारी हुई। भोपा में भी होली के त्योहार पर रौनक दिखाई पड़ी बाजारों में बच्चों व युवा रंग तथा विभिन्न प्रकार पिचकारी खरीदते नजर आए।

## ईरान मे फंसा ककरौली का परिवार, चिंता व दुआ जारी

**मोरना।** ईरान व इजराइल अमेरिका युद्ध के बीच ईरान मे धार्मिक शिक्षा प्राप्त करने गये ककरौली निवासी मौलाना के परिवार के कुशलक्षेम को लेकर ग्रामीणों मे चिंताएं जारी है। ककरौली निवासी नियाज़ मेंहदी ने जानकारी देकर बताया की ककरोली निवासी 40 वर्षीय मौलाना रियाज हैदर पुत्र गुलामहुर ईरान के शहर कुम मे धार्मिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए गए हुए हैं। बीते एक वर्ष से वह अपनी 35 वर्षीय पत्नी दुरफिशा व 14 वर्षीय पुत्री जैनब सिफत के साथ वहां रह रहे हैं। वर्तमान में जारी युद्ध के हालात को लेकर परिजन व ग्रामीण उनके खैरियत को लेकर चिंतित हैं मौलाना रियाज हैदर के भाई शबाब हैदर, शबी हैदर, शमून हैदर आदि बेहद परेशान हैं। तथा लगातार अपने भाई मौलाना रियाज हैदर से मोबाइल पर संपर्क बनाए हुए हैं।तथा अमन शांति की दुआ कर रहे हैं। इसके अलावा मोरना निवासी मनववर जैदी ने बताया की मोरना के हसन मोहम्मद पुत्र गुलाम अब्बास, आजम पुत्र शमा हैदर, जमाल पुत्र मुंनन व गांव गादला निवासी साहिल पुत्र मौ.रजा, मौ.अब्बास पुत्र शाहिद व शोयब पुत्र शाहिद कुवैत देश मे हैं जिनकी खैरियत के लिए परिजन दुआ कर रहे हैं

## मुस्लिम बीएलओ छुट्टी के बाद भी कर रहे एसआईआर संबंधी कार्य

**बुढ़ाना/रतनपुरी।** गांव हुसैनाबाद भनवाडा में सरकारी अवकाश के बावजूद भी जनहित में त्रुटि सुधार कार्य जारी है। यह कार्य दस्तावेजों में नाम, जन्मतिथि या अन्य प्रशासनिक संशोधनों से संबंधित त्रुटियों को ठीक करने के लिए किया जा रहा है। बीएलओ ने बताया कि समय पर त्रुटियों का निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए अवकाश के दिनों में भी कार्य बाधित नहीं होने दिया जा रहा है। हेड मास्टर इरफान अली ने कहा कि यह भी हमारे लिए त्योहार से कम नहीं है। पूर्व प्रधान तिजारत ने बताया कि यह कार्य आमजन के सहयोग और कर्मचारियों के अच्छे व्यवहार से ही पूरा होगा। यहां गुफरान, इरशाद राणा, बीएलओ मोबीन अली, मास्टर इस्माईल, बीएलओ जोगिंदर, मास्टर नफीस, शबाना, रेशमा आदि मौजूद रहे।

# गांव मंडावली खादर में हुआ होली मिलन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भू दृष्टि फाउंडेशन ने बुढ़ाना ब्लॉक के मंडावली खादर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। होली के पावन पर्व पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसने आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। फाउंडेशन पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का स्वागत गुलाल और पुष्पमालाओं से किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने होली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह समाज में एकता, सौहार्द और आपसी प्रेम को मजबूत करने का पर्व है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। बच्चों और युवाओं ने गीत, संगीत और नृत्य के माध्यम से सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। फाउंडेशन के प्रति. निधियों ने अपने सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा जागरूकता और समाज सेवा जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला, साथ ही भविष्य में भी समाज के लिए कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया। समारोह के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रेम और सौहार्द का संद. ेश फैलाने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में श्रीमती विमला, संगीता, रीना, बबीता, अमित शर्मा, विपिन कुमार, अरविंद कुमार, सोनू सिंह व रामपाल सोम समेत कई गणमान्य व्यक्ति थे।

**सूचना**

मैनें अपना नाम यूनुस (Yunush ) S/o अशरफ से यूनुस अली (Yunush Ali) S/o अशरफ रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम से ही जाना जाये।

**यूनुस अली, म. नं०-667,**
**ग्राम कसेरवा,**
**जिला मुजफ्फरनगर।**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम पप्पू था जिसको बदलकर मैंने अपना नाम **पप्पू रईस** रख लिया है। भविष्य में मुझे पप्पू रईस के नाम से जाना व पहचाना जायें।
मुजफ्फरनगर

# मुल्तानी समाजसेवी संगठन ने जरूरतमंदों को वितरित की राशन किट

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मुल्तानी समाजसेवी संगठन की ओर से हाजी नसीम अहमद के आवास पर जरूरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही और जरूरतमंदों को आवश्यक खाद्य सामग्री प्रदान की गई।

संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि बिरादरी का यह समूह जमीनी स्तर पर तेजी से कार्य कर रहा है। सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित यह टीम पर्दे के पीछे और सामने दोनों ही स्तरों पर सक्रिय भूमिका निभा रही है। उनका कहना है कि जब से संगठन की कमान युवाओं ने संभाली है, बिरादरी में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है और आने वाले समय में और भी व्यापक परिवर्तन नजर आएंगे।

कार्यक्रम में कमेटी के सदर हाजी नसीम अहमद, नायब सदर मिर्जा जमीरउद्दीन, सेक्रेटरी मिर्जा नौशाद, खतौली अध्यक्ष मिर्जा अफजाल, कुशावली सरधना से मिर्जा शाहनवाज, मीडिया प्रभारी बुढ़ाना से समाजसेवी मिर्जा यासमीन साहिबा, मिर्जा यासीन साहब तथा बुढ़ाना अध्यक्ष मिर्जा इकराम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि जरूरतमंदों को राहत पहुंचाई जा सके और समाज में आपसी सहयोग की भावना को मजबूत किया जा रहा है।

# चेहरा देखकर रंग लगाने की परंपरा ने होली का परंपरागत महत्व किया कम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** चेहरा देखकर रंग लगाने की परंपरा से आपसी प्यार मौहब्बत एवं नफरत दूर करने वाले रंगों के पर्व होली का परंपरागत महत्व खत्म होता जा रहा है, होली का पर्व एक ऐसा पर्व है, जिस पर पूरे वर्ष कैसी भी गुस्सा नाराजगी लड़ाई झगड़ा कुछ भी हो एक-दूसरे को गुलाल लगाकर उस दूरी को कम करने का बहुत अच्छा मौका होता है, होली के पर्व पर 15-20 दिन पहले बच्चे मौहल्लों में होलिका दहन के लिए जंगलों से लकड़ी लाकर होली लगाने का काम किया करते थे, यहीं नहीं आलू को काटकर उस पर चाकू से गोदकर राम सीताराम, मैं पागल हूं, मैं गधा हूं तमाम इस तरह के स्लोगन लिखते थे और उनको एक-दूसरे के कुर्ते पर कमीज शर्ट पर लगाते थे, लकड़ी की पिचकारी बनाना तमाम तरह के प्राकृतिक रंगों का प्रबंध करना रंग गुलाल का इंतजाम करना बच्चों द्वारा पानी के रंगीन गुब्बारे भर कर रखना, यह सब होली के हुड़दंग में शामिल हुआ करता था। सड़क पर आता जाता कोई भी राहगीर जानकार हो चाहे, वह अनजान उसको रंग लगाना और उससे रंग लगवाना, यहीं होली की परंपरा हुआ करती थी, इससे नए संबंध बनते थे परिचय होता था, वहीं यह पर्व आपसी भाईचारे को मजबूती देने पर बल देने वाला होता था, समाज में किसी ना किसी बात को लेकर कभी ना कभी एक-दूसरे से बातों ही बातों में बहस हो जाना या कभी कभी छुटपुट झगड़ा हो जाना, जिसके चलते मनमुटाव हो जाता है, डेढ़ दशक पूर्व तक देखने में आता था कि यदि एक-दूसरे को जानते भी नहीं है, तो भी आपस में एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते थे तथा घरों में चाट पकौड़ी गुजिया आदि आदि व्यंजन बनाकर रखते थे और बतौर अतिथि एक-दूसरे के घरों में जाकर इन व्यंजनों का स्वाद चखते थे, गांव से शहरों में कस्बों से महानगरों में और शहरों से भी अन्य प्रदेशों में काम के सिलसिले में जाने वाले एवं दुर स्थानों पर नौकरी करने वाले लोग भी होली के पर्व पर होली से या चार दिन पहले अपने घरों में आ जाते थे, बाहर से आने वाला हर व्यक्ति पूरे गांव में घूम घूमकर यह देखता था कि गांव में इतने दिन बाद आया हूं। गांव में क्या नया परिवर्तन हुआ है, सरकारों ने क्या कराया है। ग्राम प्रधान ने क्या काम निर्माण कार्य कराया है। गांव का स्वरुप कितना बदला है तथा अपने साथ के लोगों से भी आपस में बैठकर वार्ता करते थे। आधुनिक जमाने ने समाज को अपनी जकड़ में ले लिया है, होली पर एक पखवाड़े पूर्व घरों में बहन के यहां होली का सामान भेजने के लिए घरों में ही तैयार किया जाता था, जिसमें गुजिया, मठरी, सुहाली, लड्डू आदि, लेकिन अब सब कुछ बदल गया है, अब 15 दिन पहले कोई नहीं जाता है, आधुनिक जमाने में साथ के साथ बाजार से खरीदकर बहन के यहां चले जाते हैं, घरों में बनने का तो रिवाज लगभग खत्म सा हो गया है, घरों में भी रेडीमेड मिठाई बाजार से ही आती हैं और रिश्तेदारीओं में भेजने के लिए भी बाजार से ही खरीदी जाती है, काम की व्यस्तता के चलते हर आदमी बिल्कुल समय पर ही काम को निपटाता है। हॉलात कुछ इस प्रकार बदले हैं कि यदि कोई आपस में बहुत ही घनिष्ठ मित्र हो तो तभी एक-दूसरे को रंग लगाया जाता है अन्यथा बराबर से होकर निकल जाते हैं, चेहरा देखकर रंग लगाने की परंपरा से होली का वास्तविक महत्व खत्म हो गया है। बाजार में नहीं है कोई होली के प्रति उत्साह पहले होली के त्यौहार पर अमीर गरीब छोटा-बड़ा कुछ नहीं देखा जाता था, सभी एक साथ मिलकर होली का त्यौहार मनाते थे, कुछ जगह तो खाने पीने का सामान सांझा एकत्र किया जाता था, कोई कुछ ला रहा है, कोई कुछ ला रहा है और सब एक ही जगह बैठकर पहले एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर फिर अपना व्यंजनों का आनंद लेते थे, लेकिन धीरे-धीरे इस त्यौहार पर ऐसे काले बादल छाएं कि अब केवल अपने संपर्कों में ही यह त्यौहार सिमट कर रह गया है। गली मौहल्लों में ढोल नगाड़ों की थाप पर होली से संबंधित गीत गाएं जाते थे तथा होली है भाई होली है रंग बिरंगी होली है, जैसे नारे खूब सुनने को मिलते थे, देखते ही देखते दस 15 वर्षों में काफी बदलाव आ गया है। सभ्य और अच्छे लोग अब होली के दिन केवल घरों में व्यंजन बनाकर खाने को ही होली का पर्व मानते हैं, घर से बाहर निकलकर रंग लगाने एवं होली खेलने को वह अच्छा नहीं मानते बातचीत करने पर कुछ लोगों ने बताया कि होली के त्यौहार पर कुछ लोग दुश्मनी निकालने की नियत से जहरीले एवं कैमिकल युक्त या कांच मिले, जैसे-रंगों का प्रयोग करते हैं। नगर के वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी एवं सभासद सोनू सैनी का कहना है कि होली के त्यौहार पर कंपनी के रंगों का ही प्रयोग करना चाहिए, रेत मिटी एवं कांच युक्त तथा केमिकल वाले रंगों का प्रयोग न किया जाए, क्योंकि हर वर्ष दर्जनों मरीज रंगों के त्यौहार पर आंखों में केमिकल वाले रंगों में से परेशान होकर आते है, केमिकल युक्त रंग आंखों एवं चमड़ी के लिए घातक है, बाजार में नहीं है कोई होली के प्रति उत्साह घटिया एवं केमिकल युक्त रंगों ने किया होली का रंग बदरंग। चाइना में फैले कोरोना वायरस एवं मौसम के लगातार बिगड़े मिजाज के चलते बाजार में होली का कोई कारोबार नहीं है, हालांकि दुकानदारों ने पिचकारी रंग गुलाल एवं खाने की वस्तुओं का स्टाक किया हुआ है, इसके बावजूद होली के नाम का ग्राहक बाजार में दिखाई नहीं दे।


# कार्यालय नगर पंचायत बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर

पत्रांक-1700 / न.पं.बु. / 2025-26 दिनांक- 28.02.2026

## सूचना आम

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा नगर पंचायत बुढाना मे प्रार्थनापत्र प्रस्तुत करते हुए रजिस्टर्ड बैनामा/हिबैनामा/वारिसान/पारिवारिक सदस्यता प्रमाणपत्र/मृत्यु प्रमाणपत्र/रजि० वसीयत के आधार पर अपना नाम गृहकर पंजिका में दर्ज किये जाने का अनुरोध किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन से आपत्ति है तो वह सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अपना दावा/आपत्ति इस कार्यालय में कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात किसी भी दावे/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। नाम परिवर्तन से सम्बन्धित प्राप्त आवेदनो का ब्यौरा निम्नप्रकार हैः-

| क्र. सं | नाम दर्ज करने हेतू आवेदन | भवन संख्या | भवन स्थित मौहल्ला | नगर पंचायत अभिलेखों मे दर्ज नाम | नाम परिवर्तन किये जाने का कारण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | यासीन पुत्र इलियास निवासी ग्राम परासौली (भवन के आंशिक भाग पर)। | 152/1 | कस्सावान | नसीम पुत्र जीमल | रजि० बैनामा सं० 17894 दिनांक 20.12.2025 के आधार पर। |
| 2. | बिजेन्द्र कुमार पुत्र रामशरण निवासी मौ० पश्चिमी पछाला कस्बा बुढाना। | 368 | नई बस्ती नं-2 | कौसर अली पुत्र महमूद अली व नरगिश बेगम कौसर अली | रजि० बैनामा सं0 2442 दिनांक 14.02.2025 के आधार पर। |
| 3. | मुस्तकीम पुत्र तहसीन निवासी मौ० पछाला कस्बा बुढाना (भवन के आंशिक भाग पर)। | 828 | पछाला पश्चिमी | सुबराती पुत्र बुन्दू | रजि० हिबैनामा सं0 13 दिनांक 01.01.2026 के आधार पर। |
| 4. | मौ० साहिद पुत्र मौ० जरीफ निवासी ग्राम लोई। | 146 | मिर्दगान | दीपक कुमार पुत्र राजेन्द्र व मिथलेश पत्नि राजेन्द्र व राजेन्द्र पुत्र अतर सिंह | रजि० बैनामा सं० 14509 दिनांक 06.12. 2024 के आधार पर। |
| 5. | जहांगीर आलम पुत्र सलीम अहमद निवासी मौ० काजीवाड़ा उत्तरी कस्बा बुढाना। | 186 | काजीवाडा उत्तरी | जहीर अहमद पुत्र नूर अहमद | रजि० बैनामा सं0 6151 दिनांक 05.05.2025 के आधार पर। |
| 6. | महबूब अहमद पुत्र नजीर अहमद निवासी मौ. काजीवाडा दक्षिणी कस्बा बुढाना। | 42 | काजीवाडा दक्षिणी | बुंदिया बेवा पत्नि बशीर | रजि० बैनामा सं0 511 दिनांक 09.02.1994 के आधार पर। |
| 7. | प्रवीण संगल पुत्र राधेश्याम संगल निवासी मौ० पछाला पश्चिमी कस्बा बुढाना (वारिसान के रूप में नाम दर्ज होना है)। | 320 | पछाला पश्चिमी | राधेश्याम पुत्र चतरसैन | राधेश्याम संगल के मृत्यु प्रमाणपत्र दिनांक 05.09.2005 व वारिसान प्रमाणपत्र सं० 76/एस०टी० दिनांक 06.10.2009 के आधार पर। |
| 8. | प्रवीण संगल पुत्र राधेश्याम संगल निवासी मौ० पछाला पश्चिमी कस्बा बुढाना (भवन से मृतक शारदा देवी का नाम खारिज किया जाना है शेष नाम यथावत् रहेगा)। | 322 | पछाला पश्चिमी | शारदा देवी पत्नी राधेश्याम व प्रवीण संगल पुत्र राधेश्याम | शारदा संगल के मृत्यु प्रमाणपत्र दिनांक 06.02.2026 के आधार पर। |
| 9. | मुकेश कुमार पुत्र जगरोशन लाल निवासी मौ० पछाला पूर्वी कस्बा बुढाना (भवन से मृतक जगरोशनलाल का नाम खारिज होना है शेष नाम यथावत् रहेगा)। | 378 | पछाला पूर्वी | जगरोशनलाल पुत्र मित्रसैन व मुकेश कुमार पुत्र जगरोशनलाल | रजि० वसियत दिनांक 07.10.2013 व मृतक जगरोशनलाल के मृत्यु प्रमाणपत्र दिनांक 17.01.2026 के आधार पर। |
| 10 | मौ. अययूब पुत्र मौ० गुलाम निवासी मौ० भटवाड़ा दक्षिणी कस्बा बुढाना। | 553 | भटवाडा दक्षिणी | मेंहदी हसन पुत्र शमशुदीन | रजि० हिबैनामा सं0 9842 दिनांक 30.08. 2024 के आधार पर। |
| 11. | राकेश कुमार शर्मा पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी मौ० पश्चिमी पछाला कस्बा बुढाना। | 707 | पछाला पश्चिमी | महेन्द्र सिंह पुत्र मामराज सिंह | रजि० वसियत सं0 185 दिनांक 20.06.2020 व महेन्द्र सिंह के मृत्यु प्रमाणपत्र दिनांक 03.06.2021 के आधार पर। |
| 12. | राजेश कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी मौ० पश्चिमी पछाला कस्बा बुढाना। | | | | |
| 13. | सुनील दत्त शर्मा पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी मौ० पश्चिमी पछाला कस्बा बुढाना। | | | | |
| 14. | अनिल दत्त शर्मा पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी मौ० पश्चिमी पछाला कस्बा बुढाना। | | | | |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बुढ़ाना**

## इजराइल-इरान जंग के चलते महंगाई बढ़ने के आसार?

# अब नागरिक लगाने लगे हैं इसी बात का अंदाजा

( नसीम कुरैशी )
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** इजराइल और ईरान के बीच जंग जारी है। इसी के चलते यहां के अधिकांश नागरिक आगामी दिनों मेंঘ सोना, चांदी, पैट्रोल, डीजल, खजूर और ड्राइ फ्रूट सहित अन्य सामान महंगा होना मान रहे हैं। दुकानदार भी इस बात से इंकार नहीं कर रहे हैं और साफ कह रहे हैं कि इस जंग का असर भारत देश पर भी पड़ सकता है। ईरान और इजराइल के बीच जो आग जल रही है उसकी तपिश यहां पर भी साफ दिखाई पड़ रही है। आम आदमी की जेब पर डाका पड़ सकता है इसके कयास लगाए जाने लगे हैं। दालें, जूते, कपड़े, फल सब्जी के भी अगर दाम बढ़ते हैं तो कोई अतिशयोक्ति नहीं




होगी। इससे घरों का बजट भी बिगड़ सकता है। बुढ़ाना कस्बे के आम लोगों को बस अब ये ही डर सता रहा है कि अगर खाद्य वस्तु जंग के कारण महंगी होती हैं तो उनके त्यौहार सब फीके पड़ जाएंगे। गली गलियारों, चौराहों और नुक्कड़ों पर दो दिन से इसी तरह की खुसर फुसर है कि कहीं ये जंग उनकी जेब पर ना डाका डाल ले क्योंकि अधिकांश दुकानदार भी इसी तरह का प्रचार ग्राहकों से करते दिखाई पड़ रहे हैं कि ईजराइल और ईरान की जंग महंगाई को बढ़ावा देने का काम कर सकती है। बताया जाता है कि भारत ईरान से मुख्य रूप से सेब, पिस्ता, खजूर और कीवी आदि खाद्य वस्तु मंगवाता है। अगर जंग लंबी खिंची तो ड्राई फ्रूट्स के शौकीनों की जेबें ढीली होनी तय है इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। वैसे बीते दिन वाणिज्य मंत्रालय ने एक हाई लेवल इमरजेंसी मीटिंग बुलाई थी जिसमें इस युद्ध से पैदा होने वाले आर्थिक झटकों को कम करने के लिए एक रणनीतिक रोड मैप तैयार किया गया। बैठक में चर्चा हुई कि कैसे माल ढुलाई व बीमे की बढ़ती लागत को नियंत्रित किया जा सकता है।ঘवैसे भारत सरकार ने फिलहाल 05 मोर्चों पर काम करने का फैसला लिया है ताकि महंगाई पर रहते समय काबू पा जा सके।

# भोपा के धीराहेड़ी में 400 साल पुरानी परंपरा आज भी जीवित

**होली पर कढ़ा प्रसाद ग्रहण करने दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालु**

**काजी अमजद अली**

**भोपा।** थाना क्षेत्र के गांव धीराहेड़ी में करीब 400 वर्ष पुरानी परंपरा आज भी पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ निभाई जा रही है। गांव में होली के शुभ अवसर पर हर वर्ष हलवे के रूप में कढ़ा प्रसाद तैयार कर उसका वितरण किया जाता है। इस परंपरा को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिलता है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह परंपरा उनके पूर्वजों के समय से चली आ रही है और आज भी पूरे विधि-विधान से निभाई जाती है। होली से पूर्व आसपास और दूर-दराज के गांवों में लोगों को निमंत्रण भेजा जाता है। निमंत्रण स्वीकार कर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गांव पहुंचते हैं और



कढ़ा प्रसाद ग्रहण कर अपने को धन्य मानते हैं।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों से जुड़े पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष नवीन राठी, ब्लॉक सदर प्रमुख अमित कुमार, लोकदल के जिला अध्यक्ष संजय राठी, मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, भाजपा नेता हरिश राठी, भारतीय क्षेत्र किसान मोर्चा मंत्री अमित राठी सहित परिक्षत राठी, पवन राठी, ओमबीर राठी, गुलबीर राठी, श्रवण राठी, योगेश राठी, यशबीर राठी, सुनील राठी, संदीप और भूपेंद्र राठी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने बताया कि कढ़ा प्रसाद को वे केवल भोजन नहीं, बल्कि आस्था और एकता का प्रतीक मानते हैं। इस परंपरा के माध्यम से गांव में सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारा मजबूत होता है।

## देशी शराब मिस्टर के 40 पव्वे किए बरामद

**बुढ़ाना/फुगाना।** पुलिस ने एक युवक के पास से अवैध रूप से मिस्टर नाम की देशी शराब के 40 पव्वे बरामद किए हैं। फुगाना थाने की पुलिस चौकी सराय के प्रभारी अजीत सिंह ने अपने हमराह कांस्टेबल मंदीप कुमार और कांस्टेबल अमित कुमार के सहयोग से फुगाना थानाध्यक्ष विजय कुमार के निर्देश पर चैंकिंग के दौरान एक संदिग्ध विकलांग युवक को गांव हबीबपुर सीकरी मार्ग से ट्राइ साइकिल पर जाते हुए पकडा। तब तलाशी लेने के बाद पुलिस टीम ने उसके पास से देशी शराब के 40 पव्वे बरामद किए। पकड़े गये विकलांग ने अपना नाम जोगिंद्र उर्फ पप्पू पुत्र शोभाराम निवासी ग्राम फुगाना बताया। फुगाना पुलिस ने आरोपी जो. गिंद्र को लिखापढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है।

## सीएम का पूर्वजों के उपर टिप्पणी करना अशोभनीयः कश्यप

**बुढ़ाना।** महर्षि कश्यप एकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर सुशील कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा हमारे पूर्वजों के ऊपर किसी भी तरह की टिप्पणी करना अशोभनीय है। भगवान हिरण्यकश्यप हमारे पूर्वज हैं। हमारे भगवान हैं। मुख्यमंत्री के गलत शब्दों से समाज के मान सम्मान को ठेस पहुंची है। मुख्यमंत्री अपने शब्दों को वापस लें नहीं तो आगामी 06 फरवरी को एसडीएम कार्यालय बुढ़ाना पर संबंधित ज्ञापन एसडीएम बुढ़ाना के माध्यम से मुख्यमंत्री को भिजवाया जाएगा।

## शाहपुर पुलिस ने घनी बस्ती क्षेत्रों में निकाला फ्लैग मार्च

**शाहपुर।** त्योहार/पर्वों में सकुशल सम्पन्न कराने, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में क्षेत्राधिकार बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह व शाहपुर थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह द्वारा थानाक्षेत्र में स्थित बाजारों, संवेदनशील क्षेत्र एवं मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना सुख्रढ़ करना तथा असामाजिक तत्वों में कानून का भय स्थापित करना रहा। फ्लैग मार्च के दौरान स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांति के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई।

साथ ही पुलिस बल को सतर्क एवं मुस्तैद रहकर कर्तव्यों का निर्वहन करने, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने, लगातार भ्रमणशील रहने तथा असामाजिक तत्वों / हुड़दंग मचाने वालों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# ब्राह्मण समाज की बैठक में बोले बाबा सत्येंद्र

**बुढ़ाना।** ब्राह्मण समाज एकता मंच के तत्वावधान में फुगाना गांव में आयोजित बैठक में बाबा सत्येंद्र वशिष्ठ ने समाज में फैल रही कुरीतियों को खत्म करने का आह्वान किया। उन्होंने नशा मुक्ति अर्घभियान चलाने तथा बच्चों की उच्च घशिक्षा पर बल दिया। फुगाना गांव में आयोजित ब्राह्मण समाज एकता मंच की बैठक में बाबा सत्येंद्र वघशिष्ठ ने समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने तथा सामाजिक एकता को मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में नशा मुक्ति अभियान चलाने, बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को रोकने तथा बच्चों और युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए समाज को जागरूकता करने का आ]वान किया। मीटिंग में वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रगति एकजुट होकर सामा. जिक बुराइयों के खिलाफ खड़े होने से संभव हो सकती है। नई पीढ़ी को सही दिशा देने का कार्य करें। अभिभावकों से अपील की कई कि वे अपने बच्चों की शिक्षा और संस्कारों पर विशेष ध्यान दें। गलत संगत और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें।

बैठक में वक्ताओं ने बाल विवाह को समाज के लिए घातक बताते हुए इसे जड़ से खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयास करने की बात कही। समाज में भाईचारा, आपसी



सहयोग और संगठन की मजबूती पर भी बल दिया गया। इस मौके पर पंडित सत्य प्रकाश शर्मा, सत्तू शर्मा, राजकुमार वशिष्ठ, रामकुमार वशिष्ठ, ओमदत्त शर्मा, हरिमोहन शर्मा, अशोक शर्मा, चंद्रपाल शर्मा, सोमदत्त शर्मा, राजीव शर्मा मौजूद थे।

# चंद्र ग्रहण के साए में थमी होली की रौनक, बच्चों की आंखों में दिखा इंतज़ार

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रंगों और उमंगों का प्रतीक होली का त्योहार इस बार कस्बे में कुछ अलग ही माहौल में मनाया गया। सुबह से लगे चंद्र ग्रहण के कारण लोगों ने धार्मिक मान्यताओं को प्राथमिकता दी, जिससे दिनभर उत्सव की चहल-पहल अपेक्षाकृत कम रही। जहां सामान्यतः होली की सुबह गलियां रंग और गुलाल से भर जाती हैं, वहीं इस बार सन्नाटा अधिक नजर आया।

ग्रहण का सबसे अधिक असर बच्चों की खुशियों पर देखने को मिला। हाथों में पिचकारी और रंग लिए बच्चे घरों के आंगन और छतों तक ही सीमित रहे। वे ग्रहण समाप्त होने का बेसब्री से इंतजार करते रहे ताकि खुलकर होली खेल सकें। अभिभावकों ने परंपराओं का पालन करते हुए ग्रहण काल में बच्चों को बाहर जाने से रोके रखा।

धार्मिक ख्रष्टि से भी ग्रहण का प्रभाव स्पष्ट दिखा। कस्बे के प्रमुख मंदिरों के कपाट समय से पहले बंद कर दिए गए और भगवान की प्रतिमाओं को वस्त्रों से ढक दिया गया। नियमित पूजा-अर्चना स्थगित रही। श्रद्धालु मंदिरों के बाहर खड़े होकर ग्रहण समाप्ति की प्रतीक्षा करते दिखाई दिए। शाम लगभग छह बजे ग्रहण समाप्त होते ही मंदिरों के कपाट दोबारा खोले गए। इसके बाद गंगाजल से अभिषेक और शुद्धिकरण कर विधि-विधान से आरती संपन्न की गई। शंखनाद और घंटियों की ध्वनि के साथ मंदिरों में फिर से भक्तिमय वातावरण गूंज उठा। बाजारों में भी ग्रहण का असर साफ दिखा। रंग, गुलाल और पिचकारी की दुकानों पर अपेक्षित भीड़ नहीं उमड़ी। कई परिवारों ने ग्रहण समाप्ति के बाद ही रंगोत्सव की शुरुआत की। शाम ढलते-ढलते लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की परंपरा निभाई, लेकिन सुबह से दोपहर तक जो उत्साह रहता है, वह इस बार कुछ कम दिखाई दिया।कुल मिलाकर, चंद्र ग्रहण की छाया ने इस वर्ष होली के उल्लास को कुछ समय के लिए थाम लिया। हालांकि शाम को रंगों ने रफ्तार पकड़ी, लेकिन दिनभर बच्चों की प्रतीक्षा और संयम ने इस होली को यादगार बना दिया।




# श्रेष्ठ आचरण से ही जीवन में आएगी सच्ची खुशहालीः ठाकुर विक्रम सिंह

**शाहटाइम्स सवांददाता,**

**खतौली।** आर्य समाज शिवपुरी के तत्वावधान में आयोजित होली उत्सव के दूसरे दिन वैदिक विचारों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से ओत-प्रोत सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने होली के अवसर पर आत्मचिंतन करते हुए श्रेष्ठ आचरण अपनाने और समाज व राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने का संकल्प लेने का संदेश दिया।

सभा को संबोधित करते हुए दानवीर ठाकुर विक्रम सिंह ने कहा कि मनुष्य अपने कर्मों से ही महान बनता है। यदि जीवन को सार्थक बनाना है तो उसे समाज और राष्ट्रहित में समर्पित करना होगा। उन्होंने कहा कि साहित्य और संगीत के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है। विद्या, तप, ज्ञान, गुण और धर्म से ही व्यक्ति का वास्तविक



उत्थान संभव है। उन्होंने स्वामी महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि उनमें आध्यात्मिक शक्ति और शारीरिक सामर्थ्य का अद्भुत संगम था, जो सफलता का मूल आधार है।

आचार्य कंवर पाल शास्त्री ने कहा कि केवल वेद पाठ पर्याप्त नहीं, बल्कि आचरण की शुद्धता भी आवश्यक है। अग्निहोत्र और सत्कर्मों से ही जीवन में पवित्रता आती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दान और सदुपयोग से ही धन की सार्थकता सिद्ध होती है। आचार्य अमित कुमार शास्त्री (गंगोह) ने होली को आनंद, पवित्रता और नवचेतना का पर्व बताते हुए कहा कि यह अवसर बुराइयों को त्यागकर अच्छाइयों को अपनाने का है। उन्होंने भक्त प्रह्लाद के जीवन से सत्य, भक्ति और धैर्य की प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि होली तभी सार्थक है जब हम संकल्प लें कि भविष्य में कोई भूल दोहराई नहीं जाएगी। कार्यक्रम से पूर्व सत्येंद्र आर्य के आवास पर वैदिक विधि से होली पूजन संपन्न हुआ। यजमान के रूप में विकास आर्य एवं पिंकी आर्य उपस्थित रहे। पुरोहित रामदेव शास्त्री व अजेश आर्य ने वैदिक अनुष्ठान कराया। संचालन जिला प्रधान सत्येंद्र आर्य ने किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध आर्य भजनोपदेशक मोहित शास्त्री (बिजनौर), मधुर गायक घनश्याम प्रेमी, महाशय जगमाल ढ्डहापुड़ऋ एवं सुशील आर्य ने भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# चंद्रग्रहण को लेकर सूतक के चलते शुकतीर्थ में मंदिरों के कपाट बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ में चंद्रग्रहण के अवसर पर सूतक काल के चलते रविवार को प्रमुख मंदिरों के कपाट निर्धारित समय से पूर्व ही बंद कर दिए गए। सूतक प्रारंभ होते ही मंदिरों में पूजा-अर्चना और दर्शन पर विराम लगा दिया गया।

सूतक काल में पूजा-पाठ, मूर्ति स्पर्श और धार्मिक अनुष्ठान वर्जित माने जाते हैं। इसी के चलते मंदिरों में सुबह की आरती के बाद कपाट बंद कर दिए गए। ग्रहण समाप्ति के पश्चात मंदिरों में गंगाजल से शुद्धिकरण कर पुनः विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और श्रद्धालुओं के लिए दर्शन खोले गए।

प्राचीन शुकदेव आश्रम, हनुमत धाम, गणेश धाम, शिवधाम, दुर्गा धाम सहित अन्य मंदिरों में भी सूतक के



प्रभाव के चलते सन्नाटा पसरा रहा। सामान्य दिनों में जहां श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है, वहीं ग्रहण के दौरान मंदिर परिसर खाली नजर आए। चंद्रग्रहण के समय मंत्रजाप और ध्यान का विशेष महत्व होता है। इसके साथ ही ग्रहण के बाद स्नान-दान करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

वही, प्रशासन की ओर से भी घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी गई थी, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

# भाजपा नेता जितेंद्र त्यागी ने की होलिका दहन की पूजा अर्चना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना में हो. लिका दहन का पावन पर्व शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के पीठ बाजार में बीती सोमवार की देर रात्रि होलिका दहन का पावन पर्व शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ बड़ी ही धूमधाम के साथ में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र त्यागी ने पूजा अर्चना की। इस अवसर पर बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 17 के सभासद अजय संगल, लक्ष्मण चौहान, बबलू त्यागी, ठेकेदार प्रेम त्यागी, आशीष जैन, सोनू रुहेला, बिटू जैन, शिवा त्यागी, निशांत भारद्वाज, सौरव बंसल, दीपक त्यागी, चंचल त्यागी और चिराग गोयल सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी कस्बेवासियों ने यहां



उत्साहपूर्वक भाग लिया और सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने होलिका दहन के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी और एक दूसरे को रंगों के इस त्योहार की बधाईयां दी। कुल मिलाकर होलिका दहन का पर्व कस्बा बुढ़ाना में शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिससे कस्बे का माहौल खुशनुमा हो गया। यहां पर उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे के साथ मिलकर होली के पावन पर्व को मनाया और सुख समृद्धि की भी कामना की।

# 10 किसानों की ट्यूबवेल से मोटर-समरसेबल चोरी

**पांच लाख का नुकसान**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ी रांगढांग में चोरों ने बीती रात किसानों पर बड़ा वार करते हुए दस टड्ूबवेलों को निशाना बना डाला। अलग-अलग खेतों में लगी विद्युत मोटर और समरसेबल पंप खोलकर चोर फरार हो गए। सुबह जब किसान खेतों पर पहुंचे तो उपकरण गायब देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई।

जानकारी के अनुसार चोर देर रात खेतों में पहुंचे और सुनसान का फायदा उठाकर टड्ूबवेलों से कीमती मोटर और समरसेबल पंप उखाड़ ले गए। चोरी की भनक लगते ही गांव में हड़कंप मच गया और आसपास के ग्रामीण भी मौके पर एकत्र हो गए। पीड़ितों में रामद. ास, धर्मेंद्र, चमन, अमित, पवन, मनोज, कुलदीप, कंवर सिंह, जुगनू और अरुण शामिल हैं। किसानों के मुताबिक चोरी गए सामान की कीमत करीब पांच लाख रुपये आंकी जा रही है। लगातार हो रही वारदातों से ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों व्याप्त हैं। पीड़ित किसान कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी और शीघ्र खुलासे की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा क्षेत्र में गश्त बढ़ाने का भरोसा दिलाया।

# गांव खरड में चलाया एंटी रोमियो अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना/फुगाना।** गांव खरड के बस स्टॉप सहित अन्य स्थानोंঘ पर मंगलवार के दिन कई महिला पुलिसकर्मियों के द्वारा सीओ फुगाना के निर्देश पर पैदल घूमकर मिशन शक्ति के 5वें चरण के तहत एंटी रोमियो अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में महिला पुलिसकर्मियों ने मिशन शक्ति के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। महिलाओं को सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबरों, एंटी रोमियो टीम की भूमिका और उत्पीड़न या छेड़छाड़ की स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। पुलिस ने आश्वस्त किया कि महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाएगी। साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए, महिलाओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और संदिग्ध लिंक से सावधान रहने के



तरीके बताए गए। उन्हें डिजिटल सुरक्षा के उपायों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इनमें विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और सुमंगला योजना शामिल थीं। पात्र महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस की इस पहल से महिलाओं में सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ी। महिलाओं ने इस कार्यक्रम की सराहना की।

# 15 हजार रुपये का इनामी शूटर मुठभेड़ में जख्मी

**बुढ़ाना।** सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर कोतवाल सुभाष बाबू अत्री ने हत्या की नीयत से दो युवकों पर फायरिंग करने वाले 15 हजार रुपये के फरार ईनामी शूटर को एक मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शूटर के पास से तमंचा और दो कारतूस भी बरामद किए हैं। बीते 16 फरवरी को दानिश निवासी मंदवाडा रोड ने बुढ़ाना पुलिस को बतलाया था कि उस पर आमिर उर्फ बाटा, समद उर्फ चीस व अरुण उर्फ जोनी ने मर्डर की नीयत से फायर किए। जिसमें वह बाल बाल बच गया। बीते 17 फरवरी को इन्हीं बदमाशों ने फिर दोबारा से अयान निवासी सफीपुर पटी पर फायरिंग की। जिसमें अयानঘ भी बाल बाल बच गया था। तब पुलिस ने भी इन बदमाशों की चुनौती स्वीकार कर मामला दर्ज कर तीनों बदमाशों पर 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित कर तीनों की तलाश शुरु कर दी थी। जिसमें पुलिस ने विगत दिनों भागदौड़ कर 2 बदमाशों आमिर व समद को पकड़कर जेल भेज दिया था जबकि अरुण फरार चल रहा था। पुलिस ने बीती देर रात अरुण को भी मुठभेड़ में गोली मारकर गांव परासौली के पास से पकड़ लिया। पूछताछ में अरुण ने बताया आमिर का दानिश के साथ पूर्व मे विवाद चल रहा है। जिसमें मुकदमें में दबाव व भय का माहौल बनाने को हमने दानिश की हत्या करने की नीयत से फायरिंग की। टीम में गढ़ी चौकी इंचार्ज ललित कसाना, कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार, दारोगा छविकांत चौहान, आशीष चौधरी, हैड कांस्टेबल निर्वेश भारद्वाज, नीरज त्यागी व संजय कुमार आदि पुलिसकर्मी रहे। बदमाश पर शामली जिले में भी अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने घायल बदमाश अरुण को अस्पताल में भर्ती कराकर उसे जेल भेजने की भी तैयारी शुरु कर दी थी।

# एसपी के समक्ष मुल्तानिया परिवार ने ही किया होलिका दहन

**खटीक समाज ने एसपी देहात का जताया आभार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** होलिका दहन करने को लेकर खटीक समाज में दो गुट बन गये तो तनावঘ की स्थिति बन गयी तब एसपी देहात आदित्य बंसल की मौजूदगी में मुल्तानिया परिवार खटीकों वाले कुएं के सदस्य डाक्टर भोपाल खटीक ने पंडितजी और सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में अपने कर कमलों द्वारा होलिका दहन किया। यहां भारी पुलिस बल तैनात रहा।

बुढ़ाना कस्बे के होली चौक पर करीब 75 सालों से कस्बे के खटीक समाज का मुल्तानिया परिवार होलिका दहन करता आ रहा है। इस बार किसी ने अफवाह उडा दी कि अब कि बार होलिका दहन मुल्तानिया परिवार नहीं



करेगा बल्कि कोई और करेगा तो खटीक समाज का एक बडा गुट होली चौक पर इकट्ठा हो गया और बुढ़ाना कोतवाली पहुंच गया। वहां पर मिले एसपी देहात आदित्य बंसल को सभी ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि अगर होलिका दहन किसी और ने किया तो वे धरना देंगे।

तब एसपी देहात ने खटीक समाज के लोगों को शांत किया और खुद पुलिस बल लेकर खटीक समाज के लोगों के साथ होली चौक पहुंच गये और चेतावनी भरे लहजे में कहा कि कोई भी नयी परम्परा लागू करने नहीं दी जाएगी। जो परिवार बरसों से होलि. का दहन करता आ रहा है वहीं परिवार होलिका दहनঘ करेगा। जिस पर खटीक समाज के लोग खुश हुए और एसपी देहात का आभार जताया। तब पूर्व परम्परा के अनुसार देर रात्रि में बिना किसी विरोध के होलिका दहन मुल्तानिया परिवार के डाक्टर भोपाल खटीक ने समाज के लोगों व पुलिस की मौजूदगी में किया।

यहां सीओ गजेंद्र पाल सिंह, कोतवाल सुभाष अत्री, क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह, थाना महिला प्रभारी सुमन शर्मा, एसएसआई ललित शर्मा, कस्बा चौकी इंचार्ज संदीप कुमार समेत अन्य पुलिस बल मौजूद रहा जबकि खटीक समाज के जिम्मेदार कुलदीप बागड़ी, ओमकार, मनीष, आशीष, टिंकू, रमेश, सौराज, फूल सिंह खटीक, कुक्कू, सुनील, मनोज, प्रदीप, नितिन बागड़ी, पप्पू, सचिन और शिव कुमार बागड़ी आदि गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# चंद्रग्रहण को लेकर मंदिरों के कपाट रहे बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** चंद्र ग्रहण के प्रभाव के चलते मंगलवार को जिले में होली का उल्लासपूर्ण आयोजन नहीं किया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ग्रहण काल और सूतक अवधि को ध्यान में रखते हुए नगर के प्रमुख मंदिरों के कपाट निर्धारित समय से पहले ही बंद कर दिए गए। इसके कारण प्रतिदिन दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को नियमित पूजा-अर्चना से वंचित रहना पड़ा। हालांकि ग्रहण समाप्ति के बाद जैसे ही मंदिरों के द्वार पुनः खोले गए, श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

ग्रहण के चलते श्री हनुमान टीला स्थित हनुमान धाम, शिव चौक का शिव मंदिर, श्री गुलजारी वाला शिव मंदिर, बलभद्र मंदिर, सदाशिव मंदिर रेलपार तथा गढ़मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर पंसारियान सहित अन्य प्रमुख मंदिरों के कपाट सूतक काल प्रारंभ होते ही बंद कर दिए गए थे। सुबह निर्धारित समय से पहले भगवान को





भोग अर्पित कर विधि-विधान से पूजा संपन्न की गई और इसके बाद श्रद्धालुओं का प्रवेश रोक दिया गया। हनुमान धाम के प्रधान सलिल द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह लगभग 6 बजकर 20 मिनट पर सूतक काल आरंभ हो गया था। धार्मिक परंपराओं के अनुसार इस अवधि में मंदिरों के द्वार बंद रखने का नियम है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं उसी अनुरूप की गईं। उन्होंने बताया कि चंद्र ग्रहण का समापन शाम लगभग 6 बजकर 45 मिनट तक रहा। ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिर परिसर में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई की गई तथा शुद्धिकरण की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके पश्चात रात लगभग 8 बजे तक मंदिरों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोल दिए गए। जैसे ही सूचना फैली कि मंदिर खुल चुके हैं, बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचने लगे। कई स्थानों पर महाआरती का आयोजन किया गया और प्रसाद वितरण भी हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान के समक्ष परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की प्रार्थना की। ग्रहण के कारण दिनभर मंदिरों में सन्नाटा पसरा रहा, जिससे नियमित रूप से आने वाले भक्तों को असुविधा हुई। हालांकि अनेक लोगों ने धार्मिक नियमों का पालन करते हुए अपने घरों में ही पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन किया। कुल मिलाकर चंद्र ग्रहण के चलते दिन में धार्मिक गतिविधियां सीमित रहीं, लेकिन शाम को मंदिरों के द्वार खुलते ही श्रद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा और वातावरण पुनः भक्तिमय हो गया।

## होलिका दहन स्थलों पर रही गंदगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एक ओर जहां होली के पर्व को लेकर बाजारों में रौनक और उत्साह का माहौल बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर होलिका दहन के बाद कई स्थानों पर सफाई व्यवस्था सुचारू न होने से गंदगी की समस्या सामने आ रही है। नगर और आसपास के कस्बों में जिन जगहों पर होलिका दहन किया गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय पर स फाई न होने के कारण राहगीरों और आसपास रहने वाले परिवारों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ला पंसारियान, गौशाला बड़ी माता मंदिर परिसर, माजरा रोड, मोहल्ला बड़ियाल, रेलपार क्षेत्र, दयानंदनगर, सीबी गुप्ता कॉलोनी, आर्यपुरी और वीवी इंटर कॉलेज रोड सहित कई स्थानों पर होलिका दहन के अवशेष अब तक नहीं हटाए गए हैं। कुछ जगहों पर राख के साथ-साथ प्लास्टिक और अन्य कचरा भी बिखरा पड़ा है, जिससे स्वच्छता व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। निवासियों का कहना है कि त्योहार के बाद इन स्थलों की तत्काल सफाई आवश्यक है, क्योंकि खुले में पड़ी राख और कचरा न केवल वातावरण को प्रदूषित करता है, बल्कि संक्रमण फैलने की आशंका भी बढ़ा देता है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए ऐसे स्थानों से गुजरना जोखिम भरा साबित हो सकता है। साथ ही हवा चलने पर राख उड़कर आसपास के घरों और दुकानों तक पहुंच रही है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। नगरवा. सियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि होलिका दहन स्थलों की शीघ्र सफाई कराकर स्वच्छता सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि पर्वों के दौरान जितना महत्व उत्सव और परंपराओं को दिया जाता है, उतना ही ध्यान स्वच्छता पर भी दिया जाना चाहिए। यदि समय रहते सफाई करा दी जाए तो नगर की सुंद. रता बनी रहेगी और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि होली की खुशियों के बीच साफ-सफाई को भी प्राथमिकता दी जाए, ताकि त्योहार का आनंद किसी अव्यवस्था या गंदगी के कारण फीका न पड़े।

## आवारा कुत्ते का हमला, ईंट भट्टे पर खेल रही 7 वर्षीय बालिका घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भारसी स्थित एक ईंट भट्टे पर मजदूरी करने गए परिवार की 7 वर्षीय बालिका पर आवारा कुत्ते ने जानलेवा हमला कर दिया। कुत्ते ने बच्ची को नोचकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

थाना क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी निवासी सादिक परिवार सहित गांव भारसी के ईंट भट्टे पर मजदूरी करने गया हुआ है। पीड़ित के अनुसार उसकी 7 वर्षीय पुत्री फरीन झुग्गी के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान एक आवारा कुत्ता अचानक वहां पहुंचा और बच्ची पर हमला बोल दिया। कुत्ते ने बालिका को बुरी तरह नोच डाला। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर भटे पर काम कर रहे मजदूर डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और कुत्ते को वहां से भगाया। तब तक बालिका घायल हो चुकी थी। परिजनों ने उसे तुरंत नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर एंटी-रेबीज का टीका लगाया और हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दियागौरतलब है कि नगर व आसपास के क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन महिला, पुरुष और बच्चों पर हमले की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।

## होली पर एंबुलेंसकर्मियों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के सरकारी अस्पताल परिसर में ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के तत्वावधान में 102/108 एंबुलेंस सेवा द्वारा होली उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान मिष्ठान वितरण किया गया तथा कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट कार्यप्रणाली के लिए सम्मानित किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम प्रबंधक जयविंदर सिंह ने जनपद के सभी कर्मचारियों को पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा के साथ मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 102 और 108 एंबुलेंस सेवाएं आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों के लिए जीवन रेखा साबित हो रही हैं, इसलिए सभी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएं।जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी ने भी सभी कर्मचारियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी सेवाएं मरीजों तक त्वरित और प्रभावी ढंग से पहुंचनी चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके और वे स्वस्थ रह सकें। होली के अवसर पर संभावित घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी एंबुलेंस वाहनों को संवेदनशील स्थलों पर तैनात करने के निर्देश दिए गए, जिससे आपात स्थिति में मरीज तक कम से कम समय में पहुंचा जा सके। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी जवेंद्र सिंह सहित कर्मचारी मोहित, संदीप, कमल, नितिन, दिलशाद, पुष्पेंद्र, शौकिंद्र, अमित, रवि कुमार, जितेंद्र, अनिल, मोहन लाल, शुभम कुमार, राहुल, विपिन कुमार एवं राज दुलारा आदि उपस्थित रहे।

## दो सौ रूपए के उधार पर दथैंडा में खूनी झड़प, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** महज दो सौ रुपये के लेन-देन को लेकर गांव दथैंडा में दो पक्षों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला लाठी-डंडों और धारदार हथियारों तक पहुंच गया। झगड़े में एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को चौकी ले आई और शांति भंग में कार्रवाई की।

चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव दथैंडा में आशीष पुत्र रुल ने घनश्याम पक्ष से दो सौ रुपये उधार लिए थे। आरोप है कि रुपये वापस मांगने को लेकर पहले दोनों ओर से गाली-गलौज हुई। देखते ही देखते माहौल बिगड़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। लाठी-डंडे चलने लगे, जिससे आशीष, सोमपाल और रोशन घायल हो गए। ग्रामीणों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन तब तक झड़प तेज हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात काबू में किए। दोनों पक्षों के दो लोगों को हिरासत में लेकर चौकी लाया गया। बाद में पुलिस ने दोनों पक्षों के एक-एक व्यक्ति का शांति भंग में चालान कर दिया। दोनों ओर से पुलिस को लिखित शिकायत भी दी गई है, जिसकी जांच की जा रही है। चौकी प्रभारी संदीप यादव का कहना है कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि धक्का-मुक्की के दौरान रोशन फिसलकर नीचे गिर गया, जिससे उसे चोट आई। फिलहाल शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मामले की जांच जारी है, आगे तथ्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### रास्ते में ईंटों का ढेर हटाने को लेकर विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बिजलीघर मार्ग स्थित बस्ती में रास्ते पर डाले गए ईंटों के ढेर को हटाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि कहासुनी के बाद मामला इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने छत पर चढ़कर पथराव कर दिया, जिसमें एक युवक घायल हो गया। मंगलवार को बिजलीघर बस्ती निवासी सुहैल पुत्र आदिल ने बताया कि उसके पड़ोसी हारून ने रास्ते पर ईंटों का ढेर लगा रखा है, जिससे आवागमन में दिक्कत हो रही थी। जब उसने घर जाते समय ईंटों का ढेर हटाने के लिए कहा तो आरोप है कि हारून के पुत्र सुहैल और उवैश ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।पीड़ित का आरोप है कि दोनों भाइयों ने परिवार की महिलाओं के साथ मिलकर छत पर चढ़कर उस पर पथराव कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। परिजनों की मदद से घायल ने चिकित्सीय परीक्षण कराया।

# रंगों से सरोबार हुआ शामली का बाजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** होली के त्यौहार को लेकर नगर के बाजार पूरी तरह रंगों में सराबोर नजर आ रहे हैं। प्रमुख व्यापा. रिक स्थल बड़ा बाजार, गांधी चौक, नेहरू मार्केट, शिव चौक और माजरा रोड पर सुबह से ही ग्राहकों की चहल-पहल बनी हुई है। देर शाम तक खरीदारी का सिलसिला जारी रहने से बाजारों में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सभी में पर्व को लेकर खास उत्साह देखा जा रहा है।

सोमवार को होलिका दहन सम्पन्न होने के बाद मंगलवार को चंद्र ग्रहण के कारण दुल्हैंडी का आयोजन नहीं किया गया। अब बुधवार को दुल्हैंडी मनाई जाएगी, जिसके चलते बाजारों में रंग, गुलाल और पिचका. रियों की दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ रही है। दुकानदारों ने अपनी दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया है।



विभिन्न प्रकार के रंग-बिरंगे गुलाल, हर्बल अबीर, नई डिजाइन की पिचकारियां, स्प्रे गन, रंगीन गुब्बारे और अलग-अलग तरह के मुखौटे ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। बच्चों के बीच कार्टून आधारित पिचकारियों और खास डिज़ाइन वाले रंगीन खिलौनों की अच्छी मांग देखी जा रही है। वहीं युवा वर्ग में इस बार हर्बल और ऑर्गेनिक गुलाल को लेकर अधिक रुचि दिखाई दे रही है। पर्यावरण और त्वचा की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लोग रसायन मुक्त उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस बार बिक्री में पिछले वर्ष की अपेक्षा सुधार हुआ है।

जिससे बाजारों की रौनक फिर से लौट आई है और कारोबार में उत्साह दिखाई दे रहा है। गृहिणियां भी पूजन सामग्री, मिठाइयों और घर सजाने के सामान की खरीदारी में व्यस्त नजर आईं। कई स्थानों पर अस्थायी स्टॉल लगाए गए हैं, जहां ग्रामीण इलाकों से आए लोग भी उत्साहपूर्वक खरीदारी कर रहे हैं। भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल तैनात है, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। कुल मिलाकर नगर में होली को लेकर उल्लास और उमंग का माहौल बना हुआ है।

# झिंझाना में एसपी ने निकाला फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस अधीक्षक ने होली पर्व के मद्देनज़र कस्बा झिंझाना में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से निकाले गए इस मार्च के जरिए आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया, साथ ही उपद्रव फैलाने की मंशा रखने वाले तत्वों को कड़ा संदेश दिया गया।

फ्लैग मार्च कस्बे के मुख्य बाजार, प्रमुख चौराहों और संवे. दनशील माने जाने वाले इलाकों से होकर गुजरा। पुलिस बल की मौजूदगी से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल दिखाई दिया। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों और व्यापारियों से बातचीत कर उन्हें निडर होकर त्योहार मनाने का आश्वासन दिया। साथ ही स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति अफवाह फैलाने, सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने या कानून व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का पर्व है। इसे शांति और मर्यादा के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री साझा न करें। पुलिस की साइबर टीम ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है और गलत पोस्ट करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में क्षेत्रधिकारी, थाना प्रभारी और पर्याप्त पुलिस बल शामिल रहा। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। इसके अतिरिक्त ड्रोन कैमरों की



सहायता से भी भीड़भाड़ वाले इलाकों पर नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी स्थिति में तुरंत हस्तक्षेप किया जा सके। प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि उन्हें किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। समय पर सूचना मिलने से संभावित घटनाओं को रोका जा सकता है। कुल मिलाकर पुलिस प्रशासन होली को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आ रहा है।

## दान केवल सामाजिक सहयोग नहीं:प्रतीक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर स्थित जैन धर्मशाला में चल रहे आध्यात्मिक शिविर के चौथे दिन श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर क्रांतिवीर मुनि प्रतीक सागर मुनिराज ने प्रवचन देते हुए जैन सिद्धांतों में दान और भैयावृत्ति (सेवा) की महत्ता को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि दान केवल सामाजिक सहयोग नहीं, बल्कि आत्मोन्नति और लोकमंगल का प्रभावी माध्यम है।

मुनिराज ने अपने उद्बोधन में बताया कि दान का स्वरूप भले ही छोटा प्रतीत हो, उसका परिणाम अत्यंत व्यापक होता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे एक छोटा बीज समय आने पर विशाल वृक्ष बनकर अनेकों को छाया और फल देता है, उसी प्रकार श्रद्धा से किया गया अल्प दान भी अनेक गुना फल प्रदान करता है। उनके अनुसार



दान व्यक्ति की आध्यात्मिक पूंजी को समृद्ध करता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। भैयावृत्ति के विषय में बोलते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि सेवा भावना आत्मबल को जागृत करती है। विशेषकर साधु-संतों की सेवा से कर्मों का क्षय होता है और व्यक्ति के जीवन में शुद्धता का विकास होता है। उन्होंने कहा कि सच्ची भावना से की गई सेवा से घातक कर्मों का नाश संभव है, जिससे शारीरिक और मान. सिक शक्ति में वृद्धि होती है। पूर्व जन्मों में की गई सेवा का प्रभाव भी वर्तमान जीवन में सामर्थ्य और सफलता के रूप में दिखाई देता है। मुनिराज ने यह भी बताया कि साधु के विहार में सहयोग देना अभय दान की श्रेणी में आता है, जो जीवन की कठिनाइयों से रक्षा करने वाला माना गया है। उन्होंने आहार दान, औषध दान और ज्ञान दान का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक दान का अपना विशेष महत्व है और किसी एक को सर्वोच्च बताना उचित नहीं। सभी दान अपनी-अपनी परिस्थितियों में समान रूप से कल्याणकारी हैं। प्रवचन के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर धर्मोपदेश सुनते रहे। अंत में मुनिराज ने सभी से सेवा, त्याग और दान की भावना को जीवन में अपनाने का आहवान किया। शिविर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी भाग ले रहे हैं और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

## होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर स्थित हनुमान धाम में देर रात होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत भगवान हनुमान के विशेष श्रृंगार से की गई। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया। इसके पश्चात भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर विधिवत पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन के अंतर्गत संगीतमय सुंदरकांड पाठ भी हुआ, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने सामूहिक रूप से भाग लिया और भक्ति रस में लीन होकर पाठ किया। पूजा-अर्चना का संचालन पंडित देवेंद्र शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया। इसके बाद मंदिर के प्रधान सलिल द्विवेदी ने महाआरती की। आरती के समय पूरा परिसर दीपों की रोशनी और भक्ति भाव से आलोकित हो उठा। भजन गायकों ने बाबा के भक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। जय श्रीराम और बजरंगबली के जयघोष से माहौल भक्तिमय बना रहा। भक्ति कार्यक्रम के उपरांत श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रांगण में फूलों की होली खेली। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम व सौहार्द का संदेश दिया। आयोजन के दौरान राजकुमार मित्तल, रवि संगल, विकास धीमान, अमित गर्ग, अमित गोयल, अवनी गुप्ता, हर्षित, अमित प्रजापति, भोला, नमन, मोहित कश्यप और यश गर्ग सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। देर रात तक चले कार्यक्रम में उत्साह का संचार रहा।

### ड्यूटी से लौट रहे दो युवक सड़क हादसे में घायल

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सहपत निवासी संदीप पुत्र टेकराम और सागर पुत्र श्याम हरियाणा के थाना सनौली क्षेत्र के गांव कुराड़ स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। मंगलवार शाम दोनों बाइक से डड्यूटी समाप्त कर अपने गांव सहपत लौट रहे थे। बताया गया है कि गांव मवी के पास पहुंचते ही उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इससे दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना राहगीरों ने डायल 112 पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को तत्काल कैराना के सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने संदीप की हालत चिंता. जनक देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जबकि सागर का उपचार स्थानीय स्तर पर जारी है। पुलिस का कहना है कि हादसा बाइक फिसलने के कारण हुआ। मामले में आवश्यक की जा रही है।

## रंगदारी न देने पर रेत खदान संचालक पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मण्डावर स्थित एक रेत खदान के संचालक ने तेरह व्यक्तियों समेत कुल 19 लोगों के खिलाफ रंगदारी न देने के चलते जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इस मामले में पिता-पुत्र के रूप में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

शासन की ओर से यमुना खादर क्षेत्र के मण्डावर में रेत खनन का पट्टा जारी किया गया है। इस खदान का संचालन हरियाणा के सोनीपत निवासी नीरज मलिक कर रहे हैं। नीरज मलिक ने कैराना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 01 मार्च की शाम लगभग आठ बजे गांव मण्डावर निवासी मेहरबान, जुनैद पुत्र हारुण, हारुण, आवेश, जुनैद पुत्र अब्बास, इंतजार, जुनैद पुत्र इदरीश, शाहरुख,



अलताफ, आरिफ, तसव्वर, अफसर और कैराना निवासी अफसर रावल के साथ पांच-छह अज्ञात लोग लाठी और तमंचों से लैस होकर खदान पर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने खदान के वाहन चालक संदीप (ग्राम बाई, थाना बढ़ी, जनपद सोनीपतऋ को गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और कहा, या तो पैसे दो, वरना खदान नहीं चलेगी। जब खदान संचालक मौके पर पहुंचे, तो आरोपियों ने उन पर फायरिंग की, जिससे वह बाल-बाल बच गए। इसके बाद आरा. ेपी धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपियों अलताफ और उनके पिता आरिफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह प्रतीत होता है कि यह विवाद खदान से रेत के वाहन निकालने के दौरान पैसे मांगने से जुड़ा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे की जांच जारी है।

## मारपीट व जान से मारने की धमकी के आरोप में मुक. दमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मोहल्ला खैलकला निवासी मेहरबान पुत्र मजीद ने कोतवाली में तहरीर देकर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बताया है कि सोमवार दोपहर करीब 2रू30 बजे उसकी पत्नी जामा मस्जिद के पास एक दुकान पर सामान खरीद रही थी। इसी दौरान मोहल्ला सलारियान निवासी सरफराज, अबरार, जब्बार और लालू पुत्र इकबाल ने कहासुनी शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला के साथ लात-घूंसों से मारपीट की और गालियाँ देते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बच्चों के विवाद में घर में घुसकर पांच साल के मासूम को पीटा

### दबंगों ने मां से भी की मारपीट, तीन नामजद समेत पांच पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आलकलां मायापुर रोड पर बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद के बाद दबंगों द्वारा घर में घुसकर पांच वष ीय मासूम पर हमला करने का मामला सामने आया है।

आरोप है कि लाठी-डंडों से लैस आरोपियों ने बच्चे को बेरहमी से पीटा और उसकी मां के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला आलकलां निवासी रिहाना पत्नी सुफियान ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि गत 19 फरवरी की रात उसके बेटे सुहान और पड़ोसी इरफान के बच्चों के बीच गली में खेलते समय कहासुनी हो गई थी।

वह अपने बेटे को डांटकर घर ले आई थी। आरोप है कि कुछ देर बाद जुल्फिक्कार उर्फ जुल्लू पुत्र इकराम और वसीम पुत्र जहूर हसन निवासी मोहल्ला आलकलां अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए।इस दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए बच्चे को जान से मारने की धमकी दी और पांच वर्षीय सुहान को बेरहमी से पीटा।

जब रिहाना ने बेटे को बचाने का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कराया। आरोप है कि जाते समय आरोपी परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल बच्चे को सीएचसी पर भर्ती कराया गया है।

हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल शामली के लिए रेफर कर दिया,जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़िता ने बताया कि बच्चे के इलाज में व्यस्त रहने के कारण वह तुरंत तहरीर नहीं दे सकी। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरो. पियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

### घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट व छेड़छाड़ में कार्रवाई की मांग

**कैराना।** मोहल्ला छड़ियान में पुरानी रंजिश के चलते एक महिला ने अपने घर में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए नामजद सात लोगों सहित दो अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता, ने बताया कि उन्होंने सोमवार शाम 5:30 बजे मोहल्ला छड़ियान के एक परिवार के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते मंगलवार को उक्त परिवार के पुरुष और महिला तथा दो अज्ञात व्यक्ति लाठी-डंडे और चाकू लेकर उनके घर में घुस आए। पीड़िता के अनुसार आरो. पियों ने गाली-गलौज की और कहा कि तुमने हमारे खिलाफ तहरीर दी है, आज तुम्हें मजा चखाएंगे। विरोध करने पर उन्होंने पीड़िता और उनकी बहन से मारपीट की और एक आरोपी ने अश्लील हरकत करते हुए कपड़े फाड़ दिए। शोर सुनकर बचाव में आई युवती के साथ भी मारपीट व अभद्रता की गई। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने जाते समय जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबन्ध में डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। इस घटना में तीन महिलाएं घायल हुईं।

# होलीः आज उड़ेगा गुलाल, मौसम रहेगा गर्म व शुष्क

## मौसम विभाग के अनुसार 33 डिग्री तक पहुंच सकता है अधिकतम तापमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** होली के दिन शहरवासियों को रंगों के त्योहार के दौरान गर्मी का अहसास होगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 4 मार्च को मौसम गर्म और शुष्क रहने की संभावना है। दिन के समय अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जबकि रात में न्यूनतम तापमान करीब 19 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

वैज्ञानिकों की माने तो बुधवार को सुबह से ही धूप तेज होने की संभावना है। दोपहर के समय गर्मी अधिक महसूस होगी। ऐसे में रंग खेलने के लिए घर से बाहर निकलने वाले लोगों को धूप से बचाव के उपाय करने की सलाह दी गई है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को अधिक देर तक धूप में रहने से बचना चाहिए। दिनभर हल्की से सामान्य गति की हवा चलती रहेगी। हालांकि हवा में नमी कम रहने के कारण शुष्क गर्मी का प्रभाव ज्यादा महसूस हो सकता है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार, होली के दिन आसमान मुख्य रूप से साफ रहेगा और तेज धूप खिली रहेगी। बारिश की कोई संभावना नहीं है, जिससे दिन भर शुष्क मौसम बना रहेगा। इसके साथ-साथ हवा चलने से धूप का अहसास कुछ कम होगा। 4 मार्च को सूर्योदय सुबह लगभग 6:42 बजे और सूर्यास्त शाम करीब 6:19 बजे होने का अनुमान है। डॉक्टरों का कहना है कि गर्मी को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, हल्के और सूती कपड़े पहनें तथा दोपहर के समय सीधी धूप से बचें। होली के उत्साह के बीच मौसम का ध्यान रखना भी जरूरी है।

### शहरवासियों को नहीं होगी पानी की किल्लत, तैयारियां पूरी

होली के रंगों के बीच शहरवासियों को पानी की किल्लत का सामना नहीं करना पड़े, इसको लेकर नगर निगम ने जलापूर्ति की विशेष तैयारियां पूरी कर ली हैं। नगर निगम की ओर से 32 अतिरिक्त पानी के टैंकरों की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी क्षेत्र में पानी की कमी न हो।

अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार के अनुसार, होली पर रंग खेलने के कारण सामान्य दिनों की तुलना में पानी की खपत बढ़ जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए सभी ओवरहेड टंकियों को पहले से भरने, ट्यूबवेलों की जांच और पंपिंग स्टेशनों की निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील और अधिक आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष रूप से अतिरिक्त टैंकर तैनात किए गए हैं। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि होली पर पानी का उपयोग संयमित ढंग से करें और अनावश्यक बर्बादी से बचें, ताकि सभी को पर्याप्त पानी मिल सके।

### कंट्रोल रूप भी बनाया

नगर आयुक्त सौरव गंगवार ने बताया कि जल विभाग की टीमें 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहेंगी। किसी भी क्षेत्र में पाइपलाइन लीकेज या मोटर खराब होने की सूचना मिलते ही तुरंत मरम्मत की जाएगी। इसके लिए कंट्रोल रूम भी सक्रिय रहेगा, जहां नागरिक शिकायत दर्ज करा सकेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि होली जैसे बड़े त्योहार पर शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं निर्बाध मिलना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जलापूर्ति में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

# होली पर अलर्ट रहेगा स्वास्थ्य विभाग, सीएमओ ने दिए निर्देश

## मेडिकल, प्यारेलाल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बेडों की संख्या बढ़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** होली के रंगों के बीच नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया ने निर्देश जारी कर जिले के सभी सीएचसी और पीएचसी पर अतिरिक्त बेड की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल और मेडिकल अस्पताल में पांच प्रतिशत बेड इमरजेंसी के लिए आरक्षित किए गए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को तत्काल भर्ती कर उपचार दिया जा सके। स्किन और आंख के मरीजों पर विशेष फोकस होली के दौरान रंग और केमिकल के कारण सबसे अधिक त्वचा और आंख से संबंधित समस्याएं सामने आती हैं। इसे देखते हुए जिला अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ और नेत्र रोग विशेषज्ञ की ड्यूटी विशेष रूप से लगाई गई है। इमरजेंसी वार्ड में जरूरी दवाओं का पर्याप्त स्टॉक पहले से मंगा लिया गया है। जिला अस्पताल की एसआईसी सुदेश कुमारी ने बताया कि होली के दिन इमरजेंसी ओपीडी पूर्व की भांति 24 घंटे संचालित रहेगी। सड़क दुर्घटना, एलर्जी, आंख में जलन या अन्य आकस्मिक बीमारियों का तत्काल इलाज किया जाएगा। महिला जिला अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूता रोग विशेषज्ञों की ड्यूटी लगाई गई है।

गर्भवती महिलाओं से जुड़ी किसी भी आपात स्थिति के लिए एंबुलेंस और चालक की तैनाती सुनिश्चित की गई है। अचानक डिलीवरी या अन्य जटिलता की स्थिति में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध त्योहार के दौरान भीड़भाड़ और खुले में घूमने के कारण कुत्तों के काटने की घटनाएं भी बढ़ सकती हैं। इसे देखते हुए इमरजेंसी वार्ड में एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध रखी गई है, ताकि किसी भी पीड़ित को तुरंत टीका लगाया जा सके।

### भीड़भाड़ वाले इलाकों में रहेगी एंबुलेंस

होली के दौरान शहर के जिन इलाकों में अधिक भीड़ जुटने की संभावना है, वहां पहले से एंबुलेंस तैनात रहेंगी। एंबुलेंस में ऑक्सीजन, प्राथमिक उपचार किट और अन्य जरूरी उपकरणों की जांच कर ली गई है, ताकि जरूरत पड़ने पर मरीज को मौके पर ही फर्स्ट एड दिया जा सके और नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जा सके।

### स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों से अपील

स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि केमिकल युक्त रंगों से बचें, आंखों और त्वचा की सुरक्षा करें और किसी भी आपात स्थिति में 108 एंबुलेंस सेवा पर कॉल करें। विभाग के अनुसार, होली के दिन 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं सक्रिय रहेंगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

## आयतुल्लाह अली खामेनेई को पेश की खिराज-ए-अकीदत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ईरान के सुप्रीम लीडर रहे आयतुल्लाह अली खामेनेई की याद में जैदी नगर सोसाइटी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयतुल्लाह अली खघमेनेई को खिराज ए अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश की गई। कार्यक्रम की शुरुआत अली हादी द्वारा कलाम ए पाक से हुई। इसके बाद आयतुल्लाह अली खामेनेई के जीवन और उनके संघर्ष पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान खामेनेई पर प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया। इसमें आगा मोहम्मद ने छात्रों के प्रश्नों के उत्तर दिए। इस दौरान फातिमा, अली मेहदी, नौरस, अली जमा और अली जव्वाद ने कई सवाल किए। कार्यक्रम में खामेनेई की जिंदगी पर एक विशेष प्रस्तुति भी दी गई। छात्र जैद और फातिमा ने खामेनेई की जिंदगी को तकवे (परहेजगारी) वाली जिंदगी बताया। इस अवसर पर बशीर, मेंहदी, आलिफ, नेहा, सलमा, फरवा और कैप्टन सलमान जैदी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# होली पूजन करने आ रहे परिवार को कार ने मारी टक्कर, घायल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** क्षेत्र में होली पूजन के लिए घर आ रहे एक परिवार की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में माता-पिता और उनके दो भतीजे घायल हो गए। घटनाक्रम के अनुसार, सजलदीप पुत्र आत्माराम अपने माता-पिता आत्माराम मुंडे व पूनम मुंडे तथा दो भतीजों अरनव और अक्षित के साथ अपनी कार से पैतृक गांव जा रहे थे।

बागपत रोड पर बाफर बम्बे से आगे खेडकी मार्ग के पास जानी की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार आई-20 कार ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सजलदीप के पिता आत्माराम मुंडे और माता पूनम मुंडे गंभीर रूप से घायल हो गए। पूनम मुंडे के सिर और छाती में गंभीर चोटें आईं, जबकि आत्माराम मुंडे के घुटनों और छाती में चोट लगी। दोनों छोटे बच्चों को भी चोटें आई हैं। हादसे में कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत जानी स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पीड़ित पक्ष ने मंगलवार को आरोपी वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र के अनुसार, पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार को कब्जे में लेकर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

# सेंट्रल मार्केटः व्यापारियों में चिंता का माहौल, कुछ ने खुद ही हटाना शुरू किया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सेंट्रल मार्केट में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के आदेश के चलते अब लगातार बाजार की तस्वीर बदली नजर आ रही है। कभी शाम ढलते ही रोशनी और भीड़ से गुलजार रहने वाला यह बाजार अब धीरे-धीरे अपनी रौनक खोता नजर आ रहा है। सुप्रीम कोर्ट के ध्वस्तीकरण संबंधी आदेश के बाद व्यापारियों में असमंजस और चिंता का माहौल है। बाजार में कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर किया गया अतिक्रमण स्वयं हटाना शुरू कर दिया है। छज्जे तोड़े जा रहे हैं और आगे बढ़ाए गए हिस्सों को ध्वस्त किया जा रहा है। कई कारोबारियों ने अपने आवास में संचालित हो रही दुकानों के शटर हटाकर दोबारा दरवाजे लगवाने शुरू कर दिए हैं, ताकि भवन को मूल स्वरूप में दिखाया जा सके। वहीं कुछ दुकानों के बाहर 'बिकाऊ है' के पोस्टर और बैनर भी




दिखाई देने लगे हैं। टीन शेड और अन्य निर्माण सामग्री भी बिक्री के लिए रखी जा रही है। ऊंची इमारतों में स्थापित नामी ब्रांड्स के शोरूम, जो कभी लोगों को आकर्षित करते थे, अब अपने साइन बोर्ड और लाइटें हटाने लगे हैं। शाम के समय जिस बाजार में दुपहिया वाहन निकालना भी मुश्किल होता था, वहां अब पहले जैसी भीड़ नजर नहीं आ रही। दूसरी ओर, व्यापारियों में आक्रोश भी देखने को मिल रहा है। व्यापारियों ने शहर के तीन थानों में प्रदर्शन कर आरटीआई कार्यकर्ता लोकेश खुराना के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। उनका आरोप है कि लगातार शिकायतों के चलते ही यह कार्रवाई तेज हुई है।

### मुख्य सचिव व राष्ट्रपति से लगाई जाएगी गुहार

व्यापारी जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मुख्य सचिव और राष्ट्रपति तक गुहार लगाने की तैयारी में हैं। उनका कहना है कि मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए राहत दी जाए, ताकि हजारों परिवारों की रोजी-रोटी प्रभावित न हो। सेंट्रल मार्केट में पसरा सन्नाटा और बदलती तस्वीर शहरवासियों के लिए भी चिंता का विषय बनी हुई है। आने वाले दिनों में प्रशासनिक कार्रवाई किस दिशा में जाती है, इस पर सभी की नजरें टिकी हैं।

# ग्रामीणों ने फूंका एनएचएआई का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** क्षेत्र के गांव हसनपुर कलां में होली दहन के अवसर पर ग्रामीणों का गुस्सा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के खिलाफ फूट पड़ा। देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग 709 पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास ग्रामीणों ने होलिका दहन के दौरान एनएचएआई का पुतला फूंकते हुए जोरदार प्रदर्शन किया और 'एनएचएआई मुर्दाबाद' के नारे लगाए।



ग्रामीणों का आरोप है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 709 का निर्माण कार्य पिछले लगभग चार वर्षों से चल रहा है, लेकिन बीते डेढ़ वर्ष से पूरी तरह ठप पड़ा है। अधूरे निर्माण के कारण सड़क का अधिकांश हिस्सा जर्जर और क्षतिग्रस्त हो चुका है। जगह-जगह गड्ढे, उखड़ी सड़क और अधूरी पुलिया दुर्घटनाओं को न्योता दे रही हैं। आए दिन वाहन फंसने और लगातार हादसों की संख्या भी बढ़ रही है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से सैकड़ों गांवों के हजारों लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। किसानों, व्यापारियों, स्कूली बच्चों और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धूल और कीचड़ के कारण स्थिति और भी खराब हो जाती है। बरसात के समय हालात बदतर हो जाते हैं, जिससे मार्ग लगभग अवरुद्ध जैसा हो जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मुद्दे को क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर द्वारा भी संसदमें उठाया जा चुका है, बावजूद इसके निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं हो सका। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग और प्रशासन इस गंभीर समस्या की अनदेखी कर रहे हैं।

### ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि राष्ट्रीय राजमार्ग 709 पर रुका हुआ निर्माण कार्य शीघ्र पुनः प्रारंभ कराया जाए और सड़क को सुरक्षित व सुचारु बनाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्रवासी बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि विकास के नाम पर वर्षों से केवल आश्वासन मिल रहे हैं, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि अधूरी सड़क क्षेत्र की बड़ी समस्या बन चुकी है। अब क्षेत्रवासियों को प्रशासनिक हस्तक्षेप और ठोस कार्रवाई का इंतजार है।

# प्रविण मसालेवाले ने मुगल किचन से प्रेरित होकर सुहाना नूर रेंज को किया लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत की मसालों और फूड सॉल्यूशंस कंपनियों में से सबसे तेजी से बढ़ती एक कंपनी प्रविण मसालेवाले ने सुहाना नूर को लॉन्च करके अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। यह मिश्रित मसालों की एक नई रेंज है जिसे घर पर खाना बनाते समय पारंपरिक मुगलई खाने के असली स्वाद को फिर से बनाने के लिए विकसित किया गया है।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए स्ट्रैटेजी, मार्केटिंग और फाइनेंस के निर्देशक विशाल चोरडिया ने कहा, भारतीय खाना 8000 से ज्यादा सालों के इतिहास में कई तरह के प्रभावों से बना एक मिला-जुला रूप है। देश की रसोई की विरासत पुरानी सभ्यताओं से आती है, जिस पर बाद के सालों में पश्चिमी एशियाई और फारसी संस्कृति का असर हुआ है, जिसके बाद मुगल और ब्रिटिश प्रभाव पड़े। सालों से, मुगलई खाना भारतीय खाने का एक जरूरी हिस्सा बन गया है चाहे वह कोरमा और करी, टिक्का और कबाब के रूप में हो, या बहुत पसंद की जाने वाली बिरयानी के अलग-अलग रूपों में हो। मुगलई खाने का असली मजा धीमी आंच पर खाना पकाने की प्रक्रिया और परतदार ग्रेवी में है, जिससे खाने में मजा आता है। लेकिन सबसे जरूरी बात यह है कि इसमें इस्तेमाल होने वाले मसालों का मिश्रण, जो अलग-अलग व्यंजनों के असली स्वाद को जिंदा रखने के लिए बहुत जरूरी है। सुहाना नूर का मकसद उपभोक्ताओं को मसालों की ऐसी रेंज देना है, जिससे वे घर पर मुगलई खाने की सबसे प्रचलित डिश तैयार कर सकें और उनके असली स्वाद का अनुभव भी बरकरार रहे। यह रेंज उन उपभोक्ताओं के लिए लाई गई है जो मुगलई डिश बनाना और खाना पसंद करते हैं, लेकिन बाजार में अभी मौजूद दूसरे मसालों के मुकाबले ज्यादा प्रमाणित स्वाद चाहते हैं। सुहाना नूर खास उत्पादों की एक रेंज को पेश करता है जो मुगल किचन की क्लासिक रेसिपीज को फिर से बनाती है। इस रेंज में बिरयानी, ग्रेवी और स्टार्टर के लिए समर्पित मिश्रण शामिल हैं, जैसे शाही बिरयानी मसाला, बॉम्बे बिरयानी मसाला, सिंधी बिरयानी मसाला, चिकन कोरमा मसाला, मटन कोरमा मसाला, कड़ाही मसाला, अचार गोश्त मसाला, डालचा/दाल गोश्त मसाला, निहारी मसाला, शामी कबाब मसाला और सीख कबाब मसाला। मुगलई किचन की शान और सदियों पुरानी खाने की परंपराओं से प्रेरणा लेते हुए, हर मसाले का मिश्रण कंपनी की खोज और अनुसंधान टीम द्वारा दो साल से ज्यादा की गहन रिसर्च के बाद सोच-समझकर बनाया गया है। इस प्रोसेस में मुगलई इतिहास, क्षेत्रीय खाना पकाने की शैलियों की गहन पड़ताल और विशेषज्ञों से सलाह शामिल थी ताकि खाने के शाही स्वाद को सही तरीके से फिर से बनाया जा सके। सिर्फ सबसे बेहतरीन सामग्री को हाथ से चुना गया है, जिसमें बिरयानी जैसे खास मिश्रणों को सूखे आलूबुखारे जैसे खास तत्वों से भरपूर किया गया है - यह एक ऐसी सामग्री है जिसका इस्तेमाल पारंपरिक रूप से स्वाद में गहराई और हल्की मिठास जोड़ने के लिए किया जाता है। पूरी रेंज कंपनी की अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं में बनाई जाती है, जो विरासत को आधुनिक गुणवत्ता मानकों के साथ सहजता से मिलाती है। श्री चोरडिया ने कहा, हसुहाना में, हमने हमेशा इलाकाई स्वाद के हिसाब से उत्पाद तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया है, चाहे वह हमारी गुजरात स्पेशल रेंज हो या कर्नाटक स्पेशल उत्पाद। खास तरह के खाने के लिए मसालों के मिश्रण की मांग बढ़ रही है, खासकर नॉन-वेजिटेरियन डिशेज के लिए जो आजकल घरों में ज्यादा बनाई जा रही है। सुहाना नूर के साथ, हमारा मकसद पॉपुलर मुगलई रेसिपी बनाने को आसान बनाना है, साथ ही उनके असली स्वाद को भी बनाए रखना है। रेस्टोरेंट में पॉपुलर होने के बावजूद, पैकेट वाले मसालों के सेगमेंट में मुगलई खाना अभी भी कम है, और यह रेंज रोजाना घर पर खाना बनाने के लिए सुविधाजनक, किफायती मिश्रण के साथ इस कमी को पूरा करना चाहती है। सुहाना नूर रेंज को चुनिंदा बाजारों में सामान्य ट्रेड और आधुनिक रिटेल आउटलेट्स में लॉन्च किया जा रहा है और यह प्रमुख ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध है। मूल्य-वर्धक मसाला मिश्रणों में कंपनी की विकास रणनीति के तहत अगले महीनों में इसका वितरण और बढ़ाया जाएगा। प्रविण मसालेवाले पकाने के लिए तैयार मसाला मिक्स के क्षेत्र में अग्रणी है, जो 40 से ज्यादा किसमें पेश करता है जो घरेलू और कई अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में खाना पकाने में असली स्वाद और सुविधा दोनों देते हैं। इसके ब्रांड में सुहाना, अंबारी और सर्वम शामिल हैं, साथ ही इसका मास्टर अचार ब्रांड, प्रविणभी है।

## हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। आरोपी की पहचान जितेंद्र उर्फ छोटा पुत्र ब्रजपाल निवासी ग्राम नंगला मल थाना मुंडाली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 16 नवंबर 2025 को धीरज सिंह पुत्र स्व. राजवीर सिंह निवासी ग्राम जाटोली थाना कंकरखेड़ा ने तहरीर देकर बताया था कि कुछ लोगों ने उसके भाई विपिन कुमार की मोटरसाइकिल रोककर लाठी-डंडों से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान आरोपी जितेंद्र उर्फ छोटा का नाम प्रकाश में आया, जो घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और आगे की कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# सपा के होली मिलन समारोह में हेलिकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा

## सपा नेता की ओर से किया कार्यक्रम, रागिनी गायकों ने बांधा समा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में सपा नेता डॉ. आदित्य सिंह लिसाड़ी ने एक होली मिलन समारोह का आयोजन किया। बिजली बम्बा बाईपास स्थित भड़ाना फार्म पर हुए इस कार्यक्रम में हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। समारोह में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग, पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे। लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत में हेलीकॉप्टर से फूलों की वर्षा की गई, जिसका उपस्थित लोगों ने तालियों और जयकारों से स्वागत किया। मंच पर रागिनी गायकों और अन्य कलाकारों ने देशभक्ति और होली के पारंपरिक गीतों की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और कार्यक्रम में उत्साह भर दिया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी




के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी, जिलाध्यक्ष कर्मवीर गुर्जर, मुखिया गुर्जर, सीमा प्रधान और राशिद मलिक सहित कई प्रमुख पदाधिकारी और नेता मौजूद रहे। अतिथियों ने आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। डॉ. आदित्य सिंह ने सभी क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि होली प्रेम, एकता और सद्भाव का त्योहार है और ऐसे आयोजन समाज में आपसी सौहार्द को बढ़ावा देते हैं।

# गांव मंडावली खादर में हुआ होली मिलन समारोह

**बुढ़ाना।** भू दृष्टि फाउंडेशन ने बुढ़ाना ब्लॉक के मंडावली खादर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। होली के पावन पर्व पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसने आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। फाउंडेशन पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का स्वागत गुलाल और पुष्पमालाओं से किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने होली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह समाज में एकता, सौहार्द और आपसी प्रेम को मजबूत करने का पर्व है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। बच्चों और युवाओं ने गीत, संगीत और नृत्य के माध्यम से सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने अपने सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा जागरूकता और समाज सेवा जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला, साथ ही भविष्य में भी समाज के लिए कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया। समारोह के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रेम और सौहार्द का संदेश फैलाने का संकल्प भी लिया गया।

# प्रतिबंधित पशु के कटान के आरोपियों के खिलाफ मामला किया दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी शक्तिपीठ के निकट बाबूपुर नगली मार्ग पर एक मकान में हुई प्रतिबंधित पशु के कटान के आरोप में पुलिस ने एक युवक को नामजद करते हुए छह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हालांकि अभी तक कोई आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है।

सोमवार शाम को बाबूपुर नगली रोड स्थित एक मकान में प्रतिबंधित पशु के कटान की सूचना से लोगों में रोष फैल गया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही आरोपी भाग निकले थे जबकि मौके से कटान के उपकरण और कुछ अवशेष बरामद किए गए थे। मंगलवार को पुलिस ने मुजफ्फरनगर निवासी दानिश सहित पांच अज्ञात के खिलाफ गोअधिनियम की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरपाल शर्मा ने बताया कि दानिश की गिरफ्तारी को पुलिस टीम छापेमारी कर रही है। बताया कि अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

**सूचना मिलने पर पुलिस को छापामारी में उपकरण और कुछ अवशेष बरामद हुए थे। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही आरोपी भाग निकले थे। दानिश की गिरफ्तारी को पुलिस टीम छापेमारी कर रही है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।**

# भाजपाइयों ने नए जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भाजपाइयों के प्रतिनिधि मंडल नेनवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा को होली की बधाई दी। इस दौरान जिलध्यक्ष ने भाजपाइयों से कहा कि विधान सभा और पंचायत चुनाव के लिए मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें पार्टी की जनहित की नीतियों से अवगत कराएं।

पूर्व मंडल अध्यक्ष नितिन राणा और पूर्व नगर महामंत्री बिजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में नानौता क्षेत्र के गांव खुड़ाना पहुंच प्रतिनिधि मंडल को भाजपा जिलाध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि पार्टी कार्यकर्ताओं का सम्मान और संगठन को मजबूत करना उनका मुख्य उद्देश्य होगा। कहा कि पार्टी में कोई वीआईपी कल्चर नहीं होगा। कहा कि पार्टी कार्यकर्ता को सीधे वरिष्ठ नेताओं से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। अजीत राणा ने कहा कि वह सर्वसमाज और पार्टी के



समस्त कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे। इस दौरान गगन मित्तल, आनंद वर्मा, अमित धीमान और महेंद्र धीमान आदि भाजपा के कार्यकर्ता शामिल रहे।

# नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल की छात्रा इनाया सलमानी ने रखा रोजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवबंद।** माहे रमजान के पवित्र महीने में जहां हर तरफ लोग इबादत में जुटे हुए हैं, वहीं बच्चों में भी खुदा की राह में रोजे रखने का खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में मोहल्ला पठानपुरा रेती चौक की रहने वाली 11 वर्षीय इनाया ने अपना पहला रोजा मुकम्मल किया। नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल में कक्षा 4 की छात्रा इनाया को पढ़ने-लिखने का बड़ा ही शौक है और वह अपनी पढ़ाई में काफी अव्वल रहती है। इनाया के पिता आसिफ सलमानी ने बताया कि इनाया जितनी लगन अपनी शिक्षा के प्रति दिखाती है, उतनी ही अकीदत उसने अपने पहले रोजे में भी दिखाई। सुबह सहरी से लेकर शाम इफ्तार तक इनाया ने पूरे जोश के साथ अपना रोजा पूरा किया। शाम को इफ्तार के वक्त परिवार के लोगों ने नन्ही इनाया की हौसला अफजाई की और उसके नेक भविष्य के लिए दुआएं मांगी। मासूम इनाया के पहला रोजा रखने पर परिजनों और रिश्तेदारों ने उसे मुबारकबाद पेश की है।



# कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: एसपी

## होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क, वाहनों की भी चैकिंग जारी







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद के सभी थानों की पुलिस द्वारा व्यापक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन जांच की जा रही है। शहर के प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस लगातार पैदल गश्त कर रही है। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की भी जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। पुलिस अधिकारी सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त, सीसीटीवी कैमरों के जरिए भी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। अभियान के तहत पुलिसकर्मी आम जनता से संवाद कर रहे हैं और सभी से शांति, सौहार्द तथा आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील कर रहे हैं। प्रशासन ने कहा है कि त्योहार खुशियों का प्रतीक है और इसे प्रेम व सद्भाव के साथ मनाया जाना चाहिए। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि हुड़दंग करने वालों, अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों या कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों से यह भी अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। बागपत पुलिस की यह सतर्कता और व्यापक चेकिंग अभियान दर्शाता है कि प्रशासन होली पर्व को सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# चंद्र ग्रहण पर नगर ओर देहात के मंदिरों के रहे कपाट बंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** चंद्र ग्रहण पर नगर ओर देहात के मंदिरों के कपाट बंद रहे। शाम को 6.47 पर चंद्रग्रहण पूरा होने के बाद मंदिरों में साफ-सफाई कराकर मूर्तियों को स्नान कराया गया और इसके बाद विशेष पूजन किया गया।

बुधवार को दोपहर 3.20 मिनट पर चंद्र ग्रहण शुरू हुआ। चंद्र ग्रहण से नौ घंटे पहले सूतक लग जाता है। सुबह 6.20 मिनट पर सूतक शुरू होने पर मंदिरों के कपाट बंद कर दिए गए। चंद्र ग्रहण का मध्य शाम 5.03 बजे रहा। शाम को 6.47 बजे चंद्र ग्रहण का सपापन हुआ। उसके बाद मंदिरों में सफाई और मूर्तियो का स्नान कराकर मंदिरों के कपाट खोले गए और मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना कराई गई। बाबा जानकीदास मंदिर के मुख्य पुजारी ज्योतिषाचार्य पंडित राजकुमार शास्त्री ने बताया कि ग्रहण के नौ घंटे पूर्व सूतक काल शुरू हो जाता है, जिसके कारण मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाते है। सूतक और ग्रहण के दौरान मंदिरों मे पूजन करना निषध माना गया है। शाम को ग्रहण कार्यकाल पूरा होने पर मंदिर में मूर्तियों को स्नान कराने के बाद विशेष पूजन और आरती हुई। सोमवार को शाम 5.56 मिनट से मंगलवार की शाम 5.07 मिनट तक पूर्णिमा और इसके बाद प्रतिपदा तिथि का प्रवेश हुआ। प्रतिपदा तिथि मंगलवार शाम को आने और चंद्र ग्रहण के कारण बुधवार को रंगोत्सव का त्योहार मनाया जाएगा।

# त्योहरों को लेकर नगर में निकाला फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में होली व दुल्हडी के पावन त्योहार को लेकर बडौत सीओं अंशु जैन के नेतृत्व में विभिन्न मार्गो पर दिल्ली बस स्टैंड से लेकर मुख्य बाजार तक पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस संबंध में थाना प्रभारी मनोज कुमार चाहलसीओं अंशु जैन ने कहा कि होली पर हुड़दंग मचाने वाले किसी भी उपद्रवियों को बक्सा नहीं जाएगा। होली को दूल्हेडी को लेकर पुलिस प्रशासन ने सभी लोगों से शांति प्रिया तरीके से त्योहार



मनाने का भी निर्देश दिया। कहा कि सभी लोग आपसी भेदभाव बुलाकर होली के इस पावन त्यौहार को हर्ष उल्लास के साथ आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाएं। उन्होंने माहे रमजान होली दूल्हेडी को लेकर नगर में फ्लैग मार्च निकाला।

# एक-दूसरे को गुलाल लगाकर मनाया होली का त्यौहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर से कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष रामहरि पवार के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल गाजियाबाद की सुप्रसिद्ध उद्योग नगरी एवीएस गार्डन में होली मिलन समारोह में शामिल होकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय का स्वागत धूमधाम के साथ होली के गुलाल लगाकर किया गया।

पार्टी कार्यकर्ताओं ने होली मिलन समारोह में भाग लेकर प्रदेश अध्यक्ष का तिलक लगाकर अभिनंदन करते हुए उनका स्वागत किया। बड़े हर्ष उल्लास के साथ होली के रंग बिरंगी खुशियों का त्यौहार एक दूसरे को गुलाल लगाकर मनाया गया। कार्यक्रम में पहुंचे राम हरि पवार की कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पीठ थपथपाई उन्हें निर्देश दिया कि पार्टी को आगे बढ़ने का कार्य करो आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भी मेहनत करने का कार्य करो संगठन को मजबूती के साथ आगे बढ़ाओ इस मौके पर राम हरि पवार के साथ शो केंद्र तोमर सुभाष शर्मा मदन सिंह जितेंद्र सोनू त्यागी देवेंद्र शर्मा ओंकार शर्मा ओमवीर दुहूण आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# गुलाल की खुशबू से महका बाजार, नई नई किस्म की पिचकारियों ने बच्चों को लुभाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** धुलेंडी से एक दिन पहले बाजार पूरी तरह होली के रंगों में रंगा नजर आया। गुलाल की खुशबू से महकते बाजार ने लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। इस वर्ष होलिका दहन और रंगों की होली (धुलेंडी) के बीच एक दिन का अंतर होने से बाजार में विशेष रौनक देखी गई।

इस बार पड़ने वाले पहले चंद्रग्रहण के कारण 2 मार्च को होलिका दहन किया गया, जबकि 4 मार्च को धुलेंडी खेली जाएगी। इसी वजह से 3 मार्च को बाजार में खरीदारी के लिए एक दिन अतिरिक्त मिल गया। बाजार में रंग-बिरंगे गुलाल, आकर्षक पिचकारियां और बच्चों के लिए विशेष होली आइटम उपलब्ध थे। बच्चे, युवा और अन्य लोग बड़ी संख्या में खरीदारी करते दिखे। दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए अपनी दुकानों को सजाया और नई-नई डिज़ाइन की पिचकारियों की प्रदर्शनी लगाई। दुकानदारों से बातचीत में अनित और अर्पित ने बताया कि इस बार बिक्री सामान्य से बेहतर है। एक अतिरिक्त दिन मिलने से व्यापार को लाभ हुआ है। बिक्री के लिए एक दिन और मिल गया। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों से जुड़े आइटम की अधिक मांग का उल्लेख किया। दुकानदार गौतम ने बताया कि वह इस बार डायनासोर पिचकारी, शार्क पिचकारी, त्रिशूल, फरसा और बंदूक वाली पिचकारियां लेकर आए हैं। इन नई और आकर्षक पिचकारियों को देखकर बच्चे उनकी दुकान की ओर खिंचे चले आ रहे हैं। एक अन्य दुकानदार विवेक ने जानकारी दी कि उन्होंने पहली बार रंगों की दुकान लगाई है



और उनका अनुभव काफी सकारात्मक रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों में होली को लेकर खासा उत्साह है, और बाजार की चहल-पहल ने त्योहार के माहौल को और भी जीवंत बना दिया है।

# शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ग्राम सिसाना में शाट सर्किट से एक मकान में आग लग गई। लोगों ने कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं पीडित का लाखों का सामान जलकर खाक हो गया।

मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे कोतवाली बागपत क्षेत्र के ग्राम सिसाना में शॉर्ट सर्किट के कारण जीत के मकान में अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, इस हादसे में पीड़ित परिवार का लाखों रुपये का घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली बागपत पुलिस ने जांच की।

# विधि विधान से हुआ होलिका दहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिले भर में होलिका दहन पूरी श्रद्धा व उत्साह के साथ किया गया। लोगों ने होली का पूजन किया तथा कचौड़ी, रंग, गुलाल आदि चढ़ाया। सारी रात लोग होली की मस्ती में डूबे रहे। घरों में बने पकवान होली में चढ़ाये गये। डीजे पर सारी रात युवाओं की मस्ती का दौर चलता रहा।

जिले में 1141 स्थानों पर विधि विधान के साथ होली का दहन किया गया। इसे लेकर युवाओं की टोलियों में खास उत्साह बना था। सारा दिन वह इसकी तैयारी में लगे रहे। मौहल्लों में घरों से चंदा एकत्र कर होली के लिये लकड़ी उपलों की व्यवस्था की गई। हर कोई अपनी मस्ती में मग्न नजर आ रहा था। होलिका दहन के साथ ही लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की मुबारकबाद दी। उधर होली में गन्ना तथा गेंहू की बाली को जलाया जाना शुभ माना जाता है। शहर में जगह-जगह गन्ने की बिक्री होती रही। जिसे खरीदने के लिये लोगों की भीड़ दिखाई थी। सबसे पहले कन्याओं ने होली दहन वाले स्थान पर गोबर तथा मिट्टी का लेप किया। इसके बाद लकड़ी तथा उपलों से होली सजाई गई। रात्रि में होली का दहन किया गया। होली दहन के साथ ही बोल होलका भवानी की जय के उदघोष गूंजते रहे। लोगों ने इस पल को अपनी मोबाइल में भी कैद किया। होलिका दहन से पूर्व होली में घरों मे बने पकवान आदि सभी चढ़ाये गये। हर कोई होली के रंग में रंगा नजर आ रहा था। सारी रात युवाओं की टोली ने डीजे पर डांस का मजा लिया। बड़ों के साथ बच्चों ने भी होली की मस्ती में जमकर अठखेलियां की। लोगों के बीच होली के पर्व को लेकर काफी उत्साह रहता है। आज रंगों की होली है। इसे लेकर हर तरफ उत्साह दिखाई दे रहा है।

# होली पर आज होगी रंगों की बौछार

**अमरोहा।** आज होली पर रंगों की बौछार होगी। रंगों की मस्ती में सराबोर होने के लिए लोगों ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। मंगलवार को पूजन कर लोग रात को होलिका दहन करेंगे। जिले में 1141 स्थानों पर होलिका दहन होगा। पुलिस होली में खलल डालने वाले शरारती तत्वों पर नजर बनाए हुए है। सुरक्षा के लिहाज से शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस तैनात रहेगी। मंगलवार को भी होली की खरीदारी को लेकर बाजारों में भीड़ रही। कोट,बड़ा बाजार,बिजनौर रोड लकड़ा चौराहा पर लगी दुकानों से लोगों ने रंग व पिचकारी की खूब खरीदारी की।

# चन्द्रगहण के चलते आज होगा मुख्य रंग पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** चन्द्रहण के चलते होली का पर्व यूं तो बुधवार को मनाया जाएगा लेकिन फिर भी कई स्थानों पर लोगों ने मंगलवार को भी होली खेली। वहीं होलिका दहन भी अलग अलग स्थानों पर अलग अलग समय पर रहा। वहीं बाजारों में रंग-गुलाल व पिचकारी की दुकानों पर भी खूब भीड़ देखने को मिली। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस मुस्तैद रही।

बता दें कि इस बार चन्द्र ग्रहण के चलते होली का पूजन दो मार्च को जबकि होली का रंग चार मार्च को है।



हालांकि हर बार पूजन के अगले दिन होली का रंग पर्व मनाया जाता रहा है, लेकिन इस बार चन्द्रग्रहण के चलते तिथि में परिवर्तन हुआ, हालांकि मंगलवार को भी कुछ स्थानों पर, गैर सरकारी कार्यालयों, औद्योगिक इकाईयों आदि में लोगों ने होली खेली मगर बुधवार को ही होली के पर्व की धूम मचेगी। वहीं मंगलवार को रंग-गुलाल, स्प्रे और पिचकारी की दुकानों पर खूब भीड़ उमड़ी। बच्चों ने राफेल, ड्रोन, हथौड़ा, गन और अनेकों तरह के डिजाइन वाली पिचकारियां खरीदीं। बाजार में बीस रूपये से लेकर एक हजार रूपये तक पिचकारियां मौजूद रहीं। रंग गुलाल के साथ ही होली मनाने के लिए टीशर्ट और कैप भी खरीदे।

## टी-20 विश्व कप का पहला सेमीफाइनल, इतिहास फिर से लिखना दक्षिण अफ्रीका का लक्ष्य

# प्रोटियाज-कीवियों की भिड़ंत आज




● कोलकाता के ईडन गार्डन में आज शाम 7 बजे दोनों टीमों के बीच भिड़ंत

**कोलकाता, वार्ता।** सेमीफाइनल के तूफान से पहले एक तरह की शांति होती है, और बुधवार को, उस शांति की परीक्षा तब होगी जब दक्षिण अफ्रीका मशहूर ईडन गार्डन्स में टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा।

यह मैच, जो शाम 7:00 बजे शुरू होने वाला है, दो ऐसी टीमों को एक साथ लाता है जो दबाव को समझते हैं, हालांकि बहुत अलग तरीकों से। दक्षिण अफ्रीका के लिए, बिल्ड-अप एक बार फिर एक जानी-पहचानी कहानी - नॉकआउट क्रिकेट के इर्द-गिर्द घूम रहा है। प्रोटियाज ने पूरे टूर्नामेंट में टी-20 क्रिकेट का एक पक्का ब्रांड खेला है, जिसमें टॉप ऑर्डर में डिसिप्लिन्ड फास्ट बॉलिग के साथ सोची-समझी आक्रामकता को मिलाया गया है। उनका अप्रोच लापरवाह होने के बजाय नपा-तुला रहा है, जो मजबूत बुनियादी बातों पर बना है: नई गेंद के साथ साफ प्लान, डेथ ओवरों में डिफेंस की स्पष्टता, और ऐसे बल्लेबाज जो मौकों का पीछा करने के बजाय पारी को गति देते हैं। फिर भी, सेमीफाइनल ऐतिहासिक रूप से स्ट्रक्चर के बारे में कम और संयम के बारे में ज्यादा रहे हैं। इस बीच, न्यूजीलैंड अपने हमेशा की तरह कम कॉन्फिडेंस के साथ आया है। ब्लैक कैप्स ने चुपचाप एक और मजबूत आईसीसी अभियान बनाया है, जिसमें रोल क्लैरिटी और गेम अवेयरनेस पर भरोसा किया गया है। वे हमेशा सबसे शानदार टीम नहीं होते, लेकिन वे शायद ही कभी घबराते हैं। नॉकआउट मैचों में, यह मिजाज अक्सर अहम बन जाता है। ईडन गार्डन्स ऐसे मुक. ाबले के लिए एक सही स्टेज देता है। यह सरफेस पारंपरिक रूप से एक जैसा बाउंस और शॉट्स के लिए वैल्यू देता है, लेकिन यह पावरप्ले में डिसिप्लिन्ड सीम बॉलिंग को भी इनाम देता है। शाम को बाद में ओस की भूमिका होने की संभावना है, इसलिए टॉस टैक्टिक्स पर असर डाल सकता है, खासकर बॉल के साथ आखिरी पांच ओवर को मैनेज करने में। क्रिकेट के नजिरए से, सेमीफाइनल छोटे-छोटे हिस्सों में एगजिक्यूशन पर निर्भर कर सकता है - शुरुआती छह ओवर कैसे खेले जाते हैं, बीच के ओवरों को कितनी अच्छी तरह कंट्रोल किया जाता है, और अगर हालात बदलते हैं तो कौन सी टीम तेजी से एडजस्ट करती है। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज ज्यादा स्विंग के पीछे भागने के बजाय हार्ड लेंथ पर हिट करने और गलतियां करवाने पर ध्यान देंगे। बदले में, उनके बैट्समैन हाइलाइट-रील स्ट्रोक्स के पीछे भागने के बजाय प्लेटफॉर्म बनाने का लक्ष्य रखेंगे। जरूरी बात यह होगी कि इमोशनल बैलेंस बनाए रखें, गेम से आगे न बढ़ें, मौके पर रिएक्ट न करें। न्यूजीलैंड की ताकत उनकी क्लैरिटी में है। वे शायद ही कभी प्रोसेस से भटकते हैं। उनके बैट्समैन प्रेशर में स्ट्राइक रोटेट करने में माहिर हैं।

# एयरस्पेस संकट के कारण वेस्टइंडीज की रवानगी में देरी हुई

**कोलकाता, वार्ता।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने कन्फर्म किया है कि टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर होने के बाद, वेस्टइंडीज की सीनियर मेन्स टीम की भारत से रवानगी में इंटरनेशनल एयरस्पेस पाबंदियों के कारण देरी हुई है। सोमवार को जारी एक बयान में, सीडब्ल्यूआई ने कहा कि ए पाबंदियां खाड़ी क्षेत्र में मिलिट्री कार्रवाई से पैदा हुए सुरक्षा खतरों की वजह से हैं, जिससे कई इंटरनेशनल फ्लाइट रूट बाधित हुए हैं और एयरलाइंस को सुरक्षा कारणों से अपनी तय सेवाओं में बदलाव करने पड़े हैं। सीडब्ल्यूआई ने आगे कहा कि वह टीम और सपोर्ट स्टाफ के लिए जल्द से जल्द सुरक्षित यात्रा का इंतजाम करने के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी), संबंधित सरकारी अधिकारियों और एयरलाइन पार्टनर्स के साथ मिलकर काम कर रहा है। बयान में कहा गया कि हमारे खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों की सुरक्षा और भलाई हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। सीडब्ल्यूआई ने कन्फर्म किया कि टीम अभी भारत में है और सुरक्षित है, साथ ही कहा कि वह स्थिति पर नजर रख रहा है और यात्रा के बदले हुए इंतजामों को फाइनल करने के बाद आगे अपडेट जारी करेगा। सीडब्ल्यूआई ने इस रुकावट के दौरान फैंस, परिवारों और स्टेकहोल्डर्स की समझदारी और चिंता की भी तारीफ की।

## वर्ल्ड कप में ट्रैवल में रुकावट के बाद जिम्बाब्वे टीम सुरक्षित

**नई दिल्ली, वार्ता।** जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) ने कन्फर्म किया है कि टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में अपने कैंपेन के बाद जिम्बाब्वे की सीनियर मेन्स टीम भारत में सुरक्षित है, ट्रैवल में रुकावटों की वजह से उनके घर लौटने में देरी हुई। सोमवार को एक बयान में, जिम्बाब्वे क्रिकेट ने कहा कि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने इमरजेंसी उपाय शुरू कर दिए हैं और टीम के लिए दूसरे ट्रैवल इंतजाम करने के लिए इंटरनेशनल एयरलाइन्स के साथ काम कर रही है। जेडसी ने आगे कहा कि वह आईसीसी और भारत में टीम मैनेजमेंट के साथ लगातार बातचीत में है ताकि यह पक्का हो सके कि खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ जल्द से जल्द और सुरक्षित घर लौटें। बयान में कहा गया कि बदले हुए ट्रैवल प्लान फाइनल होने के बाद और अपडेट की उम्मीद है। जिम्बाब्वे ने टूर्नामेंट का अपना आखिरी मैच रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला। टीम को दिल्ली से दुबई और आगे हरारे के लिए एमिरेट्स फ्लाइट्स से वापस जाना था, लेकिन मिडिल ईस्ट में बदलते हालात की वजह से उनके ट्रैवल प्लान पर असर पड़ा है, जिससे जरूरी ट्रांजिट रूट्स में रुकावट आई है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रवि शास्त्री, पोंटिंग ने अभिषेक शर्मा पर भरोसा जताया

**मुंबई, वार्ता।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में खराब प्रदर्शन के बावजूद, रवि शास्त्री और रिकी पोंटिंग दोनों ने अभिषेक शर्मा का साथ दिया है और कहा है कि ओपनर सबसे जरूरी समय पर अच्छा प्रदर्शन करेगा। द आईसीसी रिव्यू पर बात करते हुए, शास्त्री ने जोर देकर कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में उनकी जगह के बारे में कोई भी फैसला सबसे पहले बाएं हाथ के बैटर के मेंटल स्पेस पर आधारित होना चाहिए। भारत के पूर्व हेड कोच ने कहा कि जब तक टीम मैनेजमेंट को यह एहसास नहीं हो जाता कि, मेंटली वह वहां नहीं है। अगर मेंटली, उसकी सोच पर असर पड़ा है, तो यह उन्हें बाहर से, उससे बातचीत में, बस नेट्स में उसकी बैटिंग को देखकर ही जज करना है।

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम लॉरियस वर्ल्ड टीम ऑफ़ द ईयर अवॉर्ड को शॉर्टलिस्ट

**नई दिल्ली, वार्ता।** बोर्ड ऑफ़ कंट्रोल फ़ॉर क्रिकेट इन इंडिया (बीसीसीआई) को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम को मशहूर लॉरियस वर्ल्ड टीम ऑफ़ द ईयर अवॉर्ड के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। पहली बार 2000 में हुए, ये सालाना अवॉर्ड साल की सबसे बड़ी और सबसे प्रेरणा देने वाली खेल उपलब्ब्रियों को सम्मानित करते हैं। यह नॉमिनेशन इंडियन क्रिकेट के लिए एक अहम साल के बाद आया है, जिसमें टीम की 2025 में पहली बार ऐतिहासिक आईसीसी विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप जीत सबसे खास रही, यह एक ऐसा पल था जिसने खेल के इतिहास में उनका नाम दर्ज कर दिया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान, इंडियन टीम ने ज़बरदस्त त्रौर्य और मिलकर हिम्मत दिखाई, और ट्रॉफी उठाने के रास्ते में टॉप रैंक वाली टीमों को हराया।

# टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के नॉकआउट स्टेज के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा की है, जिसके सेमीफाइनल कोलकाता और मुंबई में खेले जाएंगे। 4 मार्च को ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले पहले सेमीफाइनल के लिए, रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ ऑन-फील्ड अंपायर होंगे। इलिगवर्थ ने दो साल पहले अफगानिस्तान के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के टी-20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में भी अंपायरिंग की थी, जबकि व्हार्फ मौजूदा एडिशन में उसी विरोधी टीम पर न्यूजीलैंड की ग्रुप-स्टेज जीत में अंपायर थे। नितिन मेनन थर्ड अंपायर होंगे, रॉड टकर फोर्थ अंपायर और जवागल श्रीनाथ मैच रेफरी होंगे। 5 मार्च को मुंबई में होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में क्रिस गैफनी और अल्लाहुद्दीन पालेकर ऑन फील्ड अंपायर होंगे। गैफनी ने 2024 एडिशन में सेमीफाइनल स्टेज पर जब यही टीमें मिली थीं, तब अंपायरिग की थी, जबकि पालेकर मौजूदा टूर्नामेंट में इंग्लैंड के दो मैचों में और नीदरलैंड्स पर भारत की जीत में अंपायर रहे हैं। उन्हें थर्ड अंपायर के तौर पर एड्रियन होल्डस्टॉक, फोर्थ अंपायर के तौर पर पॉल रीफेल और मैच रेफरी के तौर पर एंडी पाइक्रॉफ्ट सपोर्ट करेंगे।

# अलाना किंग, स्मृति मंधाना वनडे रैंकिंग में टॉप पर






● अलाना किंग 775 रेटिंग पाइंटस के साथ चार साल के नंबर-1 वन पर कायम सोफी का राज खत्म किया

● स्मृति मंधाना ने 790 पाइंटस के साथ इस हफ्ते लॉरा वोल्वार्ट को पीछे छोड़कर नंबर-1 जगह हासिल की

**दुबई, वार्ता।** मंगलवार को जारी लेटेस्ट अपडेट में, अलाना किंग और स्मृति मंधाना आईसीसी महिला वनडे बॉलिग और बैटिग रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गई हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी ) की वेबसाइट के मुताबिक, किंग (775 रेटिग पॉइंट्स) ने एक शानदार हफ्ते में 16-71 की एवरेज से सात विकेट लेकर सोफी एक्लेस्टोन के लगभग चार साल के नंबर 1 पर राज को खत्म कर दिया। तीसरे वनडे में उनके 4/33 के शानदार स्पेल ने ऑस्ट्रेलिया को 185 रन से जीत दिलाने में मदद की और उन्हें करियर की बेस्ट रेटिंग और पहली बार नंबर 1 रैंकिंग पर पहुंचाया।

किंग के साथ टॉप आठ में चार ऑस्ट्रेलियाई बॉलर शामिल हैं: एश्ले गार्डनर (तीसरे), एनाबेल सदरलैंड (पांचवें), मेगन शट्ट (सातवें), और किम गार्थ (आठवें)। मंधाना (790) ने इस हफ्ते 58 और 31 रन बनाकर बैटिंग रैंकिंग में लॉरा वोल्वार्ट को पीछे छोड़कर नंबर 1 जगह हासिल कर ली। वोल्वार्ट के पास न्यूजीलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की आने वाली वनडे सीरीज के दौरान टॉप पोजीशन फिर से हासिल करने का मौका होगा। ऑस्ट्रेलिया, जिसने टी-20 हारने के बाद वापसी करते हुए मल्टी-फॉर्मेट सीरीज का वनडे लेग जीता, उसमें बेथ मूनी, गार्डनर और एलिसा हीली को भी फायदा हुआ।

हीली, जिन्होंने इस फॉर्मेट से रिटायरमेंट की घोषणा करने से पहले अपने आखरिी वनडे में सेंचुरी बनाई थी, मूनी (749) से पीछे और गार्डनर (724) से आगे, चौथे (744) स्थान पर रहीं। गार्डनर (516) वनडे ऑल-राउंडर रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए हुए हैं, जो हेली मैथ्यूज (418) से लगभग 100 पॉइंट आगे हैं। सदरलैंड (408) ऑल-राउंडर लिस्ट में दो पायदान ऊपर चढ़ीं, जबकि युवा जॉर्जिया वोल सीरीज में 54 के एवरेज के बाद बैटिंग रैंकिंग में 23 पायदान ऊपर चढ़कर 34वें नंबर पर आ गईं। 3-0 से सीरीज हारने के बावजूद, इंडिया की कैप्टन हरमनप्रीत कौर (652) 53, 54 और 25 के स्कोर के बाद चार पायदान ऊपर चढ़कर नौवें नंबर पर पहुंच गईं। पाकिस्तान के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की वनडे सीरीज में, सादिया इकबाल बॉलिंग रैंकिंग में पांच पायदान ऊपर चढ़कर 14वें (583) नंबर पर आ गईं, जबकि फातिमा सना ऑल-राउंडर स्टैंडिंग में पांच पायदान ऊपर चढ़कर 15वें (180) नंबर पर आ गईं, और सुने लुस को पीछे छोड़ दिया।

# पीसीबी ने पाक टीम पर लगाया जुर्माना




● बताया गया है कि यह जुर्माना किसी अनुशासनात्मक कारणों से नहीं बल्कि खराब प्रदर्शन के कारण लगाया गया

**इस्लामाबाद, वार्ता।** टी-20 विश्व कप में हिस्सा लेने वाली पाकिस्तान टीम के सभी खिलाड़ियों पर पीसीबी ने खराब प्रदर्शन करने के कारण 50 लाख पाकिस्तानी रुपये (लगभग 16.3 लाख रुपए) का जुर्माना लगाया है। सुपर 8 स्टेज से ही पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो गया था और लगातार चौथी बार वे किसी आईसीसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सके जो पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार हुआ है।

ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला हैं कि ए जुर्माना किसी अनुशासनात्मक कारणों से नहीं लगा है बल्कि खास तौर से खराब प्रदर्शन के कारण ही लगाया गया है। ग्रुप स्टेज में भारत के खिलाफ मैच के बाद ही ए जुर्माना लगा दिया गया था जिसमें टीम को 61 रनों से हार मिली थी। इसके बाद उनसे कहा गया था कि यदि टीम सेमीफाइनल में जाती है तो उनके ऊपर से ए जुर्माना हटा लिया जाएगा। पाकिस्तान ने दूसरे राउंड में पहुंचते ही लगातार तीसरी बार पहले राउंड से ही बाहर होने से खुद को बचा तो लिया, लेकिन सुपर 8 में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला ही मैच बारिश की भेंट चढ़ने से उनकी मुश्किलें बढ़ गईं। इसके बाद उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ हार मिली थी। श्रीलंका के खिलाफ न्यूजीलैंड की शानदार जीत से उनका काम और कठिन कर दिया क्योंकि अब उन्हें अपने आखरिी मैच में श्रीलंका के खिलाफ काफी बड़े अंतर से जीत हासिल करनी थी। हालांकि, श्रीलंका के खिलाफ उनकी जीत का अंतर बेहद कम रहा जिससे उन्हें सुपर 8 से ही बाहर होना पड़ा। पीसीबी ने पहले भी खिलाड़ियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिए हैं, लेकिन हर बार इसे अनुशासनात्मक कारण बताया जाता था। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि पूरे टूर्नामेंट के दौरान टीम के अंदर अनुशासन से जुड़ा कोई मामला नहीं हुआ था और जुर्माना केवल और केवल उनके प्रदर्शन के लिए ही लगाया गया है। इसी वजह से पीसीबी द्वारा लगाया गया जुर्माना बेहद दुर्लभ और संभवतः अभूतपूर्व है। पीसीबी के वर्तमान प्रशासक बड़े टूर्नामेंट्स में टीम के खराब प्रदर्शन को लेकर सजा देने के लिए मशह. ूर हैं। पांच महीने पहले एशिया कप फाइनल में भारत के खिलाफ करीबी हार के बाद पीसीबी ने थोड़े समय के लिए अपने सारे खिलाड़ियों की एनओसी को रद्द कर दिया गया था जो उन्हें विदेशी टी-20 लीग्स में खेलने के लिए जारी किए गए थे। हालांकि, जब कुछ बड़े खिलाड़ी बीबीएल खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया चले गए तो बाकी खिलाड़ियों पर लगी पाबंदी को भी हटा लिया गया था। भले ही पाक टीम में एक ऐसा भी खिलाड़ी शामिल रहा।

## लक्ष्य सेन सात्विक-चिराग ऑल इंग्लैंड में भारत की चुनौती संभालेंगे

**बर्मिंघम, वार्ता।** पीवी सिंधु के बाहर होने के बाद, ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिटन चैंपियनशिप 2026 में भारत की चुनौती की अगुआई लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष डबल्स जोड़ी मंगलवार से बर्मिंघम में करेंगी। सिंधु, जो दुबई के रास्ते टूर्नामेंट के लिए जा रही थीं, मिडिल ईस्ट में बदलते हालात की वजह से रास्ते में ही फंस गईं और बाद में मशहूर बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 इवेंट से हट गईं। ओलंपिक्स डॉट कॉम के मुताबिक, उनकी गैरमौजूदगी में, भारत के महिला सिगल्स कैंपेन की अगुआई उभरती हुई टैलेंट उन्नति हुड्डा करेंगी, जिन्होंने पिछले साल चाइना ओपन में सिंधु को हराया था। साथ ही, मालविका बंसोड़ भी होंगी। पुरुष सिगल्स में, दुनिया के 12वें नंबर के लक्ष्य सेन भारत के टॉप रैंक वाले शटलर के तौर पर उतरेंगे।

## पश्चिम एशिया में तनाव के बीच सिंधु दुबई से सुरक्षित घर लौटीं



● इस बुरे अनुभव के बाद राहत जताते हुए सिंधु ने एक्स पर लिखा कि बेंगलुरु में घर वापस आ गई हूं और सुरक्षित हूं

**बेंगलुरु, वार्ता।** ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने मंगलवार को कन्फर्म किया कि वह बढ़ते रीजनल तनाव के बीच दुबई में फंसी रहने के बाद सुरक्षित बेंगलुरु लौट आई हैं। इस बुरे अनुभव के बाद राहत जताते हुए सिंधु ने ग पर लिखा कि बेंगलुरु में घर वापस आ गई हूं और सुरक्षित हूं।

पिछले कुछ दिन बहुत मुश्किल और अनिश्चित रहे हैं, लेकिन मैं अपने घर वापस आकर सच में शुक्रगुजार हूं। उन्होंने ग्राउंड टीम, दुबई अथॉरिटी, एयरपोर्ट स्टाफ, इमिग्रेशन अधिकारियों और उन सभी लोगों को धन्यवाद दिया जिन्होंने इस परेशानी के दौरान उनकी और उनकी टीम की मदद की। उन्होंने आगे कहा कि हमदर्दी और प्रोफेशनलिज्म शब्दों से कहीं ज्यादा मायने रखता है। अभी के लिए, आराम करने, खुद को रीसेट करने और अगले कदम तय करने का समय है। पहले के पोस्ट में, सिंधु ने दुबई की स्थिति को डरावना बताया था, जिसमें ऊपर से हो रही रुकावटों और ईरान से जुड़े बढ़ते संघर्ष के बीच तेजी से बढ़ते तनाव का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि वह और उनकी टीम कई परिवारों के साथ एयरपोर्ट पर फंसी हुई थीं क्योंकि फ्लाइट्स में रुकावट आई थी। इस स्टार शटलर ने एक टेंशन वाला पल भी याद किया जब एयरपोर्ट एरिया के पास एक धमाका हुआ, जहां वे मौजूद थीं, जिससे उनके कोच को धुएं और मलबे से जल्दी से दूर जाना पड़ा।

# इंडियन वेल्स में अल्काराज के सामने मुश्किल शुरुआती चुनौती



● अल्काराज ने पिछले साल कैलिफोर्निया के डेजर्ट में दिमित्रोव के साथ खेला था


**इंडियन वेल्स, वार्ता।** टॉप सीड कार्लोस अल्काराज बीएनपी परीबा ओपन के अपने शुरुआती मैच में चाहे किसी से भी भिड़ें, स्पेन के इस खिलाड़ी के सामने मुश्किल चुनौती होगी। एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी सीजन के पहले एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट की शुरुआत पूर्व वर्ल्ड नंबर 3 ग्रिगोर दिमित्रोव या उभरते हुए लेफ्टी टेरेंस अटमाने के खिलाफ करेंगे, जिसमें पांच बार के इंडियन वेल्स चैंपियन नोवाक जोकोविच भी ड्रॉ के अपने हिस्से में होंगे। अल्काराज ने पिछले साल कैलिफोर्निया के डेजर्ट में दिमित्रोव के साथ खेला था, जिसमें वह चौथे राउंड में बुल्गारियाई खिलाड़ी से सिर्फ दो गेम हारे थे। लेकिन दिमित्रोव ने इंडियन वेल्स में आराम दिखाया है, 2021 में सेमीफाइनल और 2022 में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचे हैं।

अटमाने पहले क्वालिफाइंग में हिस्सा लेने के बाद इस बार इंडियन वेल्स में अपना मेन ड्रॉ डेब्यू करेंगे। इस फ्रेंच खिलाड़ी ने पिछले साल सिनसिनाटी में सेमीफाइनल तक का शानदार सफर तय किया था और वह एटीपी रैंकिंग में अपने करियर के सबसे अच्छे 52वें नंबर पर हैं। 24 साल के इस खिलाड़ी ने दिमित्रोव के साथ पिछली एटीपी हेड-टू-हेड मीटिग में बराबरी की है, जिसमें पिछले हफ्ते अकापुल्को में सीधे सेटों में जीत भी शामिल है। अटमाने ने कहा कि यह कमाल का है। उम्मीद है कि मेरे दो बहुत अच्छे मैच होंगे। हम पहले वाले ण्पर ध्यान देंगे। यह हमेशा मजेदार होता है। हमने पिछले हफ्ते ग्रिगोर के साथ खेला था, इसलिए हम फिर से खेलेंगे। यह बहुत मजेदार है। हममें से जो भी जीतेगा, वह कार्लिटोस के साथ खेल पाएगा।

## कॉक्स, दीप्ति हंड्रेड ऑक्शन की लॉन्गलिस्ट में शामिल

**लंदन, वार्ता।** द हंड्रेड 2026 के लिए ऑक्शन लॉन्गलिस्ट की घोषणा कर दी गई है, जिसमें 247 पुरुष और 178 महिला खिलाधी शामिल हैं। जॉनी बेयरस्टो, हैरिस राउफ, डेविड मिलर, एडेन मार्करम और जॉर्डन कॉक्स पुरुष लिस्ट के उन 10 मार्की प्लेयर्स में शामिल हैं, जिनकी नीलामी सबसे पहले होगी। नादिन डी क्लर्क और दीप्ति शर्मा इसी तरह की महिला मार्की लिस्ट में हैं। 11 और 12 मार्च को होने वाला यह ऑक्शन अलग-अलग फेज में होगा: टॉप 50 प्लेयर्स को फेज 1 में खरीदा जाएगा, जबकि बाकी प्लेयर्स फेज 2 और 3 में शामिल होंगे। कई इंटरनेशनल स्टार्स पर नजर रहेगी, जिनमें 2026 टी 20 वर्ल्ड कप में शामिल टॉप प्लेयर्स भी शामिल हैं, जो अब अपने आखिरी स्टेज में है। विदेशी प्लेयर्स में, ऑस्ट्रेलिया से 19, अफ्रीका से 18, पाक से 14, न्यूजीलैंड से 13, अफगानिस्तान से सात खिलाड़ी है।

# बहुत रोमांचक होगा भारत-इंग्लैंड मैच : गावस्कर



● कहा : दोनों टीमों के पास फिनिशर हैं, दोनों टीमों की बॉलिंग में वैरायटी है व दोनों टीमों को टी-20 क्रिकेट का काफी एक्सपीरियंस है

**मुम्बई, वार्ता।** पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर को लगता है कि भारत और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल बहुत रोमांचक मुकाबला होगा, ठीक वैसे ही जैसे रविवार को ईडन में भारत और वेस्ट इंडीज के बीच सुपर आठ मैच में हुआ था। गावस्कर ने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक और जबरदस्त गेम होने वाला है, ठीक वैसे ही जैसे वेस्ट इंडीज के खिलाफ इस तरह का क्वार्टर-फाइनल था, क्योंकि दोनों टीमें बहुत अच्छी तरह से मैच करती हैं।

उनके पास बैटिग है। उनके पास बॉलिंग है। उनके पास मिडिल ऑर्डर है। उनके पास, आप जानते हैं, फिनिशर है। दोनों टीमों के पास फिनिशर हैं। दोनों टीमों की बॉलिग में वैरायटी है। दोनों टीमों को टी-20 क्रिकेट का भी काफी एक्सपीरियंस है। इंग्लैंड के पास कुछ ऐसे प्लेयर्स हैं जो आईपीएल में खेल चुके हैं, इसलिए जो इंडियन कंडीशंस से परिचित हैं, जो खेलने के प्रेशर से परिचित हैं। यह एक जबरदस्त गेम होने वाला है। और जैसे कल कोलकाता में हुआ, मुझे लगता है कि यह भी शायद 40वें ओवर तक जाएगा। भारत ने भले ही 2011 में वानखेड़े में वर्ल्ड कप फाइनल जीता हो, लेकिन 1987 और 2016 में इस वेन्यू पर कुछ सेमीफाइनल हार गया। लेकिन गावस्कर को लगा कि अब स्क्रिप्ट बदलने का समय आ गया है। खैर, उस दिन, मेरा मतलब है, कल भी किसी ने कहा था कि, आप जानते हैं, वेस्ट इंडीज ने ईडन गार्डन्स में कभी कोई नॉकआउट गेम नहीं हारा था। लेकिन कल यह बात टूट गई। तो यह एक नया दौर है, एक नई टीम है। तो, हां, मुझे लगता है कि इंडिया को वानखेड़े में सेमीफाइनल का सबसे अच्छा अनुभव नहीं मिला है। लेकिन मुझे विश्वास है कि उनमें आगे बढ़ने की काबिलियत है कि गावस्कर ने चैंप्स फाउंडेशन के बारे में अवेयरनेस फैलाने के लिए डीपी वर्ल्ड सेलिब्रिटी गोल्फ इवेंट से पहले कुछ खास मीडिया से बात. चीत के दौरान कहा। मुंबई में 6 मार्च को होने वाले इस इवेंट में कई क्रिकेटर और कमेंटेटर हिस्सा लेंगे। गावस्कर ने अभिषेक शर्मा को भी एक सलाह दी, जो वर्ल्ड कप में स्ट्रगल कर रहे हैं। उन्होंने कहा,ष्मेरी सलाह यह होगी कि हमेशा चौथे गियर में बैटिंग करने की कोशिश न करें। शायद, आप जानते हैं, जैसे-जैसे आप सेट होते जाएं, गियर बढ़ाने की कोशिश करें। हां, आप पावरप्ले का फायदा उठाना चाहते हैं, जहां 30-मीटर सर्कल के बाहर सिर्फ दो फील्डर होते हैं। आप निश्चित रूप से इसका फायदा उठाना चाहते हैं। अपनी ताकत के हिंसाब से खेलें। लेकिन हमेशा चौथे गियर में बैटिंग करने की कोशिश न करें। इंडियन टीम ने स्पिन के सामने कभी-कभार ही कमजोरी दिखाई है, लेकिन क्रिकेटर से कमेंटेटर बने इस खिलाड़ी को ऐसा नहीं लगता। स्पिन के सामने अपनी कमजोरी के बारे में उन्होंने कहा कि नहीं, सच में नहीं। मुझे लगता है कि गेम का यह फॉर्मेट वह है जहां आप अपनी रफ्तार बढ़ाने की कोशिश करते हैं। और जब स्पिनर आते हैं, तो आप ज्यादातर बाउंड्री के बजाय ज्यादा से ज्यादा मैक्सिमम रन बनाने की सोचते हैं।

**रमजान मुबारक**



**पंद्रहवां रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.19 |
| | शिया | 5.10 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.22 |
| | शिया | 6.36 |

**मोमिन को शुक्र-सब्र और यकीन पर कायम रहना चाहिए।जो अल्लाह ने दिया है उस पर अल्लाह का शुक्र अदा करना चाहिए।हो सकता है बहुत से लोग उससे महरूम हों।जो नहीं है उस सब्र करना चाहिए कि इसमें भी अल्लाह की कुछ बहतराई हो सकती है।**

**कुरआन करीम**

# आईएमए व मेयर डा.अजय के आवास पर हंसी ठिठौली संग खेली होली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय चिकित्सा संघ सहारनपुर शाखा व मेयर डा. अजय सिंह के आवास पर आयोजित होली मिलन समारोह में हंसी ठिठौली के बीच फूलों से होली खेली गई।

आईएमए अध्यक्ष डॉ. प्रवीण शर्मा ने कहा कि हम कल्चरल सेक्रेटरी डॉ. दीपशिखा खन्ना और उनकी टीम डॉ. पंकज खन्ना, डॉ. महेश ग्रोवर, डॉ. संदीप गर्ग, डॉ. प्रशांत खन्ना, डॉ. रेणु शर्मा, डॉ. वंदना वर्मा, डॉ. साक्षी मलिक और डॉ. नीलम गर्ग के प्रयासों की सराहना करते हैं, जिन्होंने डेकोरेशन, स्वादिष्ट खाने और कल्चरल एक्टिविटीज के साथ एक यादगार शाम बनाने के लिए बहुत मेहनत की।

समारोह में मेयर डॉ. अजय सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने समारोह में चार चांद लगा दिए। उड़ान ग्रुप के बच्चों ने अपने नृत्य से सबका मन मोह लिया। एंकर्स



की बेहतरीन एंकरिंग और विभिन्न आर्टिस्ट्स की प्रस्तुतियों ने समारोह को और भी रोमांचक बना दिया। प्ड। सदस्यों ने स्विमिंग पूल में डांस पार्टी करके माहौल और खुशनुमा बना दिया। सचिव डॉ नीरज आर्या और कोषाध्यक्ष डॉ अनुपम मलिक सभी प्रतिभागियों और सदस्यों को धन्यवाद दिया।

वहीं महापौर डॉक्टर अजय कुमार के निवास पर आयोजित होली मिलन समारोह में नगर विधायक राजीव गुंबर, विधायक देवेंद्र निम, विधायक किरत सिंह, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा व प्रदीप चौधरी, निवर्तमान महापौर संजीव वालिया, पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, पूर्व विधायक वीरेंद्र ठाकुर, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, पूर्व अध्यक्ष राकेश जैन, हेमंत अरोड़ा व अमित गगनेजा, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, डिप्टी चेयरमैन मयंक अरोड़ा, विभाग प्रचारक आशुतोष जी, विभाग कार्यवाह अरविंद त्यागी के अलावा शहर के अनेक गणमान्य राजनेता, चिकित्सक, व्यापारी और पार्षदगण तथा शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कार ट्रैक्टर की भिड़ंत मे दो घायल

नागल । थाना क्षेत्र के गांव बसेड़ा के निकट गलत दिशा से आ रही गन्ने से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली की कार के साथ भिड़ंत हो जाने से दोनों वाहनों के चालक घायल हो गये ।

मिली जानकारी के मुताबिक विक्रम पुत्र लोटन वर्मा निवासी कैनाल रोड देहरादून अपनी स्विफ्ट कार संख्या क्स9ब।। 9897 में सवार होकर दिल्ली से स्टेट हाईवे से होते हुए देहरादून जा रहा था। दोपहर करीब एक बजे जैसे ही वह गांव बसेड़ा के निकट पहुंचा तो गलत दिशा से गन्ने से भरी आ रही एक ट्रैक्टर ट्राली कार के साथ जा टकराई। जिसमे कार चालक विक्रम व ट्रैक्टर चालक साधारणसिर निवासी सोनू दोनों घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस व स्थानीय राहगीरों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भिजवाया।

# छुटमलपुर में चोरों का आतंक, चौकी इंचार्ज की सुस्ती से ग्रामीण त्राहिमाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** कस्बे और आसपास के इलाकों में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा चोर दिन रात बेखौफ होकर लोगों को लूट रहे हैं जबकि बड़कला चौकी इंचार्ज नाकाम साबित हो रहे है ग्रामीणों का आरोप है कि चौकी इंचार्ज मशकूर त्यागी की सुस्ती और लापरवाही के कारण अपराधी खुलेआम वारदातें अंजाम दे रहे हैं

पिछले कुछ दिनों में दर्जनों चोरियां हुई सोमवार रात फतेहपुर कलसिया रोड पर हसीब के घर से खूंटे से बंधी गाय चुरा ली गई उसी रात सहारनपुर रोड पर नईम अहमद के गोदाम से फ्रिज के 7 कंप्रेसर, एल्युमिनियम गेट, एंगल बैटरी आदि कीमती सामान दीवार तोड़कर ले गए नानका रकबा में शक्ति राणा के ट्यूबवेल से बिजली केबल और कटआउट चोरी कर ले गए।

शनिवार रात हुसैनपुर नवादा में महिपाल के ट्रैक्टर से चोरों ने बैटरी उड़ा दी शुक्रवार को खान मार्केट की दुकानों से सोलर पैनल की केबल चुराई गई हाईवे पर रसूलपुर अड्डे की वेल्डिंग दुकान से शटर फाड़कर वेल्डिंग मशीन और कॉपर सामान ले गए

आर्य नगर कॉलोनी के खेड़ा मंदिर और विश्वकर्मा धर्मशाला स्थित शिव मंदिर से भी हजारों रुपये का सामान चोरी हुआ हरिजन कॉलोनी की नाजरीन और बेहड़ा संदल सिंह निवासी महिला के पर्स काटकर 2700 और 5600 रुपये नकद सहित जेवर चुरा लिए गए इन सभी वारदातों की तहरीर बड़कला चौकी में दी गई, लेकिन चौकी इंचार्ज ने ज्यादातर मामलों में कोई कार्रवाई नहीं की।

जानकारी अनुसार सिर्फ एक वेल्डिंग दुकान की चोरी का केस दिनांक 27/02/2026 को अ.सं. 0091/2026 दर्ज हुआ, बाकी ठंडे बस्ते में पड़े हैं।

चौकी इंचार्ज की गश्त टीम के साथ सिर्फ फोटो खिंचवाने तक सीमित है, जो उच्च अधिकारियों की आंखों में धूल झोंकने का काम करती है विगत रात्री में लगातार दो-दो चोरियां होने के बावजूद कोई सख्त कदम नहीं उठाया जा रहा।

# महिला समेत चार शातिर चोर हत्थे चढ़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने एटीएम में चोरी करने का प्रयास करने वाले एक महिला समेत चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक लाइसेंसी रिवाल्वर, जिंदा कारतूस, एटीएम तोड़ने के उपकरण, दो मोबाइल फोन एवं मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

पुलिस लाईन सभागार में पत्रकारों को जानक.ारी देते हुए एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि थाना सदर बाजार पुलिस प्रभारी निरीक्षक कपिल देव, उपनिरीक्षक अमित कुमार, उपनिरीक्षक विपिन शर्मा व महिला उपनिरीक्षक चंचल कुमारी के नेतृत्व में रात्रि में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने खलासी लाईन में शिवालिक बैंक के पास हिताची एटीएम मशीन को पेंचकश से खोलते हुए एक महिला समेत चार आरोपियों विनीत कुमार नेन पुत्र कृष्णपाल सिंह निवासी मौहल्ला बालाजीपुरम, विकास कुमार पुत्र कृष्णपाल निवासी रामपुरी कालोनी खलासी लाईन, राजेश पुत्र नरेश कुमार निवासी नेहरू नगर बालाजी एकेडमी के पास



खलासी लाईन व तनु पुत्री शेरसिंह निवासी वेद विहार कालोनी नवादा रोड सभी थाना सदर बाजार को गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी श्री बिंदल ने बताया कि दबोचे गए आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि आरोपी राजेश पुत्र नरेश कुमार खलासी लाईन स्थित हिताची एटीएम का कान्ट्रैक्टर है जिसके द्वारा इस एटीएम में पैसा डाला जाता है। विकास व राजेश नवीन नगर स्थित हिताची एटीएम में भी पार्टनर हैं। विनीत कुमार नैन ने बताया कि आरोपी तनु ने मुझे विकास कुमार से मिलवाया था। तनु और विकास कुमार एक दूसरे को पहले से ही जानते थे, जिसने बताया था कि एटीएम तोड़ने पर जितना भी रूपया मिलेगा उसे आपस में बराबर-बराबर बांट लेंगे। वार्ता के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार यादव व एएसपी सिमरन सिंह मौजूद रहे।

# सत्य संयम ने घोषित की प्रदेश कार्यकारिणी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भारतीय राष्ट्रवादी सैनी समाज संगठन भारत की उत्तर प्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष सत्य संयम सैनी ने प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें 40 पदाधिकारियों को स्थान दिया गया।

दिल्ली सहारनपुर हाइवे स्थित विरासत फार्म्स पर भारतीय राष्ट्रवादी सैनी समाज संगठन के प्रदेश कार्यालय पर आयोजित प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में संगठन की प्रदेश कमेटी की घोषणा व होली मिलन समारोह का संयुक्त रूप से आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण सैनी व संचालन संगठन प्रदेश प्रभारी डॉ संजय सैनी ने किया ।संगठन में शिव कुमार सैनी,वरिष्ठ नेता विक्रम सिंह सैनी,राधेश्याम सैनी,मंत्री प्रतिनिधि कृष्णचंद सैनी,विक्रम सैनी एडवोकेट भारतीय किसान यूनियन ( भवानी ) की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमति रितु सैनी, प्रगतिशील सैनी सभा के अध्यक्ष धर्मपाल सैनी एडवोकेट,आर्यश सैनी को संगठन के संरक्षक की जिम्मेदारी प्रदान की गई।प्रधान मेघराज सैनी,हितेंद्र सैनी मुन्ना,नाम.




चीन उद्योगपति राजीव सैनी, डॉ अनिल सैनी,डॉ राजीव सैनी,सचिन कुमार सैनी,जितेन्द्र सैनी,श्रीमती रेखा सैनी को उपाध्यक्ष,अमिनेश सैनी एडवोकेट,कुलदीप प्रधान,वैभव सैनी,रजनीश सैनी,प्रोफेसर भूपेंद्र सैनी को प्रदेश महासचिव,प्रदीप सैनी,मोहित सैनी,धनराज सैनी,हिमांशु सैनी जी प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त किया गया संगठन की केंद्रीय समिति से अमित सैनी, दीप चंद सैनी,संगठन सहप्रभारी,सोम प्रकाश सैनी आदि मौजूद रहे।

संगठन द्वारा सीएचसी प्रभारी डॉ अजीत राठी को चिकित्सा क्षेत्र,डॉ शालू भूर्यान, मनोज कुमार भूर्यान,मनीष सैनी को शिक्षा के क्षेत्र में व रिया सैनी एवं कुछ अन्य प्रतिभाओं को विभिन्न क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करने के लिए सम्मानित किया गया।

## वांछित पकड़ा

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने नाबलिग से दुष्कर्म करने का वांछित आरोपी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

आज वादिया ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया था कि आरोपी नूर मोहम्मद पुत्र मजनूर शाह निवासी ग्राम अंगरपुर बरखेड़ा थाना बठापुर जिला बिजनौर हाल निवासी किराए का मकान मौहल्ला काजीपुरा थाना सदर बाजार ने उसकी नाबा.लिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुक.दमा दर्ज कर आरोपी नूर मोहम्मद पुत्र मजनूरशाह निवासी ग्राम अंगरपुर बरखेड़ा थाना बठापुर जिला बिजनौर हाल निवासी मौहल्ला काजीपुर को गिरफ्तार कर लिया।

# कमिश्नर व डीएम ने दी होली की शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त डॉक्टर रूपेश कुमार ने रंगों के त्योहार होली पर्व पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि आइए हम सभी समरसता, आपसी भाईचारे एवं सद्भाव के साथ आगे बढ़ते हुए राष्ट्र की उन्नति में भागीदार बनें। सुरक्षित होली खेलें, जो होली नहीं खेलना चाहता है उसका सम्मान करते हुए उस पर रंग ना डालें। संभव हो तो हर्बल रंगों का प्रयोग करें। आइए इस होली पर रंग बिरंगे रंगों के साथ प्यार के रंग बिखेर जीवन को सकारात्मकता एवं नई दिशा प्रदान करें।





जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जनपद वासियों को रंगों के पावन पर्व होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आमजन से विनम्र अनुरोध करते हुए कहा कि रंगों के इस त्योहार होली में सभी हर तरफ प्रेम और सौहार्द बांटते हुए, एक जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं। केमिकल युक्त रंग सेहत के लिये हानिकारक होते हैं, इसलिए इनका प्रयोग न करें। रंग के इस पर्व पर अनुशासनहीन, अवांछित गतिविधियों में खुद को शामिल न करें। सामाजिक बुराइयों, कुरीतियों, विषमताओं और नकारात्मकता को त्याग कर नई सोच, आचरण और उमंग के साथ होली मनाएं।

## एटीएस एकेडमी में छात्र छात्राओं ने मनाई होली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आईटीएस एकेडमी कम्प्यूटर संस्थान में छात्र छात्राओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली का पर्व मनाया गया।


माधोनगर स्थित संस्थान में होली के अवकाश से पूर्व छात्र-छात्राओं ने हास्य प्रस्तुतियों के साथ होली खेली। संस्थान के सेंटर मैनेजर फरहान अंसारी ने रंगों का महत्व होली मनाने की परंपरा और एक दूसरे को रंग लगाने का सामा.जिक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सदैव अच्छे कार्य करने के साथ ही जरूरतमंदों की मदद जरूर करें।

इस मौके पर शुभम, वंश, करण, भनू, निशु, पूनम, आयशा, मुफीद आदि मौजूद रहे।

# एक दिवसीय मेले की तैयारियां पूरी

**सरसावा।** शाहजहांपुर स्थित यमुना तट पर होली पर्व पर परंपरागत रूप से आयोजित होने वाले एक दिवसीय मेले को लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी की जा रही है।

मंगलवार को थाना सरसावा पुलिस द्वारा नदी के गहरे जलस्तर की जगह पर बल्लियां लगवाई गई है।यमुना में पूजा अर्चना एवं स्नान करने आने वाले श्रद्धालु गहरे पानी की ओर न जाए। बता दे कि दो दिन पूर्व एसडीएम सदर सुबोध कुमार एवं सीओ नकुड रुचि गुप्ता ने अटल घाट पर लगने वाले मेला स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर क्षेत्र के ग्राम प्रधानों संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पुलिस चौकी पर बैठक कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था निर्देश दिए थे।मेले में



क्षेत्र सहित हरियाणा व दूर-दराज के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु यमुना तट पर स्नान और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। नदी किनारे जगह जगह लगाए जा रहे नदी की गहरी को लेकर स्लोगन लिखे बोर्ड चप्पे चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर गोताखोर रहेंगे मौजूद। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवेश कुमार शर्मा की मेले में आने वाले श्रद्धालुओं से अपील यमुना के गहरे पानी की ओर न जाए पुलिस द्वारा निर्धारित जगह पर ही पूजा अर्चना एवं स्नान करे सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करे।

## आयुर्वेंदिक चिकित्सा शिविर लगाया

**चिलकाना।** सुल्तानपुर में महर्षि कणाद नवनिर्माण चौरिटेबल ट्रस्ट चको द्वारा सर्वाइकल सहित शरीर के अन्य दर्दों से छुटकारा पाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 110 लोगों का निरीक्षण कर उपचार दिया गया।

सुल्तानपुर में आयोजित शिविर का शुभारंभ महर्षि कणाद गुरुकुल के आचार्य सागर आर्य, वैद्य राकेश सिंधी, वैद्य तेजेंद्र सिंह, प्रधान रामनरेश सैनी ने फीता काटकर किया। आचार्य सागर आर्य ने कहा कि खानपान के कारण हमारे शरीर में विभिन्न प्रकार के गंभीर रोग बढ़ते जा रहे हैं। इनका उपचार एलोपैथी से नहीं हो सकता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्राकृतिक चिकित्सा तथा आयुर्वेद का सहारा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि शरीर के विभिन्न जोडों में होने वाले दर्द एलोपैथी के स्थान पर आयुर्वेद से जल्दी ठीक हो जाते हैं तथा आयुर्वेद का शरीर पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता है। पंजाब के वैद्य राकेश सिंधी तथा वैद्य तेजेंद्र सिंह मरीजों का उपचार कर रहे हैं।






















# मॉडल्स के जरिए प्रस्तुत की देश की संस्कृति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नामदेव पब्लिक स्कूल में "इन्क्रेडिबल इंडिया (देश के रंग, विज्ञान के संग)" थीम पर वार्षिक सांस्कृतिक व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति, वेशभूषा, परंपराओं एवं वैज्ञानिक नवाचारों को सुंदर प्रस्तुतियों और मॉडलों के माध्यम से प्रदर्शित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ रोहित वालिया, डॉ भारती वालिया, अरविंद कपूर, राजेश्वर शर्मा, अरविंद टेबक, पल्लवी अरोड़ा, अतुल मित्तल, दीपक बंसल, वीणा गुप्ता, गगन गर्ग ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। विद्यार्थियों ने भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति, वेशभूषा, परंपराओं एवं वैज्ञानिक नवाचारों को सुंदर प्रस्तुतियों और मॉडलों के माध्यम से प्रदर्शित किया। अभिभावकों व अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। पंजाब



राज्य का प्रतिनिधित्व अरुण सैनी, मो.निका, रितिका, मनमीत, दमनवीर, अवनि, दिव्यांशी, सिमरत, गुरकिरात, एकम, अवनीत, शिवांश, जगमंजोत, रिया आदि विद्यार्थियों ने किया। उन्होंने पंजाब की लोक संस्कृति, भांगड़ा-गिद्धा और पारंपरिक वेशभूषा की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। उत्तर प्रदेश (यू.पी.) का प्रति.निधित्व आराध्या, अर्पहा, आनिया, साध्वी, ओवी, अभिषेक, आरव, आदित्य, अभय, वीर आदि विद्यार्थियों ने किया। इन्होंने प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहर व सांस्कृतिक विशेषताओं को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। विज्ञान भवन में अभय, वंशिका, समृद्धि, अवनि, अविका, इतक्षी, लकी, नैतिक, रिधवी, कार्तिक, अविनाश, रवि आदि विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक मॉडल और नवाचार परियोजनाएं प्रस्तुत कीं, जिन्हें सभी ने सराहा। राजस्थान का प्रतिनिधित्व नंदिनी, इशू, यश, जस्मीन, श्रेया, रमंजीत आदि विद्यार्थियों ने किया। उन्होंने राजस्थान की पारंपरिक कला, लोकनृत्य और संस्कृति को सुंदर ढंग से प्रदर्शित किया।

बिहार राज्य की झलक प्रियंका गुप्ता, संदीप कुमार, अर्णव, कुणाल, इशिका, अक्षरा, अनन्या, वर्णिका, पारस, देव रतन आदि विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की। उन्होंने बिहार की ऐतिहा.सिक विरासत और सांस्कृतिक परंपराओं को प्रभावशाली तरीके से दिखाया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक रवि कुमार ने किया। प्रधानाचार्य रजनी राजपूत, प्रबंधक पंकज राजपूत, वरिष्ठ अध्यापक अरविंद शर्मा गुरूजी ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# आर्थिक उथल-पुथल

भले ही, दुनिया में चौधराहट बनाए रखने और साम्राज्यवादी मंसूबों को पूरा करने के लिए अमेरिका ने इस्राइल के साथ मिलकर ईरान पर युद्ध थोंपा हो, मगर इस युद्ध के दूरगामी घातक परिणाम पूरी दुनिया को झेलने होंगे। इस संघर्ष ने पूरे पश्चिमी एशिया को गहरे संकट में डाल दिया है। तबाही के कगार पर खड़े ईरान ने जिस तरह अपने पड़ोसी देशों के व्यापारिक व औद्योगिक संस्थानों पर ताबड़-तोड़ हमले किए हैं, उससे मध्यपूर्व में बड़ा आर्थिक संकट पैदा हो गया है। लाखों लोगों के रोजगार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। खासकर लाखों भारतीय कामगारों के लिए बड़ा संकट पैदा हो गया है। ईरान की जवाबी कार्रवाई से पश्चिमी एशिया में बढ़ते संकट से, इस क्षेत्र में आर्थिक उथल-पुथल मची हुई है। दुनिया के प्रमुख वैश्विक जहाजरानी मार्गों पर मंडरा रहे खतरे के बीच ऊर्जा बाजार की स्थिति पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। हमलों के कारण कच्चे तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस यानी एलएनजी की ढुलाई पहले ही बाधित हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि होर्मुज वैश्विक तेल आपूर्ति के लगभग पांचवें हिस्से के लिए एक रणनीतिक मार्ग है। लेकिन मौजूदा युद्ध से उपजे हालात में जहाज बीमा कंपनियों ने युद्ध-जोखिम कवरेज वापस ले लिया है। इसके चलते पेट्रोलियम पदार्थों व अन्य उत्पादों की माल ढुलाई लागत बढ़ रही है। युद्ध की विभीषिका के चलते तमाम जहाजों ने अपने मार्ग बदल लिए हैं। कुछ जहाज चलाने वाली कंपनियों ने अपने जहाजों के परिचालन पर रोक लगा दी है। इसका तात्कालिक परिणाम यह है कि कच्चे तेल की कीमतों में काफी उछाल देखा जा रहा है। जिसके चलते ब्रेंट क्रूड की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि देखी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें आने वाले दिनों में विश्व स्तर पर मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ाएंगी। जाहिरा तौर पर विकासशील व गरीब देशों का आर्थिक संकट और गहरा हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर विकासशील देशों की सरकारों के सामने विकास कार्यक्रमों के लिए वित्तीय संसाधन जुटाना अब एक बड़ी चुनौती होगी। वहीं इन देशों में केंद्रीय बैंकों के लिए भी मुद्रास्फीति और विकास के बीच संतुलन बनाए रखना मुश्किल हो जाएगा। दरअसल, हाल के दिनों में पेट्रोलियम और उसके उत्पादों पर निर्भर परिवहन, रसायन और प्लास्टिक उद्योग तक को बढ़ती लागत का सामना करना पड़ रहा है। जाहिर है इससे इन उद्योगों के लाभ में कमी आ सकती है। साथ ही इन उद्योगों में निवेश धीमा हो सकता है। वहीं दूसरी ओर आपूर्ति में देरी से वैश्विक आपूर्ति श्रंखलाओं की समस्याएं और भी बढ़ सकती हैं। यह सर्वविदित है कि आज भी भारत अपनी घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए कच्चे तेल का अस्सी से नब्बे प्रतिशत आयात करता है। इस कच्चे तेल का करीब चालीस फीसदी हिस्सा पश्चिमी एशिया से आता है। मौजूदा विषम परिस्थितियों के बीच होर्मुज जलमार्ग में व्यवधान तथा भू-राजनीतिक जोखिमों में वृद्धि से भारत के तेल आयात बिल के बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। वहीं इसके साथ ही देश का राजकोषीय घाटा भी बढ़ सकता है। यहां तक कि कच्चे तेल के दाम में दस डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि भी आयात लागत को काफी हद तक बढ़ा सकती है। मौजूद संकट के बीच, विशेष रूप से खाड़ी क्षेत्र को निर्यात के लिए बने व्यापार गलियारे आज जटिल परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं।

## सरकार की चुप्पी हैरानी में डालने वाली



इजरायल और अमेरिका के हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने की घटना एक निंदनीय कृत्य है, इस मुद्दे पर मोदी सरकार की चुप्पी हैरानी में डालने वाली है, सरकार का यह मौन तटस्थता नहीं, बल्कि जिम्मेदारी से पीछे हटना है, जिससे भारत की विदेश नीति की दिशा और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं, भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से संप्रभु समानता, अहस्तक्षेप और शांतिपूर्ण समाधान जैसे सिद्धांतों पर आधारित रही है। चुप्पी इन सिद्धांतों के विपरीत प्रतीत होती है, सरकार ने न तो इस हत्या की स्पष्ट निंदा की और न ही ईरान की संप्रभुता के उल्लंघन पर ठोस प्रतिक्रिया दी।

**-श्रीमती सोनिया गांधी, अध्यक्ष, कांग्रेस संसदीय दल**

# प्राइवेट हॉस्पिटल: खर्चा और उससे जुड़े रोगियों के अधिकार

भारत की बड़ी आबादी सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण निजी स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर है। देश में 60 प्रतिशत से अधिक स्वास्थ्य सम्बंधी खर्च रोगियों को खुद वहन करना पड़ता है, जिससे हर साल लाखों लोग गरीबी में धकेल दिए जाते हैं। चिकित्सा प्रतिष्ठान (पंजीयन और विनियमन) अधिनियम, 2010 और इसके तहत 2012 में बने नियम निजी स्वास्थ्य सेवाओं की दरों को नियंत्रित करने का ढांचा प्रदान करते हैं, लेकिन यह अब तक प्रभावी रूप से लागू नहीं हो सका है। 102 डॉक्टरों, स्वास्थ्य पेशेवरों और जनस्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भारत में निजी स्वास्थ्य सेवाओं की लागत को नियंत्रित करने और रोगियों के अधिकारों को लागू करने की मांग की है। फोरम फॉर इक्विटी इन हेल्थ द्वारा समर्थित विशेषज्ञों की इस अपील में स्वास्थ्य सेवाओं की उचित, पारदर्शी और मानकीकृत दरें तय करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है ताकि रोगियों पर आर्थिक बोझ कम किया जा सके। यह अपील जन स्वास्थ्य अभियान द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर एक जनहित याचिका का समर्थन करती है, जिसमें केंद्र सरकार से 2012 के चिकित्सा प्रतिष्ठान अधिनियम के नियम 9 के तहत निजी स्वास्थ्य सेवाओं की दरों को विनियमित करने की मांग की गई है। इस कानूनी बहस में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने मौजूदा नियमों को लागू करने की मांग की है, जिसका व्यावसायिक निजी स्वास्थ्य सेवा समूहों द्वारा कड़ा विरोध किया जा रहा है। कार्रवाई के इस आह्वान से एक कड़वी सच्चाई सामने आती है। सरकारी स्वास्थ्य ढांचे की कमी के कारण देश की बड़ी आबादी को निजी स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर होना पड़ता है। निजी अस्पतालों में अत्यधिक और मनमाने शुल्क के कारण कई परिवार आर्थिक संकट में फंस जाते हैं और गरीबी में धकेल दिए जाते हैं। इस अपील पर हस्ताक्षर करने वाले लोग भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र के विभिन्न तबकों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इनमें प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के डॉक्टर, छोटे निजी क्लीनिक, बड़े कॉर्पोरेट अस्पताल, चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित अस्पताल और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन शामिल हैं। हस्ताक्षरकर्ताओं में युवा पेशेवर, मध्यम अनुभव वाले विशेषज्ञ और दशकों के अनुभव वाले वरिष्ठ विशेषज्ञ शामिल हैं। यह सामूहिक आवाज दर्शाती है कि भारत के निजी स्वास्थ्य क्षेत्र में असमानताओं और विनियमन की कमी को दूर करने के लिए तुरंत कदम उठाने की आवश्यकता है।

**दरों का मानकीकरण**

चिकित्सा प्रतिष्ठान (पंजीयन और विनियमन) अधिनियम, 2010 और इसके तहत 2012 में बने नियम निजी स्वास्थ्य सेवाओं को नियंत्रित करने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करते हैं, लेकिन, दरों के मानकीकरण, न्यूनतम मानकों और पारदर्शिता जैसे प्रमुख पहलू अभी तक पूरी तरह लागू नहीं हो पाए हैं। यह स्थिति निजी अस्पतालों में अधिक शुल्क वसूलने की व्यापक प्रवृत्ति के बावजूद है, जो कोविड महामारी के दौरान उजागर हुई थी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि दरों का मानकीकरण तकनीकी रूप से संभव है और इसे पहले ही सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम CGHS और आयुष्मान भारत.प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना जैसी योजनाओं में सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है। मसलन, CGHS देशभर में 1850 से अधिक चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए समान दरें तय करता है, जिससे लाखों सरकारी कर्मचारी और पेंशनभोगी लाभान्वित होते हैं। इसी तरह, आयुष्मान भारत के तहत 28,000 से अधिक अस्पताल सूचीबद्ध हैं, जो लगभग 2000 प्रक्रियाओं के लिए निश्चित दरों पर इलाज करते हैं। इन योजनाओं और जापान जैसे देशों की समान दर व्यवस्था से प्रेरणा लेते हुए, विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसा ढांचा न सिर्फ संभव है बल्कि मनमाने और अत्यधिक शुल्क से मरीजों को बचाने के लिए आवश्यक भी है।

**अनैतिक प्रथाएं और असमानता**

इस अपील में निजी स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त अनैतिक प्रथाओं, जैसे अधिक शुल्क वसूली, रेफरल के लिए कमीशन और मनमानी बिलिंग की समस्याओं को उजागर किया गया है। ये प्रथाएं रोगियों पर अतिरिक्त बोझ डालती हैं और ईमानदार चिकित्सकों के प्रयासों को कमजोर करती हैं। दरों के मानकीकरण से इन समस्याओं को दूर करके एक अधिक न्यायसंगत और पारदर्शी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। इससे ईमानदार निजी चिकित्सकों को बराबरी से प्रतिस्पर्धा का मौका मिलेगा और रोगियों पर वित्तीय बोझ भी कम होगा। मुख्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए उचित दर सुनिश्चित करके, इस क्षेत्र में अत्यधिक मुनाफाखोरी को रोका जा सकता है और रोगियों और चिकित्सकों के बीच विश्वास को मजबूत किया जा सकता है।

**आगे का रास्ता**

फोरम फॉर इक्विटी इन हेल्थ और अन्य हस्ताक्षरकर्ता निम्नलिखित उपायों का सुझाव देते हैं-



1. रोगियों के अधिकारों का सार्वजनिक रूप से प्रदर्शन और क्रियांवयन- सभी चिकित्सा संस्थानों में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी रोगियों के अधिकारों का चार्टर स्थानीय भाषाओं में सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।
2. पारदर्शी मूल्य निर्धारण- स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को प्रमुख प्रक्रियाओं के लिए दरें अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए, ताकि रोगियों को सोच-समझकर निर्णय लेने में मदद मिल सके।
3. मुख्य प्रक्रियाओं की मानकीकृत लागत- प्रमुख चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए निश्चित दरें होनी चाहिए, ताकि अत्यधिक शुल्क वसूली को रोका जा सके। सुविधाओं या विशेष आवश्यकताओं के लिए लचीलापन रखा जा सकता है।
4. शिकायत निवारण प्रणाली- रोगियों की समस्याओं का तुरंत समाधान करने के लिए प्रभावी तंत्र स्थापित किए जाने चाहिए।
5. छोटे और गैर-मुनाफा संस्थानों का समर्थन- मानकीकरण प्रक्रिया को छोटे क्लीनिक्स, चैरिटेबल अस्पतालों और गैर-मुनाफा संगठनों के सामने आने वाली विशिष्ट चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए लागू किया जाना चाहिए। देश भर के हस्ताक्षरकर्ताओं ने फिर से यह जाहिर किया है कि स्वास्थ्य सेवा को एक सामाजिक कार्य के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि मुनाफा कमाने की वस्तु के रूप में। वे एक मजबूत सरकारी स्वास्थ्य प्रणाली की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हैं जिसे निजी क्षेत्र पर प्रभावी नियम लागू करके बल मिले। यह अपील इस बात पर भी जोर देती है कि स्वास्थ्य का संवैधानिक अधिकार तभी पूरा हो सकता है, जब निरंकुश निजी स्वास्थ्य सेवा प्रथाओं द्वारा उत्पन्न वित्तीय असमानताओं को हल किया जाए।

इस अपील का संदेश स्पष्ट है। स्वास्थ्य सेवा एक मौलिक अधिकार है, न कि कोई विशेषाधिकार। इसे साकार करने के लिए नीति निर्माताओं, न्यायपालिका, और समाज को निजी स्वास्थ्य सेवा लागतों को नियंत्रित करने, रोगियों के अधिकार चार्टर को लागू करने और सरकारी स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए निर्णायक कदम उठाने होंगे। अपील में यह भी कहा गया है समय आ गया है कि हम सरकारी स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत करें, निजी स्वास्थ्य सेवा प्रथाओं को नियंत्रित करें और सुनिश्चित करें कि हर भारतीय को किफायती, समान और नैतिक चिकित्सा सेवा प्राप्त हो। मानकीकृत दरों को लागू करके और मरीजों के अधिकारों की रक्षा करके ही देश एक न्यायपूर्ण, समान और सुलभ स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की ओर बढ़ सकता है।

**-साभार जी.एस. स्रो.फी.**

# वैज्ञानिकों पर आंख बंद कर भरोसा करने का सच!

**साठ प्रतिशत लोगों का मानना है कि सरकारों में उभरते नवाचारों के नियमन की क्षमता का अभाव है। यह भरोसा वैज्ञानिकों के लिए एक अवसर के साथ चुनौती भी है। इस विश्वास के दम पर वैज्ञानिक प्रयास कर सकते हैं कि सरकारी नीतियां प्रमाण आधारित बनें। इसके साथ ही वे सरकारी हस्तक्षेप और नियामक शक्तियों पर लोगों के अविश्वास सम्बंधी चिंताओं को भी संबोधित कर सकते हैं। सवाल यह उठता है कि सार्वजनिक हितों को ध्यान में रखते हुए, नीतियों की दिशा सुनिश्चित करने के लिए वैज्ञानिक सरकारों के साथ कैसे सहयोग कर सकते हैं?**

एक हालिया अध्ययन के अनुसार दुनिया भर के लोगों ने वैज्ञानिकों पर भरोसा व्यक्त किया है, लेकिन वे अनुसंधान में सरकारों के हस्तक्षेप को लेकर चिंतित भी हैं। यह निष्कर्ष वैश्विक संचार संस्थान एडेलमैन द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट ट्रस्ट बैरोमीटर का है जिसके लिए मेक्सिको से लेकर जापान तक 28 देशों के 32,000 से अधिक लोगों का सर्वेक्षण किया गया था। सर्वेक्षण के 74 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने नवाचारों और नई प्रौद्योगिकियों सम्बंधित सही जानकारी प्रदान करने के लिए वैज्ञानिकों पर विश्वास जताया है। इतने ही प्रतिशत लोगों ने चाहा है कि वैज्ञानिक इन नवाचारों को पेश करने में स्वयं आगे आएं। इसके विपरीत, सही जानकारी देने के संदर्भ में लोगों ने पत्रकारों और सरकारी नेताओं पर क्रमश: 47 प्रतिशत और 45 प्रतिशत ही भरोसा जताया है। हालांकि, अध्ययन में 53 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने देश में विज्ञान के राजनीतिकरण की बात कही है, जो राजनेताओं के हस्तक्षेप की ओर इशारा करता है। विश्व स्तर पर 59 प्रतिशत का मानना है कि सरकारें और अनुसंधान वित्तपोषक एजेंसियां वैज्ञानिक प्रयासों पर अत्यधिक प्रभाव डालते हैं। ये आंकड़े भारत में 70 प्रतिशत और चीन में 75 प्रतिशत तक पहुंच गए हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग 60 प्रतिशत लोगों का मानना है कि सरकारों में उभरते नवाचारों के नियमन की क्षमता का अभाव है। यह भरोसा वैज्ञानिकों के लिए एक अवसर के साथ चुनौती भी है। इस विश्वास के दम पर वैज्ञानिक प्रयास कर सकते हैं कि सरकारी नीतियां प्रमाण-आधारित बनें। इसके साथ ही वे सरकारी हस्तक्षेप और नियामक शक्तियों पर लोगों के अविश्वास सम्बंधी चिंताओं को भी संबोधित कर सकते हैं। सवाल यह



उठता है कि सार्वजनिक हितों को ध्यान में रखते हुए, नीतियों की दिशा सुनिश्चित करने के लिए वैज्ञानिक सरकारों के साथ कैसे सहयोग कर सकते हैं? कई विशेषज्ञ इस रिपोर्ट को काफी महत्वपूर्ण बताते हैं जो कोविड-19 महामारी और कृत्रिम बुद्धि के उदय जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए विज्ञान और नवाचार पर वैश्विक फोकस के साथ मेल खाती है।

हालिया समय में दुनियाभर की सरकारें क्लस्टरिंग विश्वविद्यालयों से लेकर उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने और नवीन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता की सुविधा प्रदान करने की विभिन्न रणनीतियों की तलाश कर रही हैं। एक हालिया प्रस्ताव में चिकित्सा विज्ञान में एआई की बड़ी भूमिका की वकालत की गई है लेकिन नियामक सुधारों को भी आवश्यक बताया है। गौरतलब है कि इस पूरे मामले में सामाजिक विज्ञान एक ऐसे उपकरण के रूप में उभरा है जिसका उपयोग नहीं किया गया है। यूके एकेडमी ऑफ सोशल साइंसेज की एक रिपोर्ट में डैटा वैज्ञानिकों, अर्थशास्त्रियों, नैतिकताविदों, कानूनी विद्वानों और समाजशास्त्रियों की विशेषज्ञता की चर्चा करते हुए नीति निर्माण में सामाजिक विज्ञान को जोड़ने पर जोर दिया गया है। इन क्षेत्रों के पेशेवर लोग नई प्रौद्योगिकियों, आर्थिक मॉडलों और नियामक ढांचे की ताकत और सीमाओं का आकलन कर सकते हैं और उनमें निहित अनिश्चितताओं को भी संबोधित कर सकते हैं।

यदि लोगों को लगता है कि विज्ञान का राजनीतिकरण हो चुका है और सरकारें बहुत अधिक हस्तक्षेप कर रही हैं, तो यह सिर्फ विज्ञान के लिए नहीं बल्कि समाज के लिए भी समस्या है क्योंकि इससे लोगों के इस विश्वास में कमी आ सकती है कि सरकारें इन नवाचारों के लाभ उन तक पहुंचाएंगी और संभावित नुकसानों से बचाएंगी। ऐसे में वैज्ञानिकों को नवाचार के बारे में विश्वसनीय स्रोत बनने के अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

**-स्रोत फीचर्स**

# शादी से इतना डर क्यों, क्या वाकई कुछ कारण डर की वजह हैं!

जब मैं शादी शब्द सुनती हूं तो मेरा दिल तेजी से धड़कने लगता है। ईमानदारी से कहूं तो, मुझे शादी करने से डर लगता है, और मैं जानती हूं कि मैं अकेली नहीं हूं। मेरे आस-पास के कई लोग भी ऐसा ही महसूस करते हैं। हैरानी की बात है कि आजकल यह डर काफी आम हो गया है। शादी एक बहुत बड़ा कदम है, इसलिए इसके बारे में घबराहट होना सामान्य है। लेकिन क्यों? शादी के बारे में सोचते ही हमारा दिल क्यों तेजी से धड़कने लगता है? इस हिचकिचाहट के पीछे कई कारण हैं और हम उन्हें आपके साथ साझा करने के लिए यहां हैं। इंस्टाग्राम पर थेरेपी विद शौर्य पेज से जुड़ी मनोवैज्ञानिक बनिता सिंह ने कहा कि स्थिरता और व्यक्तिगत विकास की तलाश कर रहे लोगों को शादी डरावनी लग सकती है। विशेषज्ञ ने कहा कि ऐसे लोग खुद को खोने, हमेशा के लिए साथ रहने के दबाव या उम्मीद से ज्यादा समझौता करने से डरते हैं। सिंह ने इन मानसिक कारकों के बारे में विस्तार से बात की जो शादी को डरावना बनाते हैं।

**खुद को खोने का डर**

विशेषज्ञ ने कहा कि आजकल लोगों को अपनी आजादी और निजी समय पसंद है। अपनी दिनचर्या, शौक या विचित्रताओं को किसी और के साथ मिलाने का विचार लोगों को ऐसा महसूस कराता है जैसे वे खुद को छोड़ रहे हैं।

**हमेशा के लिए वाला फैक्टर**

विशेषज्ञ ने कहा कि लोगों को हमेशा के लिए शब्द प्यार के वादे से ज्यादा उम्रकैद की सजा जैसा लगता है। क्या होगा अगर आप लंबे समय तक खुश नहीं हैं? खुद को किसी फैसले से बांधने का विचार भारी लग सकता है।

**बहुत ज्यादा समझौता करने का डर**

विशेषज्ञ ने कहा कि लोगों को डर है कि शादी के बाद उन्हें जरूरत से ज्यादा समझौता करना पड़ सकता है। विशेषज्ञ ने कहा कि ऐसे लोगों के लिए हमेशा एडजस्ट करने वाले व्यक्ति होने का डर अनुचित और डरावना लग सकता है।

**एक्सपर्ट ने शादी के लिए उत्सुक होने का कारण भी बताया**

बनिता सिंह ने बताया कि शादी त्याग के बारे में नहीं है, बल्कि एक ऐसा साथी खोजने के बारे में है जो आपके सपनों का समर्थन करता है, आपका सर्वश्रेष्ठ सामने लाता है, और जीवन के उतार-चढ़ाव में आपका साथ देता है। उन्होंने कहा कि प्यार, विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित, शादी एक खूबसूरत यात्रा बन सकती है, जहां दोनों साथी एक साथ मजबूत होते हैं।

**छोटी-छोटी बातों में छिपा है एक खुशहाल रिश्ते का राज**

हर कपल एक भावुक और अंतरंग रिश्ता बनाने का सपना देखता है। लेकिन कई लोगों के लिए, यह सिर्फ एक सपना ही रह जाता है, न ज्यादा, न कम। हो सकता है कि आप इस सपने को हकीकत में बदलने की पूरी कोशिश कर रहे हों। आप बहुत प्रयास कर रहे हों, अपनी पूरी ऊर्जा लगा रहे हों, फिर भी परिणाम निराशाजनक हों।

ऐसा क्यों होता है? विशेषज्ञों का कहना है कि समस्या यह है कि लोग अक्सर बडे इशारों पर ध्यान केंद्रित करते हैं और उन छोटी चीजों को भूल जाते हैं जो वास्तव में मायने रखती हैं। उदाहरण के लिए, कुछ लोग अपने साथी को प्रभावित करने और रोमांटिक मूड बनाने के लिए महंगे उपहारों पर बहुत पैसा खर्च करते हैं। जबकि उपहार अच्छे होते हैं, वे अंतरंगता बनाने का एकमात्र तरीका नहीं हैं। बहुत से लोग यह नहीं समझते हैं कि अंतरंगता सरल क्षणों से बढती है, साथ बैठना, खुलकर बात करना, वास्तव में सुनना और स्पर्श के माध्यम से स्नेह दिखाना। जुडाव के ए छोटे-छोटे कार्य इच्छा को जगा सकते हैं और आपको किसी भी बडे इशारे से कहीं ज्यादा अपने साथी के करीब ला सकते हैं।


**एक्सपर्ट ने क्या कहा?**

मैरिज कोच अमांडा ट्विग्स जोन्स इस बात पर जोर दिया कि बडे झगडे आमतौर पर रिश्ते में अंतरंगता को नष्ट नहीं करते हैं। इसके बजाय, यह छोटे, रोजमर्रा के पल होते हैं जो धीरे-धीरे एक जोडे को अलग कर सकते हैं।

उन्होंने इसे समझाने के लिए एक उदाहरण दिया- कल्पना करें कि आप अपने साथी से जुडने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे अपने फोन पर स्क्रॉल करने में इतने व्यस्त हैं कि आप पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। या, जब आप कोई महत्वपूर्ण बात साझा कर रहे होते हैं, तो वे आपसे वास्तव में जुडने के बजाय एक साधारण ष्हम्म्ष कहकर जवाब देते हैं। ए छोटी-छोटी हरकतें, जब समय के साथ दोहराई जाती हैं, तो भावनात्मक दूरी पैदा कर सकती हैं और आपको अनसुना और महत्वहीन महसूस करा सकती हैं। यह बडी बहस नहीं है, बल्कि अलगाव के ए छोटे, अनदेखे पल हैं जो रिश्ते को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**छोटे-छोटे पलों से अपने रिश्ते को बदलें**

विशेषज्ञ ने जोड़ों को सलाह दी कि वे अपना ध्यान भव्य रोमांटिक इशारों से हटाकर छोटे-छोटे, रोजमर्रा के पलों पर लगाएं। ऐसा करके, जोड़े सांसारिक चीजों को शानदार बना सकते हैं और एक गहरे, ज्यादा सार्थक संबंध को बढावा दे सकते हैं। तो, आप छोटे-छोटे पलों की शक्ति का कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं? विशेषज्ञ ने सुझाव दिया कि पल में मौजूद रहें, फोन जैसी चीजों को दूर रखें और अपने साथी पर



ध्यान केंद्रित करें। अपने साथी को दिखाएं कि आप उनके विचारों, भावनाओं और अनुभवों में रुचि रखते हैं और उनमें दिलचस्पी रखते हैं। आंख से आंख मिलाएं, सकारात्मक बॉडी लैंग्वेज का इस्तेमाल करें और अपने साथी के जीवन के लिए उत्साह दिखाएं।

**अपने रिश्ते को हमेशा के लिए बदल दें**

एक्सपर्ट ने बताया कि जो जोडे अपने रिश्तों को बदलते हैं, वे समझते हैं कि हर छोटा-सा पल मायने रखता है। वे पहचानते हैं कि हर क्षणभंगुर बातचीत उनके संबंध को बनाने या तोडने का एक मौका है, और इन पलों का संचय पूरे रिश्ते को आकार देता है।

इसके अलावा, वे स्वीकार करते हैं कि इन पलों पर उनके साथी की प्रतिक्रिया का गहरा प्रभाव पडता है, या तो उनके बंधन को मजबूत करता है या उन्हें अलग कर देता है। सबसे महत्वपूर्ण बात, वे समझते हैं कि एक-दूसरे की जरूरतों को सुनना और पूरा करना गैर-परक्राम्य है, यह एक दो-तरफा रास्ता है जिसके लिए दोनों भागीदारों से प्रयास, सहानुभूति और प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है।

